राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 313 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 31 अगस्त 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया



किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

## ‘इंडिया’ गठबंधन से कौन होगा पीएम उम्मीदवार?



**नई दिल्ली.** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में सत्ताधारी बीजेपी नीत एनडीए गठबंधन को टक्कर देने के लिए विपक्षी दलों के गठबंधन ‘इंडिया’ के गठन के बाद से ही एक सवाल उठने लगा कि इस मोर्चे की तरफ से प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा? प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व को विपक्षी गठबंधन इंडिया का कौन सा नेता टक्कर दे सकता है? वहीं इस बीच मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक से पहले प्रधानमंत्री पद के लिए नाम उछाले जाने लगे हैं, जहां आम आदमी पार्टी अपने नेता अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव तो वहीं शिवसेना (यूबीटी) गुट ने उद्धव ठाकरे को पीएम का चेहरा बताया है.

### ‘अरविंद केजरीवाल बने पीएम पद के उम्मीदवार’

विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर चर्चा आम आदमी पार्टी की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के बयान से शुरू हुई, जिसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल को पीएम पद का उम्मीदवार बनाए जाने की बात कहीं. अअढ प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, ‘अगर आप मुझसे पूछें तो मैं चाहूंगी कि अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनें. इतनी कमरतोड़ महंगाई में भी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे कम महंगाई है. यहां मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा है. मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा – फिर भी सरप्लस बजट पेश किया गया है. वह लोगों के मुद्दों को उठाते हैं और एक चुनौती के रूप में उभरते हैं...’

### सपा प्रवक्ता ने अखिलेश यादव को बताया पीएम पद का चेहरा

आप की प्रवक्ता कक्कड़ के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी की प्रवक्ता जूही सिंह ने पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव को पीएम पद का चेहरा बताया. लखनऊ में समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा, ‘प्रियंका कक्कड़ अरविंद केजरीवाल के लिए ऐसा कह सकती हैं और समाजवादी पार्टी की सदस्य के रूप में मैं कहूंगी कि अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री का चेहरा बनना चाहिए. पीएम पद पर निर्णय इंडिया गठबंधन के नेता लेंगे. बाकी हमारे पास उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी है, जिसे हम भारत गठबंधन की मदद से निभाएंगे.’

### शिवसेना सांसद बोलीं- ‘यही है इंडिया और एनडीए में अंतर’

वहीं इस पर जब शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी से बात की गई तो उन्होंने पीएम पद के लिए उद्धव ठाकरे का नाम आगे बढ़ा दिया. प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, ‘क्यो नहीं, अगर प्रियंका ककड़ अरविद केजरीवाल का नाम दे सकती हैं तो मैं उद्धव ठाकरे का नाम क्यों नहीं दे सकती.’ हालांकि इसके साथ ही उन्होंने एनडीए गठबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा, ‘NDA में जो दल है क्या वह कह सकते हैं कि हमारी पार्टी का नेता होगा पीएम पद का उम्मीदवार. यहीं अंतर है इंडिया और एनीडए में.’

बता दें कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में कल यानी गुरुवार से इंडिया गठबंधन की बैठक शुरू होने वाली है. ऐसे में पीएम पद को लेकर छिड़ी दावेदारी की इस लड़ाई ने बैठक से पहले विपक्षी गठबंधन के सामने एक नया सवाल खड़ा कर दिया है.

मुंबई में होने वाली इस बैठक को लेकर महाविकास आघाड़ी के गठबंधन की बुधवार शाम हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी यह सवाल उठा. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने इस सवाल को एक तरह से टालते हुए कहा, ‘इंडिया के पास पीएम पद के लिए कई चेहरे हैं, लेकिन भाजपा के पास कितने हैं?’ उद्धव ठाकरे ने कहा, ‘प्रधानमंत्री पद के लिए विकल्प के बारे में सवाल बीजेपी से पूछा जाना चाहिए, जिसके पास पिछले नौ वर्षों से केवल एक ही विकल्प है, जो हमने देखा है. ‘इंडिया’ गठबंधन के पास प्रधानमंत्री पद के लिए कई विकल्प हैं. भाजपा के पास क्या विकल्प हैं?’

## प्रकृति बंधन के साथ मनाएं रक्षाबंधन : सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व

***पुलिस लाइन में बच्चों ने पुलिस अंकल के साथ पेड़ - पौधों को राखी बांधी, रक्षा का संकल्प लिया***

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना उन्नाव । पेड़ - पौधों के प्रति प्रेम भाव को जागृत कर उनकी सुरक्षा हेतु जनसामान्य में जागरूकता



लाने के उद्देश्य से उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात उपनिरीक्षक अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा एक अनूठी पहल की जा रही हैं । ट्री मैन के नाम से मशहूर पर्यावरण प्रेमी दरोगा अनूप मिश्रा अपूर्व ने रक्षाबंधन पर्व पर बांधों आंदोलन की शूरुआत की है जिसके तहत पेड़ पौधों को राखी बांध कर " वृक्ष रक्षा - जन सुरक्षा " का संदेश दिया जा रहा है । इसी क्रम में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व की मुहिम को आज प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन नगर क्षेत्र और प्राथमिक विद्यालय सुलतान खेड़ा नगर क्षेत्र उन्नाव में रक्षा उत्सव के रूप में अयोजित किया गया । प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन नगर क्षेत्र में सहायक अध्यापक नुपुर श्रीवास्तव और प्रधान अध्यापक सुलतान खेड़ा श्रद्धा सिंह के कुशल संयोजन में बच्चों ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अंकल अनूप मिश्रा अपूर्व के साथ पेड़ - पौधों को अपने हाथ से बनाई पर्यावरण राखी बांध कर तन मन से उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया । सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने बच्चों संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ों का जो उपकार इंसानों के ऊपर है उसे मौखिक रूप में कहा नहीं जा सकता । पेड़ - पौधों से मिलने वाली प्राण वायु सांसों के रूप में हमारे जीवन का आधार है । पेड़ पौधों की रक्षा के लिये हमें एक जुट होकर हरित क्रांति लानी होगी लेकिन यह तभी संभव होगा जब हम पेड़ पौधों से आत्मीय संबंध बनाकर भावनात्मक रिश्ता जोड़ेंगे । रक्षाबंधन पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर पर जिस तरह राखी बांध कर उनकी आयु की भगवान से प्रार्थना करती हैं उसी प्रकार बांधों आंदोलन के तहत पेड़ - पौधों को राखी बांध कर उनकी लंबी आयु के लिए हमें ईश्वर से प्रार्थना करते हुए वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए । उन्होंने बच्चों से रक्षा बंधन पर्व को पर्यावरण रक्षा उत्सव के रूप में मनाने की अपील की और सभी बच्चों और शिक्षकों को बताया कि पेड़ पौधों की रक्षा का एक उपाय है हम सभी लोग क्यों न अपने आस पास किसी वृक्ष को रक्षाबंधन पर्व पर रक्षा - सूत्र बांधकर उसकी देखभाल का जिम्मा लें और ऐसा करने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें । रक्षा उत्सव में सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व, श्रद्धा सिंह ( प्रधान शिक्षक ), कीर्ति विश्वकर्मा ( शिक्षा मित्र ), संजय कुमार चौधरी ( प्रधान अध्यापक ) के साथ रेखा प्रजापति , शालिनी वर्मा, सारिका सिंह, कीर्ति त्रिवेदी, अंजली शुक्ला, अंजली सचान, उत्पल सचान (सभी सहायक अध्यापक ) उपस्थित रहे ।




## जन शिकायतों का हो त्वरित निस्तारण: सीएम योगी

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 200 फरियादियों की समस्या सुनी***

समाज जागरण

लखनऊ, 30 अगस्तः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों को जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान वह खुद एक-एक फरिदारी के पास पहुंचे और उनकी समस्या सुनी। सीएम योगी ने जनता दर्शन में आए बच्चों को भी दुलारा और उनके चॉकलेट दी। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 फरियादियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।

परेशान करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। परेशान करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएगा। इस दौरान



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले और कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## सीमाओं से परे, चांद के पार... प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा से भेजी नई तस्वीर

### इसरो ने कहा- भारत की कोई सीमा नहीं

<u>दैनिक समाज जागरण</u>

बेंगलुरु. चंद्रयान-3 मिशन के ‘प्रज्ञान’ रोवर ने बुधवार को ‘विक्रम’ लैंडर की एक तस्वीर खींची. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह



जानकारी दी. इसरो द्वारा साझा की गई तस्वीर रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरा (नैवकैम) द्वारा ली गई है. अंतरिक्ष एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ‘सीमाओं से परे, चांद के पार... भारत की कोई सीमा नहीं ह`... एक बार फिर, प्रज्ञान ने विक्रम की तस्वीर क्लिक की! यह प्रतिष्ठित फोटो आज सुबह 11 बजे के आसपास लगभग 15 मीटर की दूरी से ली गई थी.’

इससे पहले, इसरो ने प्रज्ञान के द्वारा विक्रम लैंडर की खींची गई एक और तस्वीर भी अपने आधिकारिक ‘एक्स’ हैंडल पर साझा की थी. एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, ‘स्माइल प्लीज (कृपया मुस्कराएं). प्रज्ञान रोवर ने आज सुबह विक्रम लैंडर की तस्वीर खींची.’ चंद्रयान-3 मिशन के लिए नैवकैम्स को इसरो की इकाई ‘इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम लैबोरैटरी’ (एलईओएस) द्वारा विकसित किया गया है.

लैंडर और रोवर को एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन के बराबर) तक कार्य करने के लिए विकसित किया गया है. इस सप्ताह की शुरूआत में, इसरो ने विक्रम के साथ लगे चेस्ट उपकरण का पहला अवलोकन जारी किया था. चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए चेस्ट (चंद्र सफेर्स थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट) उपकरण ध्रुव के चारों ओर चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रालेख को मापने का कार्य कर रहा है.

इसमें एक नियंत्रित प्रवेश तंत्र लैस तापमान जांच प्रणाली है जो सतह के नीचे 10 सेमी की गहराई तक पहुंचने में सक्षम है. इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं. इसरो ने एक ग्राफ तैयार किया है जो विभिन्न गहराइयों पर चंद्रमा की सतह/निकट सतह के तापमान में भिन्नता को दशार्ता है, जैसा कि पड़ताल के दौरान दर्ज किया गया. यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का पहला ऐसा प्रालेख है. अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि विस्तृत अवलोकन जारी है.

इसरो ने कहा है कि चंद्रयान-3 मिशन के तीन उद्देश्यों में से दो उद्देश्य- चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित ‘सॉफ्ट लैंडिंग’, और चंद्र सतह पर रोवर की चहलकदमी का प्रदर्शन- हासिल कर लिए गए हैं,

## वाह रे बिहार !

## गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !!

### कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!

***लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य व्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!***

<u>दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र</u>
<u>ब्यूरो चीफ बिहार -झारखंड प्रदेश।</u>

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक , चौंकाने वाला है! पंचायत की सर्वांगीण विकास हेतु प्राप्त योजनामद की राशि, सरकारी संपत्ति व वनसंपदा के लूट की राशि से पंचायत सरकार एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा शिकायतकताओं के विरुद्ध सभी तरह की साक्ष्य तैयार किया जाता है, खरीदा जाता! जिसमें थानेदार एवं उनके अनैतिक कार्यों के संरक्षक पुलिस पदाधिकारी की अहम भूमिका होती है।

अनैतिक कार्यों के विरुद्ध उठ रहे आवाज को दबाने के लिए एक मोटी रकम थानेदार महोदय द्वारा तय कर ले लिया जाता है फिर निर्वाधगति गति से चाहे पत्रकार हो या बुद्धजीवी, अथवा पीड़ित व प्रभावित जनता सभी के विरूद्ध दमन की कार्रवाई प्रारंभ होती है । और सरकार व प्रशासन को सहयोग. देने वाले जनता ,बुद्धिजीवी, पत्रकार सभी न्याय व अधिकार पाने के लिए सड़क से लेकर पत्रकारों, नेता तथा अलाधिकारियों के पास दौड़ लगाते-लगाते, अंततः जेल के सलाखों के पीछे होते है। आखिर ऐसा क्यो? और इसके लिए जबाबदेह कौन हैं?

आतंक की पर्याय बन चुके थानेदारों के




विरुद्ध आलाधिकारियों को प्राप्त शिकायत व साक्षय के आलोक में आरोपितो के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है तथा बार-बार जन शिकायत के बावजूद भी आरोपितो द्वारा पीड़ितों के विरूद्ध दमन की कार्रवाई , क्यों और कैसे जारी रहता है ,यह अहम सवाल अपने आप में जाँच का विषय हैं!

प्रखंड एवं अनुमंडल स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियो की बात ही छोड़ीए! जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा अपीलीय प्राधिकार के आदेश व दिशानिर्देश को भी अम्बा थाना के पदेन थानेदार एवं अंचल अधिकारी नहीं मानते हैं, यह आरोप गंभीर हैं और यह अहम सवाल भी जांच का विषय है!

जाँच के नाम पर जाँच अधर में लटक जाता है और उद्देश्यों से भटक चुके थानेदार एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारियों द्वारा दमन की कार्रवाई, अनैतिक कार्यों के विरूद्ध आवाज उठाने वालें पर और बढ जाता है । फलस्वरूप

जनता किसी भी हदतक जाने के लिए मजबूर हो जाती है । अंततः पुलिस एवं पुलिस संरक्षित गुण्डों द्वारा प्रारंभ दमन की कार्रवाई ,विवस लोगों के हाथों में बंदूक थमहा देता है, जिसमें भी प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से पीड़ित व प्रभातित जनता पर ही दमन की कार्रवाई होती है ।

बदले एवं दुराग्रह की भावना से हाथों में हथियार उठा चुके पीड़ित व प्रभावित जनता पुलिस वालों से बदला लेते हैं जिसके चक्रव्यूह में निर्देश पुलिस के नवजवान ही मारे जाते हैं और थानेदार थाना में बैठे मलाई मारते है और और सामाजिक तत्व उनके रिश्तेदार बन जाते हैं जिसका साक्ष्य थाना में लगे सीसीटीवी कैमरा है । यह हलात हमारे समाज, राष्ट्रवाद व राज्य के लिए दुर्भाग्य हैं।

### अगर यह कहा जाए कि आतंक का पर्यायवाची बन चुके

चंद वदीर्धारियों की आतंक एवं जुल्म के कारण हमारे राज्य व राष्ट्र मे आतंकवाद को सहारा मिल रहा है । जो हमारे समाज ,राज्य एवं राष्ट्र के लिए खतरा है।और इन्हीं के कारण उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों हमारे राष्ट्र के नवजवान बली की बेदी पर चढ़ रहें है। तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी.

**यूँ कहा जाये की अंग्रेजों एव आतंकवादियों से भी क्रूर कई थानेदार हैं तो इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नही होगी ।**

उपरोक्त वर्णित तथ्यों की गहन जांच ,जनहित व राजहित तथा राष्ट्रहित में सर्वोपरि प्रतीत होता है।

जांचोंपरांत आरोपी के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई हों तभी आतंक मुक्त राष्ट्र का परिकल्पना किया जा सकता है अन्यथा आतंक की पर्याय बन चुके चंद खाकी वर्दी, उग्रवाद उत्पादक यंत्र के रूप में काम करते रहेंगे और सरकार चाह कर भी उग्रवाद की सफाई नहीं कर पाएगी।

शेष अगले अंक,गतांक से आगे...

# भोजली:धन धान्य और कल्याण की मंगल भावना का पर्व

रक्षाबंधन के ठीक दूसरे दिन पड़ने वाले इस पर्व को छत्तीसगढ़ की महिलायें विशेष उत्साह के साथ मनाती हैं। छत्तीसगढ़ में भोजली का अर्थ देवी से लिया जाता है। ये भोजली गाँव व किसान के घरों में पूरी उमंगता




और उल्लास के रुप में मनाया जाता है। इस पर्व के पूर्व पड़ने वाले नागपंचमी पर्व के दूसरे दिवस से ही महिलायें व लड़कियाँ अपने अपने घरों में गेहूँ या ज्वार को अपनी मन्नत के अनुसार टोकनी थाली, गंज, परई या जमीन में अंकुरण के लिए बो देती हैं।

भोजली पर्व के आते आते ये अंकुरित पौधे बढ़ चुके होते हैं। फिर भोजली पर्व के दिन इन पौधों (भोजली) की पूजा की जाती है। घर के लोग प्रातः से ही स्नान कर स्वच्छ कपड़े पहनकर पूजा अनुष्ठान को संपन्न करते हैं। इस्के लिये सबसे पहले भोजली में जल चढ़ाया जाता है। फिर बंदन, रोली, सिंदूर, हल्दी से भोजली का अभिषेक किया जाता है। इसके पश्चात फूल, हल्दी लगा चांवल (अक्षत), कोई मौसमी फल और नारियल खासतौर पर चढ़ाया जाता है। अपनी सामथ्यार्नुसार उमंग और उल्लास व्यक्त करने के लिये अधिकांश घरों में पकवान भी बनाये जाते हैं।

दोपहर के बाद घर में सभी पूजा अनुष्ठानों को सम्पन्न करने के उपरांत सभी महिलायें लड़कियाँ अपने- अपने घरों से भोजला देवी को सर पर रखकर गाँव के प्रमुख स्थान पर एकत्र होकर कतारबद्ध हो भोजली गीत गाते नदीतालाब तक जाती हैं। इस समय महिलायें खूब उल्लास और गाजा बाजा के साथ जलाशय तट पर पहुँचती हैं। नदी या तालाब में पहुँचने के बाद सभी भोजली के पात्रों को किनारे स्वच्छ स्थान पर रख देती हैं और पुनः वहाँ भी दीप जलाकर उनकी



आरती एवं पूजा करती हैं एवं नारियल फोड़ती हैं। इसके बाद भोजली के कुछ पौधों को रखकर सभी पौधों को जल में विसर्जित कर दिया जाता है। नदी तट से वापस भोजली लेकर लौटती महिलाओं का दल कतार में वापस लौटता है। इस हुजूम को "भोजली गंगा" कहते हैं। भोजली के पौधों को आपस में आदान प्रदान कर लोग एक दूसरे की कुशलता एवं सम्पन्नता के लिये शुभकामनाएँ देते चलते हैं।

इसी भोजली देवी को कुछ लोग आपस में अदल बदल कर गियां(मितान) बदले हैं। इसके अनुसार इनकी दोस्ती या संबंध इतना अटूट माना जाता। "कि खून के रिश्ते भले ही टूट जायें पर 'भोजली में बदे गये मितान के साथ के रिश्ते कभी भी नहीं तोड़े जाते । इस पर लोगों की आस्था अनंत है। यह रिश्ता भी इसका विशेष महत्व बढ़ाता है।

भोजली के पौधों को लोग अपने घर के सभी स्वच्छ स्थानों में सभी कोनों में रख देते हैं और यह प्रार्थना करते. हैं कि हमेशा घर में खुशियाँ कायम रहे एवं घर हराभरा रहे। वस्तव में देखा जाय तो भोजली सुख समृद्धि की कामना और खेती की उपज (पैदावार) खूब अच्छी हो इस इच्छा को पूरा करने के लिये मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ का यह प्रमुख त्यौहार है ।, बिलासपुर शहर में भी किलावार्ड के पचरीघाट में आज के दिन भोजली गंगा में महिलाओं का विशाल हुजूम और उनक उल्लास देखते ही बनता है। इस समय यहाँ पैर रखने को जगह नहीं मिलता। किलावार्ड चौक में अच्छा खासा मेला भी भरता है। जहाँ तरह तरह के खेल खिलौने और झूले आते हैं। तरह तरह के खाने-पीने के स्टाल लगे होते हैं। इस मेले में महिलायें बच्चे विशेषकर पहुँचते हैं। और इस भोजली पर्व के उत्साह और उमंग को दुगना करते हैं।



-सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

# भारत को शिक्षा क्षेत्र में भारी आर्थिक और बौद्धिक क्षति।

## (भारत को शिक्षा का वैश्विक हब बनाने की आवश्यकता)

**दैनिक समाज जागरण**

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं, इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।



संजीव ठाकुर, स्तंभकार ,चिंतक लेखक , रायपुर छत्तीसगढ़

## जिस घर में मेरा नाम भी नहीं दिखता

दिन का उजाला तो सपने देखने में बीता,
रात का अँधेरा बेटे को सुलाने में बीता,
मेरा पूरा जीवन उस को सजाने में बीता,
जिस घर में मेरा नाम भी नहीं दिखता।

बचपन जहाँ बीता वह एक घर मेरा था,
छूट गया जब किसी और के घर आना था,
अब न वो रहा मेरा और न ये ही है मेरा,
तो क्यों कहे कोई कि सब कुछ है मेरा।

वैसे तो जीवन में किसी का कुछ भी नहीं है,
पर मिथ्या ही सही, कहने को है सब कुछ,
जीते जी भी कभी छूट जाता है सब कुछ,
यही स्थिति है जिनका कहीं नहीं है कुछ।

समर्पण और केवल समर्पण ही हश्र है,
हर हश्र में खुश रहने का एक मिथक है,
पूरा जीवन हँसना भी और रुदन भी है,
सहजता व सरलता से सब सहन भी है।

गृहिणी भी हैं, तो गृह स्वामिनी भी हैं,
सभी यह कहते हैं घर की मालकिन भी हैं,
घर भले ही किसी और के नाम का हो,
चलाने व संभालने के उत्तरदायित्व जो हैं।

त्याग और कर्मठता की प्रतिमूर्ति,
सीता उर्मिला मांडवी व श्रुतिकीर्ति,
लक्ष्मी हों, सावित्री हों या गायत्री,
सदा परिवार को समर्पित हर स्त्री।

हरियाली तीज या करवा चौथ हो,
निर्जल वृत हों या वटवृक्ष पूजन हो,
पति की दीर्घायु होने की विनती हो,
सदा सुहागन होने की मनोकामना हो।

गृह लक्ष्मी की संज्ञा से विभूषित,
पार्वती जैसी तपस्या को अर्पित,
यह रचना जिनके लिए है सृजित,
आदित्य उन्हीं देवियों को समर्पित।



कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ

# संस्कृत दिवस

संस्कृत दिवस भारत में प्रतिवर्ष 'श्रावणी पूर्णिमा' के दिन मनाया जाता है। श्रावणी पूर्णिमा अर्थात रक्षा बन्धन ऋषियों के स्मरण तथा पूजा और समर्पण का पर्व माना जाता है। ऋषि ही संस्कृत साहित्य के आदि स्त्रोत हैं, इसलिए श्रावणी पूर्णिमा को "ऋषि पर्व" और "संस्कृत दिवस" के रूप में मनाया जाता है। राज्य तथा ज़िला स्तरों पर संस्कृत दिवस आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर संस्कृत कवि सम्मेलन, लेखक गोष्ठी, छात्रों की भाषण तथा श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाता है, जिस्के माध्यम से संस्कृत के विद्यार्थियों, कवियों तथा लेखकों को उचित मंच प्राप्त होता है।

**शुरूआत**

सन 1969 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के आदेश से केन्द्रीय तथा राज्य स्तर पर संस्कृत दिवस मनाने का निर्देश जारी किया गया था। तब से संपूर्ण भारत में संस्कृत दिवस श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन को इसीलिए चुना गया था कि इसी दिन प्राचीन भारत में शिक्षण सत्र शुरू होता था। इसी दिन वेद पाठ का आरंभ होता था तथा इसी दिन छात्र शास्त्रों के अध्ययन का प्रारंभ किया करते थे। पौष माह की पूर्णिमा से श्रावण माह की पूर्णिमा तक अध्ययन बन्द हो जाता था। प्राचीन काल में फिर से श्रावण पूर्णिमा से पौष पूर्णिमा तक अध्ययन चलता था, इसीलिए इस दिन को संस्कृत दिवस के रूप से मनाया जाता है। आजकल देश में ही नहीं, विदेश में भी संस्कृत उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसमें केन्द्र तथा राज्य सरकारों का भी योगदान उल्लेखनीय है।

**संस्कृत का समृद्ध साहित्य**

धन्य है भारत देश जहां जन मानस को पवित्र करने वाली व सुरुचिपूर्ण-सुखद भावों को उत्पन्न करने वाले शब्दों के समूह को जन्म देने वाली ऐसी भाषा सुशोभित है, जिसे देववाणी की प्रतिष्ठा प्राप्त है। देश के उपलब्ध समस्त साहित्य में संस्कृत का साहित्य सर्वश्रेष्ठ एवं सुसम्पन्न है। भारत ही नहीं, विदेश में भी इस भाषा की प्रतिष्ठा का मुख्य कारण इसका समृद्ध साहित्य व इसकी कर्णप्रिय ध्वनि है। ह्यसंस्कृत ज्ञान सम्पन्न, सभ्यता-संस्कृति से अनुशासित, मधुर एवं सरल भाषा है। पाश्चात्य के सर विलियम जोंस जैसे भाषाविदों ने भी माना है कि ह्ययह ग्रीक, लैटिन इत्यादि भाषाओं से भी प्राचीन है ह्न देवनागरी लिपि में लिखे जाने वाले इसके वर्तनी-वर्ण-अक्षरों और उनसे बनने वाले शब्दों के उच्चारण में प्रायः कोई आभासी अन्तर न होने के कारण संस्कृत को आज जन-जीवन के सबसे महत्वपूर्ण साधन-संगणक (कम्प्यूटर) की महत्वपूर्ण भाषा के रूप में चुना गया है, जिस पर जर्मनी में काफी अनुसंधान-कार्य हो रहा है। ध्यातव्य है कि अत्याधुनिक और विराट मारक क्षमता वाले प्रक्षेपास्त्रों के लिए तो प्रारम्भिक सोच-विचार का आधार ही संस्कृत में विरचित वेद व उनकी संहिताएं हैं।

संस्कृत भाषा का साहित्य अत्यन्त विशाल और व्यापक है। यह गद्य, पद्य और चम्पू तीनों रूपों में मिलता है, जिसमें तत्कालीन समाज का प्रतिबिम्ब दर्शित है। विश्व का सर्वप्रथम ग्रन्थ- ऋग्वेद इसी भाषा में है। इसके अतिरिक्त यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद भी संस्कृत की महान् रचनाएं हैं। शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द ज्योतिष, वेदांग-न्याय, वैशेषिक सांख्य योग, वेदांग मीमांसा, आस्तिक दर्शन, चार्वाक, जैन, बौद्ध, नास्तिक दर्शन सब इसी भाषा में सर्वप्रथम आये। उपनिषद, स्मृतियाँ, सूक्त, धर्मशास्त्र, पुराण, महाभारत, रामायण इत्यादि से इसके निःसीम विस्तार का पता चलता है। सभी साहित्य विषयानुरूप संस्कृत के सरल और क्लिष्ट रूप प्रकट करते हैं। वाल्मीकि, व्यास, भवभूति, दंडी, सुबन्धु, बाण, कालिदास, अघोष, हर्ष, भारवि, माघ और जयदेव आदि कवि, नाटक व गद्यकार इसके गौरव को सिद्ध करते हैं। पाणिनि जैसे व्याकरणविद विश्व की अन्य भाषाओं में देखने में नहीं आते हैं। संस्कृत सुनिश्चित व्याकरण वाली भाषा है। यह नियम इसकी रचना में आद्योपान्त चलता है। देश में आज पहले से भी अधिक लोकप्रिय श्रीरामचरित मानस का आधार ह्यरामायणंह्न व महाभारत के साथ ही समस्त उपनिषद, अट्ठारह पुराण और अन्य महाकाव्य, नाटक आदि इसी भाषा में लिखे गए हैं।

**सबसे प्राचीन भाषा**

संस्कृत विश्व की ज्ञात भाषाओं में सबसे पुरानी भाषा है। लैटिन और ग्रीक सहित अन्य भाषाओं की तरह समय के साथ इसकी मृत्यु नहीं हुई। कारण भारत का वैभव तो संस्कृत में ही रचा बसा है। भारत की अन्य भाषाओं हिन्दी, तेलगू, मराठी, सिन्धी, पंजाबी, बंगला, उड़िया आदि का जन्म संस्कृत की कोख से ही हुआ है। हिन्दू धर्म के लगभग सभी ग्रंथ संस्कृत में ही लिखे गए हैं। बौद्ध व जैन संप्रदाय के प्राचीन धार्मिक ग्रन्थ संस्कृत में ही हैं। हिन्दुओं, बौद्धों और जैनियों के नाम भी संस्कृत भाषा पर आधारित होते हैं। अब तो संस्कृत नाम रखने का फैशन भी चल पड़ा है। प्राचीन काल से अब तक भारत में यज्ञ और देव पूजा संस्कृत भाषा में ही होते हैं। यही कारण रहा कि तमाम षड्यंत्रों के बाद भी संस्कृत को भारत से दूर नहीं किया जा सका। यह दैनिक जीवन में नित्य उपयोग होती रही, भले ही कुछ समय के लिए पूजा-पाठ तक सिमटकर रह गई थी। लेकिन, समय के साथ अब फिर इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही है। आज भी पूरे भारत में संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन से भारतीय एकता को सुदृढ़ किया जा सकता है। इसके लिए क्षेत्रीयता और वोट बैंक की कुटिल राजनीति छोड़कर आगे आना होगा। सार्थक प्रयासों से संस्कृत को फिर से जन-जन की भाषा बनाया जा सकता है।

**विदेशियों का रुझान**

व्यवसायीकरण के बाद से भारत में जहां अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ रहा है, वहीं विदेश में संस्कृत का झंडा बुलंद हो रहा है। देश-विदेश में समय-समय पर हुए तमाम शोधों ने भी स्पष्ट किया कि संस्कृत वैज्ञानिक सम्मत भाषा है। शोध के बाद सिद्ध हुआ है कि कम्प्यूटर के लिए सबसे उपयुक्त भाषा भी संस्कृत ही है। विश्व की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्था नासा भी लंबे समय से संस्कृत को लेकर रिसर्च कर रही है। दुनिया के कई देशों में संस्कृत का अध्ययन कराया जा रहा है। इसके अलावा कई विदेशी संस्कृत सीखने के लिए भारत का रुख कर रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं पोलैंड की अन्ना रुचींस्की, जिनका पूरा परिवार ही अब संस्कृतमय हो गया है। रुचींस्की के परिवार में आपस में बातचीत भी संस्कृत में की जाती है। संस्कृत में रुचींस्की की रुचि 20 साल पहले जगी थी। अन्ना रुचींस्की अपने पति तामष रुचींस्की के साथ घूमने के लिए भारत आईं थीं। वे बनारस के घाट पहुंचीं। यहां गूंज रहे वेदमंत्रों से प्रभावित होकर वे 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' और 'संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय' पहुंचीं। विश्वविद्यालय में रुचींस्की ने संस्कृत भाषा और भारत की संस्कृति को पहली बार करीब से जाना। अंततः देवभाषा से प्रेरित होकर अन्ना ने संस्कृत विश्वविद्यालय से डॉ। पुरुषोत्तम प्रसाद पाठक के निर्देशन में वर्ष 2006 में पीएच-डी किया।

# प्रणब मुखर्जी

प्रणब मुखर्जी (जन्मः 11 दिसम्बर, 1935, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 31 अगस्त, 2020, दिल्ली) भारत के 13वें राष्ट्रपति थे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने उन्हें जुलाई, 2012 में भारत के राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नियुक्त किया था और राष्ट्रपति चुनाव में प्रणब मुखर्जी ने विरोधी उम्मीदवार पी.ए. संगमा को हराकर जीत हासिल की थी। 25 जुलाई, 2012 को प्रणब मुखर्जी राष्ट्रपति पद की शपथ लेकर भारत के 13वें राष्ट्रपति बने थे। भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में रामनाथ कोविंद ने प्रणव मुखर्जी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद 25 जुलाई, 2017 को राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की।

**जीवन परिचय**

प्रणब मुखर्जी का जन्म, पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले के किरनाहर शहर के एक छोटे से गांव मिराटी (मिराती) में एक ब्राह्मण परिवार में 11 दिसंबर, 1935 में हुआ था। प्रणब मुखर्जी के पिता श्री कामदा किंकर मुखर्जी और माता श्रीमती राजलक्ष्मी मुखर्जी हैं। ग्रामीण बंगाल के बीरभूम में पले-बढ़े प्रणब मुखर्जी अपने उपनाम 'पोल्टू' के नाम से जाने जाते थे। प्रणब मुखर्जी की पत्नी का नाम शुभ्रा मुखर्जी है। उनके दो पुत्र- अभिजीत व इंद्रजीत और एक पुत्री शर्मिष्ठा है। प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आए पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधायक हैं। उनकी बेटी शर्मिष्ठा एक नृत्यांगना हैं। उनके भाई शांति निकेतन विश्व भारती यूनिवर्सिटी के इंदिरा गांधी सेंटर फॉर नेशनल इंटीग्रशन के डायरेक्टर पद से रिटायर हुए है। प्रणब मुखर्जी के पिताजी, कामदा किंकर मुखर्जी क्षेत्र के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे और आजादी की लड़ाई में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के चलते वह 10 वर्षों से ज्यादा समय तक ब्रिटिश जेलों में कैद रहे। उनके पिताजी 1920 से इंडियन नेशनल कांग्रेस (अखिल भारतीय कांग्रेस) के एक सक्रिय कार्यकर्ता थे और सभी कांग्रेसी आंदोलनों में हिस्सा लिया। देश की आजादी के बाद 1952 से लेकर 1964 तक पश्चिम बंगाल विधान परिषद के सदस्य रहे थे और वीरभूम पश्चिम बंगाल ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। पिता का हाथ पकड़ कर ही प्रणब ने राजनीति में प्रवेश किया।

**शिक्षा**

परिवार के माहौल को देखते हुए यह प्राकृतिक तौर पर स्वाभाविक था कि वे अपने पिताजी के. के. मुखर्जी के पदचिन्हों पर चलते। तत्कालीन कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबंधित सूरी विद्यासागर कॉलेज से स्नातक की परीक्षा पास करने के बाद प्रणब मुखर्जी ने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से ही इतिहास और राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.ए.) की पढ़ाई संपन्न की। कोलकाता विश्वविद्यालय से कानून की उपाधि (लॉ) की शिक्षा के बाद पश्चिम बंगाल के बीरभूम ज़िले के एक कॉलेज में प्राध्यापक (प्रोफेसर) की नौकरी शुरू की।

**आरंभिक जीवन**

कैरियर के शुरूआती दिनों में प्रणब मुखर्जी लंबे समय तक पहले शिक्षक और एक वकील के तौर पर काम किया। प्रणब ने अपना करियर कोलकाता में डिप्टी अकाउंटेंट जनरल के कार्यालय में क्लर्क के रूप में शुरू किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकार के रूप में अपने कैरियर को आगे बढ़ाया। उन्होंने जाने-माने बांग्ला प्रकाशन संस्थान देशेर डाक मातृभूमि की पुकार के लिए काम किया। इसके बाद वह बंगीय साहित्य परिषद के ट्रस्टी बने। बाद में निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष भी बने। यूनिवर्सिटी ऑफ वॉल्वरहैम्पटन ने प्रणब मुखर्जी को डी.लिट की उपाधि भी प्रदान की है।

**व्यक्तित्व**

प्रणब मुखर्जी संजीदा व्यक्तित्व वाले नेता हैं। पार्टी के वरिष्ठतम नेता होने के कारण वह राजनीति की भी अच्छी समझ रखते हैं। बंगाली परिवार से होने के कारण उन्हें रबिंद्र संगीत में अत्याधिक रुचि है। प्रणब मुखर्जी को पश्चिम बंगाल के अन्य निवासियों की तरह ही माँ दुर्गा का उपासक भी माना जाता है और दुर्गा पूजा के दौरान वे माता की उपासना भी करते हैं। प्रणब दा मृदुभाषी, गंभीर और कम बोलने वाले है। प्रणब को बागवानी, किताबें पढ़ना और संगीत पसंद है। प्रणब का पसंदीदा खाना है फिश करी। वह मंगलवार को छोड़कर करीब-करीब रोज ही फिश करी खाते हैं। वे रोज सुबह जल्दी उठते हैं। पूजा के बाद वह अपने काम पर लग जाते हैं। दिन में एक घंटा सोते भी हैं। रात को सोने से पहले वे पढ़ते हैं। प्रणब दा रोज 18 घंटे काम करते हैं। उन्हें पढ़ने, गार्डनिंग व संगीत सुनने का भी शौक है। सुकांत भट्टाचार्य का लिखा और हेमंता मुखर्जी का गाया 'अबक पृथ्वी' उनका पसंदीदा गीत है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मध्य विद्यालय कुटुंबा में मासिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 30 अगस्त 2023 :- मध्य विद्यालय कुटुंबा में अगस्त माह का मासिक मूल्यांकन मंगलवार से शुरू हुआ। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने बताया कि मासिक मूल्यांकन गुरुवार तक चलेगा। जिसमें बुधवार को पहली पाली में गणित और दूसरी पाली में सामाजिक पर्यावरण विषय तथा मंगलवार को पहली पाली में हिंदी/उर्दू और दूसरी पाली में अंग्रेजी का मूल्यांकन किया गया। गुरुवार को पहली पाली में विज्ञान और दूसरी पाली में संस्कृत/राष्ट्रभाषा का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बढ़ाने के लिए राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की प्रक्रिया अपनाई गई है। जिसके तहत माह के अंत में बच्चों का मासिक मूल्यांकन करने का



निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में अगस्त माह में बच्चों का मासिक मूल्यांकन किया जा रहा है। वर्ग शिक्षक 'मूल्यांकन हस्तक' के प्रश्न कोष से प्रश्नों का चयन कर श्यामपट्ट पर लिखते हैं और बच्चे अपने नोटबुक में उसका उत्तर लिखते हैं। उन्होनें बताया कि बच्चों की उत्तरपुस्तिका की जांच संबंधित विषय के शिक्षकों के द्वारा की जाएगी। इस मूल्यांकन से बच्चों के अधिगम स्तर का पता लगेगा। बच्चों के कमजोर बिंदुओं को जानकर, शिक्षक बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए विशेष ध्यान देंगे।

# मृत्यु प्रतिवेदन के इंतजार में 24 साल से मामला कोर्ट में लंबित है,

## आदेश को पदेन थानेदार करते आ रहे हैं अनदेखी!

## कोर्ट ने किया नगर थाना प्रभारी को शोकोज।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार ) व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एसीजेएम चार राजेश सिंह ने रफीगंज थाना कांड संख्या -02/99 में सुनवाई करते हुए नगर थाना प्रभारी को आज शोकोज किया है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामला 24 साल पुरानी है अभियुक्त अलिसेर उर्फ प्यारू औरंगाबाद नगर के टिकरी मुहल्ला निवासी है,घटना रफीगंज पीएनबी में पाकेटमारी को लेकर भादंवि धारा 379/411 में



13/01/99 को दर्ज कराई गई थी , उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार से नहीं ने बताया कि मामला सन 2000 में ही न्यायालय को सुचना मिली थी कि अभियुक्त की मुत्यु हो गई और उस समय से अभियुक्त न्यायालय में अनुपस्थित है इसी कारण मृत्यु प्रतिवेदन की मांग न्यायालय द्वारा विगत कई वर्षों से की जा रही है जो अभी तक अप्राप्त है इसलिए आज शोकोज करते हुए दस दिन के अंदर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया है और कहा गया है कि न्यायालय के आदेश अवमानना को लेकर क्यों नहीं वरीय पुलिस अधिकारियों को सूचित किया जाएं क्योंकि मृत्यु प्रतिवेदन के इंतजार में 24 साल से मामला कोर्ट में लंबित है,

# प्रमुख ने लिया वृक्ष की रक्षा का संकल्प

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 30 अगस्त 2023 :- कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार और प्रधानाध्यापक सीताराम चौधरी ने सामूहिक रूप से मध्य विद्यालय बैरांव के प्रांगण में स्थित पीपल के वृक्ष में राखी बांध कर वृक्ष की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख



ने वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा की प्रकृति ने हमें वृक्ष के रूप मे अनमोल तोहफा दिया है। इसके बैगर मानव जीवन संभव नही है। इसलिए हम सभी को वृक्ष लगाने एवं वृक्ष को बचाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक रामपति राम, नित्यानंद राय, सुरेंद्र कुमार,मनोज कुमार सिंह, करन कुमार, अंकित, राहुल समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं ने भाग लिया।

# सुरेश पासवान की अर्धांगिनी के पुण्यतिथि में शामिल होंगे बिहार सरकार के कई मंत्री

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**





औरंगाबाद (बिहार) 30 अगस्त 2023 :- बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने अपनी अर्धांगिनी की पुण्यतिथि में बिहार सरकार के कई मंत्रियों के शामिल होने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिला मुख्यालय अंतर्गत चित्र गुप्त सभागार में 31 अगस्त को आयोजित स्व. धनकली देवी की पुन्यतिथि एवं सर्व धर्म प्रार्थना में बिहार सरकार के पिछड़ा अति पिछड़ा कल्याण विभाग मंत्री अनीता देवी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री मो. इसराइल मंसुरी, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ एवं पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक शामिल होंगे। पुण्यतिथि के दौरान सर्व धर्म प्रार्थना सभा में यथा हिंदू ,मुसलिम,सिख, ईसाई एवं बौद्ध धर्म के धर्म गुरुओं के द्वारा प्रार्थना के साथ अपने-अपने धर्म के बारे में संदेश दिया जाएगा।

# टेकरी के लोकप्रिय अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती करिश्मा कुमारी के अचानक स्थानांतरण होने से टिकरी की जनता में छाई मायूसी.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गया जिला स्थित टिकारी क्षेत्र के लोकप्रिय अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती करिश्मा के अचानक स्थानांतरण से आम जनों में मायूसी है.एक और बाजार में रक्षाबंधन को लेकर चहल-पहल है, लेकिन एसडीओ मैम के स्थानांतरण से त्यौहार की खुशियां फीकी पड़ गई है.श्रीमती करिश्मा आम जनता में बेहद लोकप्रिय है, उनके कार्यालय से कभी कोई निराश होकर नही लौटा है. जब भी कोई मजबूर और वंचित ने उन्हें आवाज लगाई ,वे हर मौसम की बेरुखी को झेलते हुए उसकी



सहायता के लिए निकल पड़ती थी.सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा है कि वे प्रतिवर्ष दिनकर जयंती समारोह में बच्चों का हौसला अफजाई के लिए आया करती थी, एवं सभी को मार्गदर्शन प्रदान करती थी.उनके सहयोग से इस वर्ष पहली बार माँ तारा नगरी केसपा में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया. उन्होंने आगे कहा कि आज सुबह से बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता अपने लोकप्रिय पदाधिकारी से मिलने के लिए उनके कार्यालय आ रहे है.बाल्मीकि प्रसाद,हिमांशु शेखर, बृजमोहन शर्मा सहित कई लोगों ने श्रीमती करिश्मा के स्थानांतरण को टिकारी के लिए अपूरणीय क्षति बतलाया है.

# पितृ पक्ष मेला की तैयारी को लेकर पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव ने गया धाम पहुंचकर लिया जायजा.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- गयाजी धाम में पितृपक्ष की तैयारी को लेकर पहुंचे बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव ने जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिया है. बताते चलें कि प्रधान सचिव पर्यटन विभाग बिहार सरकार द्वारा गया जिला पहुँच कर पितृपक्ष मेला 2023 के सफल आयोजन के लिये किये जा रहे तैयारियों का जायजा लिया गया है. विष्णुपद देव घाट का निरीक्षण किया गया है.शमशान घाट की ओर से भीड़ को कैसे डाइवर्ट किया जाए, इसपर उक्त स्थल पर जाकर विचार विमर्श किया गया है विष्णुपद मंदिर से शमशान घाट होते हुए संवाद सदन तक पैदल घूम कर देखा, जो भी कमियां देखी गई, उसे दुरुस्त करवाने का निर्देश दिए गए हैं. इस वर्ष पितृपक्ष मेला एक ऐतिहासिक रूप में संपन्न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी को समय अवधि में ही पूर्ण कर लें.आई०डी०एच० अस्पताल कोरला अस्पताल में मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में प्रस्तावित गया जी धाम धर्मशाला निर्माण किया जाना है, इसमें 1180 पिंड दानियों/ तीर्थ यात्रियों को ठहरने की व्यवस्था रहेगी. प्रधान सचिव ने निरीक्षण के दौरान मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री के कर कमल से उक्त धर्मशाला का शिलान्यास करवाया जाएगा. उसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है. पूरे परिसर को अच्छे तरीके से समतल करवाने का निर्देश दिए साथ बिजली के अनावश्यक गड़े पॉल को हटाने का निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि परिसर के बीच में जो भी पुराने जर्जर स्ट्रक्चर है.उसे तेजी से डिमोलिश करावे। नाले के पानी की निकासी की पूरी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। ब्रह्मशत तालाब का निरीक्षण किया गया है।इस निरीक्षण के क्रम में निर्देश दिया कि पेयजल टॉयलेट चेंजिंग रूम इत्यादि की मुकम्मल व्यवस्था रखें साथ ही यहां यात्रियों का अत्यधिक भीड़ देखी जाती है इसलिए निरंतर सफाई की व्यवस्था गया है। जेपी उद्यान की और खूबसूरती बढ़ इसके लिए पूरे गार्डन को अच्छी तरीके से मेंटेन करवाने को कहा गया है इसके बाद बीटीएमसी बोधगया के काफी खूबसूरत तरीके से बनकर तैयार भवन का निरीक्षण किया गया है। काफी आकर्षक भवन बनकर तैयार है। जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा इसका



रखें। सड़कों पर जाम की समस्या ना हो इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल पर पूरा फोकस करें। तालाब में लगे फाउंटेन को पितृपक्ष मेला अवधि में पूरी तरह चालू रखने को कहा गया है। इसके साथ ही संध्या में हर दिन लाइट एंड साउंड प्रोग्राम चालू करवाने को कहा गया है। इसके बाद बोधगया माया सरोवर का औचक निरीक्षण सचिव पर्यटन विभाग द्वारा किया गया है। इसपर निर्देश दिया कि परिसर को और अच्छी तरीके से साफ सफाई करवाये। जहां भी टाइल्स टूटे हुए हैं उसे बदलवाते हुए पूरा चकाचक करावे। इस वर्ष पितृपक्ष मेला अवधि में लगातार अच्छे कलाकारों से प्रोग्राम करवाये। इसके पश्चात पर्यटन विभाग के कार्यालय टूरिज्म बांग्ला इत्यादि का घूम घूम कर निरीक्षण किया गया है। इसके पश्चात जेपी उद्यान का भ्रमण किया गया है। जेपी उद्यान में चारों तरफ पाथवे को और बेहतर तरीके से करवाने को कहा उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद मोचारीम स्थित मुचलिन्द सरोवर का निरीक्षण किया गया है।अभियंताओं को निर्देश दिया कि इस सरोवर का बेहतर तरीके से विकास करवा बाउंड्री वॉल में कोई व्यवधान न हो इसके लिए अंचल अधिकारी संबंधित अभियंता के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

इस निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, पर्यटन विभाग पटना से आये हुए वरीय अधिकारीगण, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक नगर, वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, उप नगर आयुक्त, डीसीएलआर सदर, सचिव बीटीएमसी, अंचलाधिकारी बोधगया, कार्यपालक अभियंता पूल निर्माण निगम सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

# भाजपा टेकरी दक्षिणी मंडल के पांच सदस्यों की टीम ने कल्याणपुर गांव का किया दौरा.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- भारतीय जनता पार्टी टिकारी दक्षिणी मंडल के तत्वाधान में एक 05सदस्यीय टीम ग्राम कल्याणपुर का दौरा किया. मालूम हो की दिनांक 27अगस्त 2023को उक्त ग्राम निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता मनोज सिंह की आकस्मिक निधन हो गई थी. जिसकी जानकारी मिलने उपरांत मंडल



अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में उक्त ग्राम में जाकर स्व मनोज सिंह के घर पर शोकाकुल परिवार से मिलकर मृत आत्मा की शांति हेतु 02मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया एवं परिजनों को धैर्य, साहस व शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से किया.इस बीच मंडल महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र ने स्व मनोज सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके निधन को अपूर्णिय क्षति करार दिया, जोकि निकट भविष्य में भरपाई नहीं किया जा सकता है.इस मौके पर उपस्थित होने वालों में मंडल अध्यक्ष अनिल पासवान, मंडल महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र, श्री राजकुमार पासवान, भोला सिंह, राजू सिंह, करण कुमार, आमाकुमां शक्ति केंद्र प्रमुख मृगेंद्र सिंह, सह प्रमुख अभिमन्यु सिंह, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रामपुकार सिंह,मिंटू सिंह, रामचंद्र सिंह का नाम शामिल है.

# नई पेंशन योजना के विरुद्ध 01सितंबर को एन एम ओ पी एस के कर्मचारी मनाएंगे काला दिवस- वरुण पांडेय।

**दैनिक समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद ,वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल।**

गया ( बिहार):-एनएमओपीएस (पुरानी पेंशन प्रतिबद्ध संगठन) की बिहार इकाई द्वारा एनपीएस लागू होने के दिन 1 सितंबर को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा और उस दिन बिहार सरकार के सभी पदाधिकारी/कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करते हुए सरकार के समक्ष एनपीएस का विरोध दर्ज करेंगे.

उक्त बातें संस्था के प्रदेश अध्यक्ष वरुण पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही है. उन्होंने आगे कहा कि हम लोग लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांग को रख रहे हैं, सरकार के तरफ से अब तक कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं मिला है; ऐसी स्थिति में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 सितंबर को काला दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है और उस दिन बिहार सरकार के सभी पदाधिकारी/कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे. वही संस्था के प्रदेश महासचिव शशि भूषण कुमार ने कहा कि हम लोग बिहार सरकार के प्रति आशान्वित





हैं,बिहार में गठबंधन की सरकार हैं ,और गठबंधन के घटक दलों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया गया था, इसलिए हम लोग लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांग रख रहे हैं.प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव तिवारी ने कहा कि बिहार सरकार के पदाधिकारी/कर्मचारी 1 सितंबर को काला दिवस मनाने हेतु कृत संकल्पित हैं और अब तक बिहार प्रशासनिक सेवा, बिहार स्वास्थ्य सेवा, ,बिरसा,,बिहार वित्त सेवा,बिहार सचिवालय सेवा संघ,बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन (बिहार अग्निशामक सेवा) सहित केंद्र एवम् बिहार के लगभग 30 से अधिक संगठनों; यथाः- रेलवे, कृषि, शिक्षक, पुलिस, इत्यादि; द्वारा इस कार्यक्रम को समर्थन देने की घोषणा की जा चुकी है तथा शेष संगठन शीघ्र ही इस संबंध में पत्र जारी कर रहे हैं. हम लोग तब तक संघर्ष करते रहेंगे, जब तक की बिहार में पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा नहीं हो जाती.प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष कुमार ने कहा कि आज जब देश के पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा हो चुकी है, तो बिहार सरकार को भी इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने सरकारी सेवकों के हित में निर्णय लिया जाना चाहिए.

# औरंगाबाद में सुविधा संपन्न स्टेडियम निर्माण की की गई मांग

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर( बिहार) 30 अगस्त 2023 जनेश्वर विकास केंद्र की बैठक मे प्रखंड मुख्यालय औरंगाबाद में सुबिधा संपन्न स्टेडियम एवं सभी मध्य , उच्च विद्यालय और कालेज में खेल मैदान की ब्यवस्था करने की मांग किया गया।

उक्त मांग जनेश्वर विकास केंद्र द्वारा अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित खेल दिवस समारोह के अवसर पर प्रस्ताव पास कर किया गया। हॉकी के जादूगर और भारत रत्न मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित खेल दिवस समारोह की अध्यक्षता रामजी सिंह और संचालन कार्यक्रम संयोजक और शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने किया ।जनेश्वर विकास केंद्र के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि समारोह का उद्घाटन मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर मुख्य अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।। तत्पश्चात 'वर्तमान में खेल की प्रासंगिकता 'विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी के मुख्य अतिथि संपादक डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं चाणक परिषद के अध्यक्ष रामानुज पांडे ने बताया की खेल से मनऔर तन दोनों स्वस्थ रहते हैं । साथ ही अनुशासन और सहयोग की भावना की बड़ी सीख मिलती है । इसके बावजूद खेल को महत्व नहीं दिया जा रहा है। खिला-





ड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पाता आज भी खेल मैदान का भारी अभाव है ।उच्च विद्यालय देव की बड़ा बाबू वीरेंद्र कुमार सिंह, सीरीस उच्च विद्यालय के शिक्षक बैजनाथ सिंह ,साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद,पूर्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन अग्रवाल ,पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह ,जन विकास परिषद के पूर्व सचिव रामचंद्र सिंह ,अधिवक्ता रामाश्रय पांडे, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा की जिले के मध्य विद्यालय , उच्च विद्यालय और कालेज में आज भी खेल का मैदान नहीं है जिसके चलते छात्र-छात्राओं को खेलने में दिक्कत होती है ।साथ उक्त विद्यालयों में खेल सामग्रियों का भी अभाव है ऐसी स्थिति में खेल का बढ़ावा मिलन कठिन है ।इसके बाद सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने एक प्रस्ताव लाया की कम से कम प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय पर सुविधा संपन्न स्टेडियम का निर्माण कराने और जिले के प्रत्येक मध्य विद्यालय , उच्च विद्यालय और कालेज में खेल का मैदान और खेल सामग्री की व्यवस्था कराया जाने की मांग जिला पदाधिकारी से किया जाये जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । अंत में खेल के बढ़ावा देनेवाले श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह और बिनोद कुमार सिंह अंग वस्त्र माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया । समारोह में पुलिस पदाधिकारी मुरलीधर धर पांडे, सिहेंश्वर सिंह, सत्यचंडी महोत्सव के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, अधिवक्ता बिनोद मालाकार , गिरजेश नारायण सिंह, शिक्षक उज्जवल रंजन, धर्मेन्द्र कुमार सिंह , रामकिशोर सिंह आदि थे । धन्यवाद ज्ञापन खेल कौशल के संयोजक रामाकांत सिंह ने किया ।

# टेकरी ग्राम के बेनीपुर के ग्रामीणों ने श्रावण मास के अवसर पर ग्रामीण देवी कल्याण मंदिर में किया पूजा -अर्चना .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया जिला के टेकरी ग्राम के बेनीपुर में हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीणों ने श्रावण मास की विशेष वार्षिक पूजा ग्राम के कल्याण देवी मंदिर में धूमधाम से किया . बताते चलें कि यह कार्यक्रम दिन मंगलवार को किया गया. उपस्थित श्रद्धालुओं भक्तों ने दुर्गा सप्तशती



का 09पाठ 09 ब्राह्मणों द्वारा किया गया. पाठ के पश्चात हवन और कुमारी कन्या का खीर पूड़ी का भोजन कराने के साथ समापन किया गया.इस मौके पर ग्रामीण पाठ कर्ता व सहयोगी के साथ कुमारी कन्या में छोटी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, गुनगुन कुमारी, चिति कुमारी, फूजन, अभया, शांभवी, खुशी शालिनी, आरती, उपासना, काजल, अनुष्का, आदि मौजूद रहे.

# रक्षाबंधन के बाद पुरैनी का अतिक्रमण कारवाई शुरू होगी। और जनता को मिलेगी राहत।

**समाज जागरण फिरदौस अहमद**

भागलपुर (बिहार) जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी में अंचलाधिकारी सुजीत कुमार के आदेश के बाद अंचल से आए कर्मचारी ,अमीन ने कहा कि यह अतिक्रमण नाला सड़क 60 फीट है लेकिन कहीं 7 और 10 फीट पर ही सिमट गया है रक्षाबंधन के बाद यूको बैंक मुख्य सड़क से लेकर शमशाद चाय वाला एवं पुरैनी पंचायत भवन मुख सड़क से होते हुए मध्य विद्यालय पुरैनी तक सड़क मापी कराकर अतिक्रमण वाले स्थान को चिन्हित कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस के माध्यम से सूचना दे दी जाएगी। ताकि समय रहते अपना अतिक्रमण हटा लेंगे। 50 वर्ष पहले जहां से नाला था उसी स्थान पर अतिक्रमण मुक्त कर स्थाई नाले का निर्माण किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद जी इस जटिल समस्या का हल स्थाई रूप से करना चाहते हैं ताकि बार-बार ऐसी समस्या उत्पन्न नहीं हो। गरीब दुखिया लाचार मजबूर जो 75 वर्षों



से ऐसे विषम जल जमाव का दंश झेल रहे हैं अब आने वाले समय में ऐसा नहीं होगा। जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार का कहना है अतिक्रमण मुक्ति से ही जल जमाव का स्थाई समाधान है । दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि मुखिया सहवाज,आसिम जफर, सरपंच प्रतिनिधि नूर आलम,मेराज उर्फ लालू समिति प्रतिनिधि जहांगीर, अहद , अधिवक्ता जरा अहमद एवं वार्ड सदस्य मुश्ताक इश्तियाक रिजवान एवं सभी पंच सदस्य के साथ ग्रामीण जनता जफर अहमद राशिद उर्फ मिस्टर शाहजहां जहांगीर राजा अफरोज मुख्तार आलीम परवेज चायवाला जसीम अहमद अतिक्रमण मुक्ति कार्य शुरू को लेकर अंचल एवं प्रखंड के पदाधिकारी को शुक्रिया अदा किया है और गांव के लोगों को पूरा भरोसा है प्रखंड और अंचल के दो जांबाज पदाधिकारी अतिक्रमण से मुक्ति दिला कर बहुत बड़ी समस्या का समाधान करेंगे।

# भाई बहन का प्रेम रक्षाबंधन त्यौहार है पूर्व विधायक प्रत्याशी पप्पू यादव

**समाज जागरण सन्नी कुमार मंडल**

भागलपुर /नाथनगर (बिहार) राजद के कद्दावर नेता नाथनगर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विकास पुरुष सह पूजा शांति समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव को बहनों राखी बांध मिठाई खिलाई भाई पप्पू यादव के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही उनकी बड़ी बहन ने उनको आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेरा भाई बहुत आगे जाएगा और भगवान से प्रार्थना की। मेरा भाई मंत्री विधायक बन जाए और जरूरतमंद जनता के बीच अपनी सेवा सफलतापूर्वक पहुंच



सके। ऐसे भी मेरा भाई का अलग मान सम्मान है। वही जिले में विकास पुरूष के नाम से चर्चित है ।इतना ही नही तीनो विधान सभा क्षेत्र में जरूरतमंद तमाम जनता के बीच तन मन धन से सेवा में लगे हुए हैं। बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है, बहन को राखी त्यौहार को लेकर काफी उत्साह तथा उमंग अलग देखने को मिलता है।

# वोटर चेतना अभियान' के माध्यम से नए मतदाताओं के बीच जाएगी भाजपा:-संतोष कुमार

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार)30अगस्त को गौशाला प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी भागलपुर विधानसभा के एकदिवसीय वोटर चेतना अभियान के कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इसकी जानकारी जिला मिडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने दी।

बी एल ए 1 भागलपुर विधानसभा प्रभारी आशुतोष कुमार ढिल्लों ने विषय प्रवेश करते हुए कहा की भाजपा कार्यकताओं को 2024 की लोकसभा चुनाव के तहत नए मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने हेतु वह संशोधन करने हेतु कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ के वोटर को विश्वास में लाने का प्रयास करना है।

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की सरकार की योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ भी बताना है ।बूथ मजबूत हो तो चुनाव



में जीत सुनिश्चित हो जाती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ लेवल पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करें।

वरिष्ठ कार्यकर्ता विष्णु शर्मा ने कहा की वोटर चेतना महाअभियान समिति घर-घर जाकर 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाएगी ।इस कार्य में किसी तरह की चूक न हो, इसके लिए कार्यकर्ता शक्तिकेन्द्र वार निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्थानीय पदाधिकारियों का भी सहयोग लेंगे।

**कार्यशाला संचलान कुंदन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेश टंडन ने किया।**

इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी रोहित पांडेय, विधानसभा प्रभारी प्रदीप सिंह, स्वेता सुमन, अमरदीप साह,जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी,विनोद सिन्हा,पिंकी बगोरिया,प्रतिक आनंद,विजयमित्रा अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी,महामंत्री चंदन पांडेय,सुबोध चंदेल,शशांक घोष, सुधाकर सोनू,प्रीति पांडेय,रिंकू वर्मा, संजीव गुप्ता,संजय भट्ट,अजय राय,गौरव सिन्हा सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जा रही है संचालित।



प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ जनपद के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने एवं जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजना में पंजीकरण कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निगम सहित सभी निकायों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का सफल संचालन उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में बैठक में उपस्थित अधिकारियों को पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर 2023 से संपूर्ण देश में लागू की जा रही है। इस योजना का नोडल विभाग एमएसएमई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 5 वर्ष के लिए लागू की जा रही है, जिसके माध्यम से परंपरागत हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, उन्नतिशील टूल्स, कॉलेटरल फ्री लोन, डिजिटल भुगतान एवं ब्रांडिंग सपोर्ट करने का उद्देश्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 18 ट्रेडों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें बढई, लोहार, कुम्हार, सुनार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया बुनकर, दर्जी, नाव निमार्ता, अस्त्रकार, हथोड़ा और टूलकिट निमार्ता, मरम्मत करने वाला, मूर्तिकार, टोकरी, चटाई, झाडू एवं कायर बुनकर, गुड़िया और खिलौने बनाने वाला, मछली का जाल बुनना वाला आदि इत्यादि शामिल हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए एवं लाभार्थी को जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपने को किसी एक ट्रेड में पंजीकृत करना होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लाभार्थी को पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कराया जाएगा, इसके उपरांत लाभार्थी को ड्ट15000 का ई वाउचर दिया जाएगा, जिससे लाभार्थी अपने ट्रेड से संबंधित टूल किट को खरीद सकेगा। उन्होंने बताया कि टूलकिट प्राप्त कर रोजगार प्रारंभ करने वाले लाभार्थी को इच्छुक होने पर 1 लाख रुपए तक का 5% के सामान्य ब्याज पर बगैर किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। साथी उन्होंने यह भी बताया कि यदि लाभार्थी के द्वारा प्रथम फेस में लोन की धनराशि को चुकाने पर पुनः इच्छुक होने पर 2 लख रुपए तक का लोन 5% सामान्य ब्याज पर बगैर किसी गारंटी के उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र इच्छुक लाभार्थी किसी भी जन सेवा केंद्र के माध्यम से वेबसाइट स्त्रे५रॅ्ँ१ॅ.ड्ड५.ल्ल पर अपना ऑनलाइन आवेदन आगामी 15 सितंबर तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों का सत्यापन त्रिस्तरीय जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त उद्योग सदस्य संयोजक जिला क्रियान्वयन समिति प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना गौतम बुद्ध नगर अनिल कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर जनपद का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के अनुरूप अपनी कार्य योजना तैयार करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लाभार्थियों का लक्ष्य के अनुरूप पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की इस योजना में पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, कौशल विकास विभाग, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग तथा जनपद के विकासखंडो तथा तहसीलों एवं ग्राम सचिव व अन्य विभागों के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंच सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पंजीकरण कराने के उद्देश्य से जनपद में

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का जनपद में व्यापार प्रचार प्रसार करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

जनपद में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कराए जाएं लाभार्थियों के पंजीकरण।

जन सुविधा केंद्र के माध्यम से शिविर लगाकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति का पंजीकरण कराना सुनिश्चित किया जाए एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, कौशल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम प्रबंधक पूनम सिंह तथा अन्य संबंधित विभाग अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सजीव प्रसारण।

## डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं से किया संवाद।

**जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व चेक का किया वितरण।**





उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। माननीय मुख्यमंत्री जी ने रक्षाबंधन के पावन पर आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य व समग्र विकास के प्रति जागरूकता लाने का आह्वान किया, जिससे बालिका शिक्षा ग्रहण कर अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना समान लिंगानुपात स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी श्रृंखला में आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। संवाद कार्यक्रम में सर्वप्रथम मा0 मुख्यमंत्री जी के लखनऊ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया, उसके उपरांत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 16 एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व चेक का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, महिला कल्याण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध

# जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण एक्शन में

## *आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार गण जनपद में निरंतर चला रहे हैं जांच अभियान*

**खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जनपद में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 7 मिठाईयों के नमूने जांच के लिए किये संग्रहित**




आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर जांच अभियान चला कर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में विगत दिवस सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान के निदेशों के क्रम में व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेनू अग्रवाल एवं आर.पी. गुप्ता के विंची बेक हाउस सेक्टर 80 नोएडा से घी व काजू का नमूना तथा वीवीएस सिग्नेचर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर 155 नोएडा से खोये एवं दूध का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश एवं मुकेश कुमार के द्वारा स्टलिंग ग्रोसरी उद्योग केंद्र एक्सटेंशन टू ग्रेटर नोएडा से लाल मिर्च एवं हल्दी का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर एवं विशाल गुप्ता के द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम प्यावली व कलौंदा में छापेमारी की गई, जहां पर नकली पनीर व खोये की भट्टीयों के संचालन की शिकायत झूठी पाई गई व महागुण मार्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट से काजू की बर्फी का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जो 7 नमूने आज संग्रहित किए गए हैं, उनको जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किया जाएगा। जांच आख्या प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि आगे भी जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध

# जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने को लेकर डीएम मनीष कुमार वर्मा गम्भीर।

**जिला अधिकारी ने आज किया 4 प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण, दिये सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश।**

**विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति को लेकर अध्यापकों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

**सभी प्रधानाचार्य एवं अध्यापकगण समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का करें शत प्रतिशत निर्वहन।**

**विद्यालयों में साफ-सफाई पर रखा जाए विशेष फोकस, सभी मूलभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप की जाए सुदृढ़।**

**प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मिल रहे मिड-डे-मिल की गुणवत्ता पाई गयी सही।**

**विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने के उपरांत जिला अधिकारी द्वारा जलपुरा गौशाला का किया गया निरीक्षण।**



जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला प्रशासन के अधिकारीगण निरंतर भ्रमणशील रहकर औचक रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनावली, प्राथमिक विद्यालय मुबारिकपुर, प्राथमिक विद्यालय मकनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। जिला अधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान पाया कि प्राथमिक विद्यालय में मिलने वाला मिड-डे-मिल सभी छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता के साथ मानकों के अनुरूप मिल रहा है। जिला अधिकारी ने इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य/अध्यापकगणों को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाए साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच करते हुए अध्यापक गणों को निर्देश दिये कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष फोकस रखा जाए। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर ब्लाक बिसरख विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सन्तोषजनक पायी गयी। विद्यालय प्रांगण में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित बारातघर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त अद्यतन बारातघर का हस्तांतरण नहीं हुआ है, जिसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बारातघर का हस्तांतरण तत्काल कराये जाने के लिए एवं साथ ही अन्य विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराये जाने तथा उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। कम्पोजिट विद्यालय लखनावली ब्लाक बिसरख निरीक्षण के समय विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की व्यवस्था बहुत ही निम्न स्तर की पायी गयी। विद्यालय को हस्तांतरित कम्पोजिट ग्राण्ट मद से प्रधानाध्यापक द्वारा जो कार्य कराये गये है वह सन्तोषजनक नहीं है। आपरेशन कायाकल्प एवं कम्पोजिट ग्राण्ट के तहत कराये गये निर्माण कार्य की गुणवत्ता सन्तोषजनक नहीं पायी गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उक्त से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्नों का सन्तोषजनक प्रति उत्तर जिलाधिकारी को नहीं दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित प्रधानाध्यापक को भविष्य के लिये चेतावनी दी। प्राथमिक विद्यालय मुबारिकपुर ब्लाक बिसरख निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञानित हुआ कि कक्षा 2 के चार छात्रों के नाम अभिभावकों द्वारा विद्यालय से पृथक करा लिये गये है, जबकि माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निरन्तर आह्वान किया जा रहा है कि परिषदीय विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन कराया जाये, किन्तु उक्त विद्यालय में शासन के निदेशों के विपरीत नाम पृथक किये जाने सम्बन्धी प्रकरण असन्तोषजनक है। जिला अधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक/समस्त अध्यापकों को चेतावनी दी गयी कि गाँव में अभिभावकों से सम्पर्क कर छात्र छात्राओं नामांकन को बढाया जाये तथा राज्य सरकार द्वारा जो योजनायें बच्चों के लिये लागू की गयी है यथा निशुल्क यूनीफार्म, पाठ्य पुस्तक, जूता, मोजा, स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं मध्यान्ह भोजन योजना आदि से अभिभावकों को अवगत कराया जाये ताकि विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन हो सके। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में दो नवीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष के निर्माण का भी निरीक्षण किया गया, जिसकी भौतिक स्थिति देखने पर ठीक नहीं पायी गयी। अतिरिक्त कक्षा कक्ष के फर्श के मार्बल का कार्य अद्यतन अधूरा है, जिसके तत्काल पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। उन्होंने सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित एस0आर0जी0, ए0आर0पी0 एवं सहायक स्टाफ को निर्देशित किया कि विद्यालय में बच्चों का नामांकन बढ़वाये जाने में अपना योगदान देना सुनिश्चित करें। प्राथमिक विद्यालय मलकपुर ब्लाक बिसरख निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता निम्न स्तर की पायी गयी। विद्यालय में कार्यरत 6 अध्यापकों में से 4 अध्यापक अवकाश पर होना पाया गया, जबकि शासन द्वारा निर्देश दिये गये है कि एक समय में एक से ज्यादा अध्यापकों का अवकाश स्वीकृत न किया जाये क्योंकि ज्यादा अध्यापकों के अनुपस्थित रहने के कारण छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पडना स्वाभाविक है। उक्त स्थिति अत्यन्त खेदजनक एवं असन्तोषजनक है। विद्यालय में कार्यरत अध्यापक पढ़ाने में रूचि नहीं ले रहे है। विद्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में साफ सफाई एवं शिक्षा की गुणवत्ता एवं अवकाश सम्बन्धी नियमों का अनुपालन किये जाने के निर्देश दिये गये। विद्यालय निरीक्षण के उपरान्त जिला अधिकारी द्वारा गौशाला जलपुरा का निरीक्षण किया गया, जहां पर वर्तमान में लगभग 2500 गोवंश रखे जा रहे है। जिला अधिकारी सम्बन्धित अधिकारियों का आह्वान करते हुये गौशाला में शेड एवं उनके चारे आदि से सम्बन्धित व्यवस्था मानकों के अनुरूप करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एश्वर्या लक्ष्मी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

# बारकोड के माध्यम से अपने मोबाइल में आपदाओं में क्या करें व क्या ना करें एवं बचाव के उपायों युक्त जागरूकता सामग्री करें डाउनलोड।

## *भूकंप, आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ़ के उपायों को संकलित कर क्यू आर कोड के माध्यम से कराया जा रहा उपलब्ध*






जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी ने बताया कि जनपद में आपदाओं से बचाव के उपायों के लिए यूँ तो समाचार पत्रों के माध्यम से जागरुकता फैलाने का कार्य हो ही रहा है, लेकिन डिजीटल दौर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा इसे क्यू आर कोड के जरिये सभी लोगों तक पहुंचाने तक का कार्य कर दिया है। जिला आपदा विशेषज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया कि भूकम्प आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ के उपायों को संकलित कर एक क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे सभी स्कूलो हास्पिटल, मॉल, सिनेमा घरों एवं मैट्रो स्टेशनों पर इस क्यूआर कोड के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जायेगा। इसे जेनरेट करने वाले जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी बताते है कि इन दिनों जिले में व सर्पदंश आदि के चलते राहत कार्य के साथ ही जागरुकता का काम भी प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी (वि० / रा० ) श्री अतुल कुमार ने उन्हें प्रेरित किया था कि आज गांव गांव में मोबाईल उपलब्ध है। ऐसे में संचार क्रांति का फायदा उठाकर लोगों को अधिक जागरुक करने की दिशा में प्रयास करें। इसी के चलते आपदा विशेषज्ञ के द्वारा 40 पेज के उपाय एहतियात आदि संकलित कर एक क्य०आर० कोड जेनरेट करने का काम किया गया। अपने मोबाइल में किसी भी स्कैनर से इस बार कोड को स्कैन कर आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी ले सकेंगे। आपदाओं से होने वाली जनहानि की रोकथाम न्यूनिकरण तथा आम जनमानस में आपदाओं से बचाव के उपायों को डिजिटल माध्यम से भूकम्प, आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ से बचाव के उपायों को मात्र एक क्यूआर कोड स्कैन कर जान सकते हैं। लोगों से भी अपील है कि बार कोड को अधिक से अधिक शेयर किया जाये ताकि सभी को जानकारी मिल सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# अवैध अड्डों से खरीद कर मदिरा का सेवन ना करें, जिसमें मिथाइल एल्कोहल हो सकता है

यह एक घातक विष है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने एडवाइजरी की जारी

अवैध शराब की बिक्री के संबंध में फीडबैक मांगने के लिए मोबाइल नंबर किए गए जारी

अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के सेवन से जन सामान्य को बचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में आबकारी विभाग के द्वारा निरंतर रूप से कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया है कि अवैध अड्डों से खरीद कर मदिरा का सेवन ना करें। यहां पर बिकने वाली मदिरा जहरीली तथा उसमें मिथाइल एल्कोहल हो सकता है जो एक घातक विष है। इसके सेवन करने से व्यक्ति की आंखों की रोशनी भी जा सकती है तथा उसकी मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक प्रवृत्ति के लोग निजी स्वार्थवश अन्य प्रान्तों से अवैध मदिरा की तस्करी, विभिन्न तरीकों से अवैध मद्यनिष्कर्षण/अवैध मदिरा का निर्माण कर बिक्री करते है, इस प्रकार से तैयार अवैध मदिरा मे कई जहरीली कैमिकल मिले हो सकते है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब का धन्धा करने वाले दोषियों को आजीवन कारावास या 10 लाख तक का जुमार्ना या दोनों सजा एक साथ एवं मृत्यु दण्ड की सजा का प्रावधान है। एडवाइजरी में अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब के संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा फीडबैक भी चाही गई है, जिसके लिए सभी अधिकारियों के नंबर जारी किए गए हैं। ऐसी जानकारी मिलने पर कोई भी व्यक्ति आबकारी विभाग के टोल फ्री नंबर 14405, व्हाट्सएप नंबर 9454466019 या संबंधित मोबाइल नंबर 9454465654, 9454466423, 9454466424, 9454466425, 9454466426, 9454466427, 9454466428, 9454466429 पर जानकारी दे सकते हैं। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और अवैध शराब के कारोबारी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# गाजर घास का फसलों पर पड़ने वाले प्रभाव के साथ-साथ मानव जीवन पशुओं एवं पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव से जागरूकता तथा नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी की एडवाइजरी।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के कृषकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि जनपद की खरीफ फसलों में मुख्यतः धान, मक्का, मूँगफली, उर्द / मूंग एवं गन्ना प्रमुख फसले हैं। वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदो में गाजर घास का फसलो पर पड़ने वाले प्रभाव के साथ-साथ मानव जीवन पशुओं एवं पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराते हुए इसके नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए गाजर घास जागरूकता सप्ताह को एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। गाजर घास के प्रकोप की सम्भावना के दृष्टिगत बचाव एवं प्रबन्धन के लिए कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरूकता की आवश्यकता है। उक्त के लिए फसलवार सुझाव एवं संस्तुतियाँ दी गई है।

उन्होंने सुझाव एवं संस्तुतियाँ के संबंध में बताया कि गाजर घास (पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस), जिसे आम तौर पर कांग्रेस घास, सफेद, टोपी, असाडी, चटक, चांदनी आदि नामों से जाना जाता है। यह एक विदेशी अक्रामक खरपतवार है। भारत में पहली बार 1950 के दशक में दृष्टि गोचर होने के बाद यह विदेशी खरपतवार रेलवे ट्रैक, सड़कों के किनारे, बजर भूमि उद्यान आदि में लगभग 320 लाख है0 फसली और गैर फसली क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। यह एक वर्षीय शाकीय पौधा है, जिसकी लम्बाई 1.5 से 2 मी0 तक होती है। यह मुख्यतः बीजों से फैलता है। इसमें एक पौधे से लगभग 5000 से 25000 बीज प्रति पौधा पैदा करने की क्षमता रहती है। इनके बीजों का प्रकीर्णन हवा द्वारा होता है, जिससे इनकी संख्या में बढोतरी तेजी से होती है। पार्थेनियम पिछले कई वर्षो से खाद्यान फसलों, सब्जियों एवं उद्यानों में प्रकोप के साथ-साथ मनुष्य की त्वचा सबंधी बीमारियों, एग्जिमा, एलर्जी, बुखार तथा दमा जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण है। गाजर घास वर्ष भर फल-फूल सकता है परन्तु वर्षा ऋतु में इसका अधिक अंकुरण होने पर यह एक भीशण खरपतवार का रूप ले लेता है।आई0सी0ए0आर0 खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा हर साल गाजर घास जागरूकता सप्ताह का आयोजन कर जन सामान्य को इस अप्रिय खरपतवार का प्रबंधन एवं उन्मूलन करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसी क्रम में कृषि विभाग, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 16 से 22 अगस्त 2023 गाजर घास नियंत्रण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाना है। जिसके अन्तर्गत गाजर घास नियंत्रण एवं उन्मूलन संबंधी बिंदुवार सुझाव एवं संस्तुतियों को अपनाकर गाजर घास का नियंत्रण किया जा सकता है

1. कृषको को गाजर घास के दुष्प्रभाव एवं नियंत्रण के बारे में जानकारी देकर जागरूक करना।
2. वर्षा ऋतु में गाजर घास को फूल आने से पहले जड़ से उखाड़कर कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाना चाहिए।
3. वर्षा आधारित क्षेत्रों में शीघ्र बढ़ने वाली फसले जैसे-देचा, ज्वार, बाजरा, मक्का, आदि की फसले लेना चाहिए।
4. अक्टूबर नवम्बर में अकृषित क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक पौधे जैसे-चकाडा (सेन्ना सिरसिया) की बीज एकत्रित कर उन्हें फरवरी मार्च में छिड़क देना चाहिए। यह वनस्पतियां गाजर घास के वृद्धि एवं विकास को रोकती है।
5. घर के आस-पास, बगीचे उद्यान एवं संरक्षित क्षेत्रों में गेंदे के पौधे उगा कर गाजर घास के फैलाव एवं वृद्धि रोका जा सकता है।
6. रासायनिक नियंत्रण के लिए ग्लाइफोसेट (1.0 से 1.5 प्रतिशत) अथवा मैट्रीब्यूजिन (0.3 से 0.5 प्रतिशत) का छिड़काव करना चाहिए।

7. जैविक नियंत्रण के लिए मैक्सिकन बीटल (जाइगोगामा बाइक्लोराटा) नामक कीट को वर्षाऋतु में गाजर घास पर छोड़ना चाहिए।

8. अपने परिसर को गाजर घास से मुक्त करने के लिए सभी सम्भव प्रयास करना चाहिए।

राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# राखी का मंगलमय सूत्र वस्तुतः मनुष्य के सामाजिक कल्याण एवं बहन के निश्चल सरल और पवित्र प्रेम का प्रतीक है

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

रक्षाबंधन भारतीय लोक संस्कृति की एक सुंदर परंपरा है। सावन की पूर्णिमा को मनाया जाने के कारण या पर्व "श्रावणी" नाम से भी जाना जाता है। संस्कृत रक्षा शब्द का हिंदी रूप राखी है। रक्षाबंधन का प्रारंभ कब और कैसे हुआ इस संबंध में कोई निश्चित प्रमाण उपलब्ध नहीं होता। एक किंवदन्ती प्रसिद्ध है कि एक बार देवताओं और राक्षसों का युद्ध शुरू हुआ, संघर्ष बढ़ता ही जा रहा था। देवता परेशान हो उठे। उनका पक्ष कमजोर होता जा रहा था। उस समय इंद्र की पत्नी ने देवराज इंद्र की विजय एवं मंगलकामना से प्रेरित होकर एक दिन इंद्र को राखी बांधकर युद्ध भेजा। राखी के प्रभाव से इंद्र विजयी हुए। उसी दिन से राखी का महत्व स्वीकार किया गया। और रक्षाबंधन की परंपरा प्रचलित हो गई। रक्षाबंधन की शुरूआत का सबसे पहले साक्ष्य रानी कर्णावती व सम्राट हुमायूं है। मध्यकालीन युग में राजपूत व मुसलमानों के बीच संघर्ष चल रहा था। रानी कर्णावती चित्तौड़ के राजा की विधवा थी। उस दौरान गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह से अपनी और अपनी प्रजा की सुरक्षा का कोई रास्ता ना निकलता देख रानी ने हुमायूं को राखी भेजी थी। तब हुमायूं ने उनकी रक्षा कर उन्हें बहन का दर्जा दिया था। दूसरा उदाहरण अलेकजेंडर व पुरु के बीच का माना जाता है। कहा जाता है कि हमेशा विजयी रहने वाला अलेकजेंडर भारतीय



राजा पुरु की प्रखरता से काफी विचलित हुआ। इससे अलेकजेंडर की पत्नी काफी तनाव में आ गई थी। उसने रक्षाबंधन के त्यौहार के बारे में सुना था, सो उसने भारतीय राजा पुरु को राखी भेजी। तब जाकर युद्ध की स्थिति समाप्त हुई थी। एक अन्य उदाहरण कृष्ण व द्रौपदी को माना जाता है। कृष्ण भगवान ने दुष्ट राजा शिशुपाल को मारा था। युद्ध के दौरान कृष्ण के बाएं हाथ की उंगली से खून बह रहा था। इसे देखकर द्रौपदी बेहद दुखी हुई और उन्होंने अपनी साड़ी का टुकड़ा चीरकर कृष्ण की उंगली में बांधा जिससे उनका खून बहना बंद हो गया। तभी से कृष्ण ने द्रौपदी को अपनी बहन स्वीकार कर लिया था। बरसों बाद जब पांडव द्रौपदी को जुए में हार गए थे। और भरी सभा में उनका चीर हरण हो रहा था तब कृष्ण ने द्रौपदी की लाज बचाई थी।

इसके अलावे मुसलमानों के शासनकाल में यवन लोग जिस किसी सुंदर कन्या को देखते थे, उसे बलपूर्वक उठा ले जाते थे। इस विपत्ति से बचने के लिए कन्याएं रक्षाबंधन का एक पवित्र धागा भेजकर बलवान राजाओं को भाई बना लेती थी। इस प्रकार उनके सहायता से वे अपने मान मयार्दा की रक्षा करती थी।

बाद में रक्षाबंधन भाई बहन के स्नेह का पर्व माने जाने लगा और आज इसी रूप में मनाया जाता है। बहन अथवा धर्म बहन अपने भाई के माथे पर चावल एवं कुमकुम का टीका लगाकर हाथ में राखी बांधती है। राखी बंधवा कर भाई बहन की रक्षा का भार अपने ऊपर लेता है।

राखी का मंगलमय सूत्र वस्तुतः मनुष्य के सामाजिक कल्याण का सूत्र एवं बहन के निश्चल सरल और पवित्र प्रेम का प्रतीक है।

बहन के अतिरिक्त ब्राह्मण अपने यजमानो को राखी बांधते हैं। उसमें यजमान को आशीर्वाद देने एवं दक्षिणा प्राप्त करने की भावना ही निहित रहती है। राखी बांधकर अथवा बंधवा कर रक्षा का आश्वासन लिया और दिया जाता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि राखी के स्नेहमय सूत्रों से बंधने पर विदेशियों और विधर्मीयों ने भी राखी बांधने वाली बहन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी। आजकल रक्षाबंधन का पवित्र उद्देश्य समाप्त सा होता जा रहा है। इसलिए हमें चाहिए कि रक्षाबंधन के पुरातन धयेय को न भूलें। जिसने अपनी रक्षा के लिए हमारे हाथ में राखी बांधी है, चाहे वह सगी बहन ना भी हो फिर भी विशुद्ध भावनाओं से तन,मन, धन देकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। यदि या पुनीत भावना हमारे अंतःकरण में राखी बंधवाते समय रहेगी, तभी हम इस पर्व की पवित्रता को स्थिर रख सकेंगे अन्यथा नहीं।

# कायाकल्प की पियर एसेसमेंट टीम ने कोचाधामन , बहादुरगंज एवं दिघल्बेंक सीएचसी का किया निरीक्षण

**-अस्पताल के भीतर और परिसर की सफाई व्यवस्था को देखा और जानकारी ली**

**-सीएचसी की सफाई व्यवस्था से संतुष्ट दिखी कायाकल्प की टीम**

राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

जिले में सार्वजनिक स्तर पर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में साफ-सफाई और संक्रमण रोकने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए कायाकल्प योजना की शुरूआत की गई थी. जिसके तहत जिले के सामुदायिक अस्पताल से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में रख-रखाव व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए पियर एसेसमेंट टीम के द्वारा सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को कोचाधामन, बहादुरगंज एवं दिघल्बेंक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं रेफरल अस्पताल छातारगाछ रेफरल अस्पताल का एसेसमेंट किया गया. विदित हो कि कायाकल्प योजना के लिए पहले चरण में इंटरनल एसेसमेंट, दूसरे चरण में पियर एसेसमेंट तथा तीसरे चरण में राज्यस्तरीय टीम के द्वारा एसेसमेंट किया जाता है. जिसके तहत 70 अंक प्राप्त करने के बाद ही राज्यस्तर से टीम के द्वारा मूल्यांकन किया जाता है. पियर एसेसमेंट दल द्वारा जांच की गई. जांच के दौरान टीम ने संतोष व्यक्त किया तथा और बेहतर कार्य करने की नसीहत दी. टीम के सदस्यों ने अस्पताल की सुविधाओं को देखा. खासकर अस्पताल की सफाई व्यवस्था की टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया. इसमें खरा उतरने पर अस्पताल को पुरस्कार के तौर पर राशि मिलेगी. इस दौरान टीम के द्वारा अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सारी सुविधाओं की जानकारी ली गई. क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैशर इकबाल एवं जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी पूर्णिया डॉ अनिल कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से पियर एसेसमेंट किया गया है. क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैशर इकबाल ने बताया कि अस्पताल की व्यवस्था संतोषजनक थी. प्रसव कक्ष साफ-सुथरा था. हालांकि सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है. अस्पताल में आने वाले मरीजों को यहां से किसी तरह का संक्रमण नहीं हो, इसका हमलोग ख्याल रखते हैं. मालूम हो कि कायाकल्प योजना के तहत आने वाले राज्य के अस्पतालों को मुख्य रूप से पांच पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान है. कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रकार के मानकों को शत प्रतिशत धरातल पर उतारना जरूरी-

जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ विद्या ने बताया कि कायाकल्प कार्यक्रम से संबंधित पियर एसेसमेंट के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की सफाई शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर सभी को समझाया गया है. क्योंकि सभी तरह के संक्रमित व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वास्थ्यकर्मियों की होती है. इसके लिए साफ-सफाई को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है. प्रसव कक्ष के अंतर्गत आने वाले ओपीडी, ओटी सहित अस्पताल परिसर की सफाई नियमित रूप से करने पर विशेष बल दिया गया है. ब्लड स्पिल मैनेजमेंट, ग्लोविंग, मरकरी स्पिल मैनेजमेंट के साथ डॉक्यूमेंटेशन के बारे में भी बताया गया है. कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 8 तरह के मानकों से संबंधित अस्पताल प्रशासन को ध्यान देने के लिए कहा गया. पदाधिकारियों और कर्मियों को कायाकल्प भ्रमण (विजिट) से पहले किस तरह की तैयारी करनी है, इस बारे में बताया गया. पियर एसेसमेंट के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई पर ज्यादा ध्यान दिया गया. ओपीडी, ओटी समेत अस्पताल के परिसर को साफ सुथरा रखने के लिए कहा गया. कायाकल्प के जो भी 8 मानक हैं, उस पर अस्पताल को ध्यान देने के लिए कहा गया. मालूम हो कि योजना के तहत अगर अस्पताल का चयन होता है, एक बड़ी राशि मिलती है. उस राशि से अस्पताल में संसाधनों को बढ़ाया जाता है. साथ में अस्पताल कर्मियों को भी उसका एक हिस्सा दिया जाता है.

**कायाकल्प योजना के तहत कार्य करने के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश -**

पियर एसेसमेंट दल के जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी पूर्णिया डॉ अनिल कुमार ने बताया कायाकल्प योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाओं को विशिष्ट मानकों की दिशा में प्रोत्साहित करना, स्वास्थ्य सुविधाएं सहित स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनाना होता है. सामान्य रूप से विभिन्न अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा मुख्य रूप से तीन तरह की सुख सुविधाओं पर फोकस किया गया है. जिसमें स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और हॉस्पिटल इंफेक्शन व मरीजों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों का उत्तम व्यवहार, जिस पर अस्पताल प्रशासन को कार्य करना होता है.

**ग्रामीण अस्पतालों में बेहतर होगीं स्वास्थ्य सेवाएं -**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कायाकल्प योजना के तहत सभी तरह के स्वास्थ्य केंद्रों में सुधार को लेकर मुहिम शुरू कर दी गई है. ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिलास्तर पर स्वास्थ्य विभाग हमेशा तैयार रहता है. स्थानीय अस्पताल प्रशासन के अलावा जनप्रतिनिधियों एवं मरीजों के परिजनों को भी सहयोग करने की जरूरत है. स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी एवं अस्पताल प्रबंधन सुधार के लिए पूरी तन्मयता से लगा हुआ है. जिससे अस्पतालों में हो रहे गुणवत्तापूर्ण सुधार से मरीजों को भी काफी लाभ मिल रहा है.

**स्वास्थ्य संस्थाओं में पहले से बेहतर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर की गई चर्चाः सिविल सर्जन**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि कायाकल्प कार्यक्रम की जागरूकता को लेकर कार्य लगातार किया जा रहा है ताकि संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं में पहले से बेहतर सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके. पियर एसेसमेंट के दौरान अस्पताल में आने वाले मरीज एवं उनके परिजन या अभिभावकों की सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधारात्मक कार्य से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है. क्योंकि मरीजों को उचित प्रबंधन के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए सरकार द्वारा लाई गई कायाकल्प योजना से न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ होती , बल्कि स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर में पूर्व की भांति सकारात्मक बदलाव भी होता है. जिस कारण मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होती हैं. स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित व्यवस्था के साथ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं.

# ठाकुरगंजः मोबाईल दुकान में चोरी का किया गया उद्भेदन लैपटॉप के साथ चोर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 अगस्त को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के मंजर आलम पिता मो. रफीक आलम साकिन डॉगीबाड़ी, ठाकुरगंज स्थित बी.एस.एन.एल.टावर के समीप, पावर हाउस के पास मोबाईल दुकान से लैपटॉप चोरी कर लिया गया था। जिसके संबंध में ठाकुरगंज



थाना मे चोरी की घटना का कांड दर्ज किया गया तथा अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस टीम द्वारा सी.सी.टी.वी. फुटेज , वीडियो, तकनीकी अनुसंधान एवं विश्वस्त सूत्रों की सहायता से अररिया जिला के पलासी थानान्तर्गत ग्राम कठोरा, मालीटोला स्थित चोर के घर पर छापामारी किया गया। जहाँ से उक्त लैपटॉप के साथ राजकुमार मालाकार पिता स्व. साहदेव मालाकार साकिन कठोरा, मालीटोला, थाना-पलासी जिला अररिया को गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त एवं बरामद लैपटॉप को ठाकुरगंज थाना लाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म जयंती के अवसर पर खेल दिवस कार्यक्रम आयोजित

**वीरेंद्र, चौहान समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सरस्वती विद्या मंदिर मोतीबाग किशनगंज के विशाल प्रांगण में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म जयंती के पावन अवसर पर खेल दिवस का कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इसी मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष नंदकिशोर पोद्दार, शिशिर दास,कोषाध्यक्ष श्रीनाथुन प्रसाद एवं प्राचार्य नागेंद्र कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा की। इसी दौरान विद्या मंदिर के बहनों द्वारा संस्कृत भाषा में बहुत ही मनमोहक स्वागत गान प्रस्तुत किया गया जो सबके आकर्षण का केंद्र रहा। वही खेल प्रमुख नीरज कुमार सिन्हा एवं सुनील कुमार पांडेय तथा व्यवस्था प्रमुख शशिकांत चौधरी ने कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता के लिए संयुक्त रूप से एक उत्प्रेरक योजना बनाई थीं। जिसमें सभी आचार्य बंधुओ ने भीषण गर्मी में भैया बहनों के साथ ताल मेल बनाते हुए कुल 10 प्रकार के खेल सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए ।कार्यक्रम की यह विशेषता रही की सभी भैया बहन इस पारंपरिक खेलों में सहभागी बने रहे और भारत माता की जय घोष से संपूर्ण परिसर गुंजायमान रहा। वही विद्यालय के अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल एवं सचिव रामलाल सिंह सह



सचिव अनिल कुमार केजरीवाल एवं सदस्य कुमारी गुड्डी ,श्रीमती मालती देवी एवं सुशांत गोप, डॉक्टर मीना एवं हरिशचंद्र मिश्रा ने आनलाइन माध्यम से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेता भैया बहनों को पुरस्कार के साथ-साथ बधाइयां दी एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संतोष कुमार ठाकुर ने अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बुधवार को भारत रक्षा पर्व कार्यक्रम भारत नेपाल सीमा चौकी पानीटंकी में बड़े हर्सोल्लास के साथ मनाया

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

बुधवार को भारत रक्षा पर्व कार्यक्रम भारत नेपाल सीमा चौकी पानीटंकी में बड़े हर्सोल्लास के साथ मनाया । जहाँ सिलीगुड़ी मॉडल हाई स्कूल की छात्राओं ने सैनिक भाइयों के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधी और उनके सुखद भविष्य की कामना की। जहाँ जवानों ने भी रक्षा का संकल्प लिया

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नवीन कुमार राय 2IC,कार्यवाहक कमांडेंट , 41 वीं वाहिनी ने सर्वप्रथम सभी को रक्षा पर्व की बधाईयां दी और पर्व के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में अनेक पर्व मनाए जाते हैं । परंतु रक्षाबंधन ही एक ऐसा त्यौहार है जो पूरे विश्व में व्यापक तथा लोकप्रियता का रूप धारण कर चुका है । यह पर्व जाति धर्म वर्ण और भाषा की परिधि को तोड़कर आज भी सर्वमान्य और लोकप्रिय है ।प्रत्येक मनुष्य के अंदर रक्षा और मयार्दा का बीज शास्वत अवस्था में होता है ।




उन्होंने कहा कि इस पर्व के पीछे केवल शारीरिक रक्षा का सवाल नहीं है ।बल्कि संकल्पों के बंधन का भाव भी समाया होता है । इसके पश्चात सिलीगुड़ी मॉडल हाई स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर एस.एस अग्रवाल ने देश की रक्षा में सैनिको के योगदान को सराहा और रक्षाबंधन की बधाईयाँ दी और इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए रउ का धन्यवाद दिया ।

इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी श्री नवीन कुमार राय , ेक्ठ ,कार्यवाहक कमांडेंट , 41 वीं वाहिनी , श्री अचिन्त्या मित्रा , द्वितीय कमान अधिकारी , क्षेत्रक मुख्यालय रानीडंगा , श्री मोहित दाहिया , सहायक कमांडेंट , पानीटंकी समवाय , सिलीगुड़ी मॉडल हाई स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर एस.एस अग्रवाल , शिक्षक गण , बच्चे एवं सशत्र सीमा बल के बलकर्मी इस कार्यक्रम में शामिल हुए ।

# बागडोगरा में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

**उत्तम सिंहःसंवाददाताः दैनिक समाज जागरणः सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

युवती को काम का लालच देकर घर से ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का एक सनसनीखेज मामला बागडोगरा से सामने आया है। इस मामले में बागडोगरा थाने की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा हो कि 15 अगस्त को बागडोगरा थाना अंतर्गत एक युवती को एक युवक चाय बागान में काम करने का लालच देकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि जिसके बाद 6 युवकों ने युवती को शराब पिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के अगले दिन युवती मौके से फरार हो गई।



घटना के बाद युवती मानसिक रूप से टूट गई। युवती ने परिजनों को मंगलवार की रात पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित परिवार के तरफ से बागडोगरा थाने में शिकायत दर्ज करायी गई। जांच के बाद पुलिस ने बागडोगरा के हांसखोवा निवासी से नितिन टोप्पो को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी युवक को आज सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पीड़ित परिवार ने पूरी घटना में दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

# राज्यपाल सचिवालय, पटना के निदेशानुसार इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा की नई प्रबंधन समिति का एजीएम संपन्न

## नव निर्वाचित 20 सदस्यो ने सत्यनिष्ठा से कार्य करने का लिया शपथ और मैनेजिंग कमिटी के पदाधिकारियों का हुआ चयन

प्रतिनिधि, किशनगंज

श्रीकांत शास्त्री,जिलाधिकारी - सह - सभापति इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा की अध्यक्षता में इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी किशनगंज के नवनिर्वाचित प्रबंधन समिति का एजीएम समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई ।सर्वप्रथम डीएम ने सभी सदस्यो का स्वागत किया और उन्हें रेडक्रॉस हित में सत्यनिष्ठा/समर्पण का शपथ दिलवाया।

विदित हो कि राज्यपाल सचिवालय ,पटना से प्राप्त दिशा - निर्देश का अनुपालन करते हुए निर्धारित तिथि पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा के मैनेजिंग कमिटी का निर्वाचन पूर्ण हुआ था। यद्यपि एक पार्टी विशेष ने रेडक्रॉस सोसायटी को राजनीतिक बनाने का प्रयास किया तथापि निष्पक्ष रूप से इसके सदस्यों का चुनाव 27 अगस्त को संपन्न हुआ ।उसी दिन 25 अभ्यर्थी में अधिकतम मत प्राप्त करने वाले 20 अभ्यर्थी को मैनेजिंग कमिटी के सदस्य के रूप में निर्वाचित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तदालोक में राज्यपाल सचिवालय, पटना के निदेशानुसार नई समिति का एजीएम 30 अगस्त को शांतिपूर्ण ढंग से हो गया ।निवार्ची पदाधिकारी श्वेतांक लाल भी बैठक में उपस्थित रहे ताकि 20 सदस्यो के द्वारा अपनी समिति के पदाधिकारियों को चुना जा सके।

डीएम - सह - प्रेसिडेंट इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज की अध्यक्षता में आहूत इस एजीएम में नव निर्वाचित 20 प्रबंधन समिति के सदस्य द्वारा समिति का एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और एक कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया। साथ ही कार्यकारिणी समिति का गठन हेतु सदस्य को भी चुना गया ।इस प्रकार मैनेजिंग समिति के सदस्य से एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 5 कार्यकारिणी के सदस्य चुने गये।



बैठक में सर्वसम्मति से मैनेजिंग कमिटी का अध्यक्ष - डॉ इच्छित भारत, उपाध्यक्ष- शंकर लाल महेश्वरी, कोषाध्यक्ष - नागरमल झावर को चुना गया। तत्पश्चात 5 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए सदस्य चुने गए। कार्यकारिणी के सदस्य में 1.अजय गुप्ता 2.धनंजय प्रसाद जायसवाल 3.बिमल मित्तल 4.बुलंद अख्तर हाशमी 5. रमेश प्रसाद साह को चुना गया है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी में समर्पण,सेवा भाव से कार्य करने की कामना के साथ बैठक समाप्त हुई।

# सिलीगुड़ी से चोरी हुई बोलेरो बिहार से बरामद, दो गिरफ्तार

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

सिलीगुड़ी से चोरी हुई बोलेरो को प्रधान नगर थाना की पुलिस ने बिहार के गलगलिया से बरामद कर लिया है। वहीं, बोलेरो चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम निमा छिरिंग शेर्पा और मुकेश विश्वकर्मा है ।पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ दिनों




पहले गुरुंग बस्ती के वीर जवान मोड़ संलग्न इलाके से एक बोलेरो गाड़ी चोरी हो गई थी। जिसके बाद थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई।

पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कुछ ही घंटो के अंदर बोलेरो गाड़ी को बिहार के गलगलिया से बरामद कर लिया। वहीं, चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आज दोनों आरोपी को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया है।

# पत्रकार रमेश कुमार राही को मातृ शोक, गणमान्य लोगों ने दी संवेदना

**समाज जागरण**

कहलगाँव (बिहार) प्रखंड के मोहनपुर गोघट्टा पंचायत निवासी पत्राकार रमेश कुमार राही की 70 वर्षीय माता श्यामा देवी का रविवार रात्रि उनके कचहरीया स्थित आवास पर लंबी बीमारी से निधन हो गया। वे अपने पीछे 3 पुत्र कन्हाई पोद्दार,चंद्रशेखर पोद्दार,रमेश कुमार राही तथा तीन पुत्री पूनम,किरण और नीलम देवी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है ।वहीं उनके निधन पर जिला परिषद सदस्य जनार्दन प्रसाद आजाद,पूर्व मुखिया निशिकांत मंडल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं,पंचायत प्रतिनिधियों एवं व्यवसायियों ने उनके पैतृक गांव कचहरीया पहुंच गहरी शोक संवेदना व्यक्त की व शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिया ।वहीं उनका अंतिम संस्कार सोमवार को संध्या समय बाबा बटेश्वर स्थान स्थित उत्तरवाहिनी गंगा तट पर समस्त परिजनों एवं शुभचिंतकों के उपस्थिति में किया गया।


# जिले के साथ साथ अधिकारी पदाधिकारी गनों के साथ-साथ तमाम जनता जनार्दन को ढेर सारी, शुभकामनाएं

बैजूडीह पंचायत के मुखिया राजेंद्र हरिजन



बांका जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के तमाम जनता गण को रक्षाबंधन 2023 भाई बहन के पवित्र त्यौहार के अवसर पर रक्षाबंधन की ढेरो हार्दिक शुभकामनाएं !

समाज जागरण
भागलपुर (बिहार )


# झाड़ग्राम : ज्वालभंगा गांव में हाथी के शव मिलने से सनसनी

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

झाड़ग्राम शहर से सटा बंदरभुला बीट के ज्वालभंगा गांव के समीप खेत में एक मादा हाथी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बुधवार सुबह स्थानीय निवासियों ने हाथी के शव देखा, देखते ही देखते वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। उक्त घटना की खबर जंगल में आग की तरह ग्रामीण इलाकों से शहर तक पहुंच गई। कुछ ग्रामीणों ने तो उक्त स्थल पर पूजा पाठ करना प्रारंभ कर



दिया। इस बीच वन विभाग भी मौके पर पहुंचकर हाथी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी। पोस्टमार्टम के पश्चात ही पता चल पाएगा कि उक्त हाथी करंट के चपेट में आकर मौत हुई या उसे जहर दिया गया था। वन विभाग द्वारा इस संदर्भ में जांच प्रारंभ कर दी है। जांच के पश्चात ही पता चल पायेगा हाथी की मौत कैसे हुई। गौरतलब हो की इस जंगल क्षेत्र में पिछले कई दिनों से 30 से 40 की संख्या में हाथियों का झुंड विचरण करते देखा गया था। आए दिन हाथियों के तांडव से फसल जमीन व घर द्वार भी क्षतिग्रस्त करने का समाचार आम था।

# विद्या मंदिर की बहनों ने एसएसबी जवानों को राखी बांधकर लिया सुरक्षा का संकल्प

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोतीबाग किशनगंज के बहनों द्वारा एसएसबी 12 वीं बटालियन किशनगंज के प्रांगण में सैनिकों के बीच रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की दो बहनों नैना और पल्लवी मंडल के स्वागत गीत से हुआ। इसी मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेंद्र कुमार तिवारी,प्रभारी संतोष कुमार ठाकुर एवं बहनों के द्वारा रक्षाबंधन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा साथ ही रक्षाबंधन को राष्ट्र रक्षा बंधन का संदेश



दिया। इसी मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एसएसबी 12वीं बटालियन,कमाण्डेन्ट बरजीत ने अपने उद्बोधन में छात्राओं के हौसले को बढ़ाते हुए कहा कि अब हमारी बहनें रक्षा की गुहार नहीं लगायेंगी अब वह स्वयं देश की रक्षा कर सकेंगी। युद्ध जीतने के लिए आवश्यक है कि हम मारेंगे,मरें नहीं। और इसके लिए आवश्यक है कि जब शांति काल हो तब भी हम इतना पसीना बहायें कि दुश्मन को पसीना आ जाए। इसी दौरान प्राचार्य नागेंद्र कुमार तिवारी ने रक्षाबंधन के बारे में विभिन्न काल की ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख एवं महत्ता का उल्लेख किया। इसी अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी सन्तोष कुमार ठाकुर और जवानों के द्वारा भी सुन्दर देशभक्ति गीत के द्वारा देश के रक्षा के प्रति हम सबों के कर्तव्य को याद दिलाया गया। तत्पश्चात बड़े ही भाव और उत्साह भरे वातावरण में अपने अपने घरों से दूर रह रहे जवानों को रक्षा सूत्र बंधन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर आचार्य नीता सिंह जी, आचार्य कौशिक आनन्द,बहन रिमझिम, नैना, रोहिणी, पल्लवी मंडल, अंजली, पल्लवी साह, नीतू दास, रश्मि रानी, समीक्षा झा, अक्षिता जोनवाल ,अनुपम, रिया सेन, प्रतिभा, बिनीता, जिया रानी साह, अर्पिता, सोनाक्षी बसाक, कोमल, आराध्या,,मनु रानी, अनन्या,पलक, स्वस्तिका, मोहिता अग्रवाल, कोयल, कोमल, वैष्णवी, ब्यूटी आदि 31बहनों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# विद्युत विभाग ने मीटर बायपास कर बिजली चोरी कर रहे दो लोगों पर प्राथमिकी कराई दर्ज

**दैनिक समाज जागरण राजकुमार सिंह कोचस रोहतास**

मीटर बायपास कर विद्युत चोरी कर रहे लोगों के प्रति विभाग सख्त हो गई है। जिसमें विभाग ने कहीं ना कहीं छापेमारी कर विद्युत चोरी कर रहे लोगों के ऊपर प्राथमिक की दर्ज करा रही है। बुधवार के दिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाई, जिसमें मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे दो लोगों के विरुद्ध थाने मे प्राथमिक की दर्ज कराई है। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग एसडीओ प्रीतम कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी कर रहे लोगों के प्रति विभाग छापेमारी अभियान चलाई जिसमें पकड़े गए रोहतास जिले के



कोचस थाना क्षेत्र के परसियां निवासी इरशाद अंसारी पिता अब्दुल बारी के ऊपर 235327 हजार रुपए तथा परसथुआं ओपी थाना क्षेत्र के शेखबहुआरा गांव निवासी स्व.विश्वनाथ सिंह का पुत्र श्याम बिहारी सिंह के ऊपर 145082 हजार रुपए जुमार्ना के रूप में दंड लगाते हुए थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही दोनों थानाध्यक्षों ने विद्युत चोरी करते पकड़े गए लोगों के ऊपर प्राथमिक की दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने खड़ी कंटेनर में मारी टक्कर , सात लोगों की मौत चार घायल

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के पखनारी पेट्रोल पम्प के पास एक खड़ी कंटेनर ट्रक में एक स्कोर्पियों ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे मौके पर 7 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिवसागर थाना क्षेत्र के एनएच 2 स्थित पखनारी पेट्रोल पंप के समीप अहले सुबह तीन बजे के आसपास की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में सवार कुछ लोग झारखंड की तरफ से आ रहे थे तभी एनएच 2 पर पखनारी के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़ी कंटेनर ट्रक में जा टकराई जिससे 7 लोगों के दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। मृतकों में कैमूर जिला अन्तर्गत मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर खास निवासी अरविंद कुमार (45 वर्ष) पिता सरयू प्रसाद, रानी प्रेमलता प्रियदर्शी (42 वर्ष) पति अरविंद कुमार सिंह, आदित्य विश्वकर्मा (9 वर्ष), रिया कुमारी (12 वर्ष) पिता अरविंद कुमार सिंह, तारा कुमारी (22 वर्ष) पिता अरुण कुमार शर्मा, चांदनी कुमारी (20 वर्ष) पिता अरुण कुमार शर्मा




तथा सबार थाना क्षेत्र के राजमती देवी (60 वर्ष) पति सुदेश्वर शर्मा शामिल शामिल है।

वही घायलों में कैमूर जिला अन्तर्ग सबार थाना क्षेत्र के कुण्डारी निवासी सुदेश्वर प्रियदर्शी के पुत्र रवि नंदन, रवि नंदन प्रियदर्शी की पुत्र दिव्य कुमार, हाटा थाना क्षेत्र के बथना निवासी रामनाथ शर्मा के पुत्र उपेन्द्र शर्मा शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय पुलिस एवं लोगों की मदद से सासाराम सदर अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहाँ स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार स्कार्पियो में कुल 12 लोग सवार थें, और वह काफी तेज गति से आ रही थी और पखनारी गांव के समीप स्थित पेट्रोप पम्प के पास एनएच 2 के किनारे खड़ी कंटेनर ट्रक में पीछे से जा टकराई। स्कार्पियो की टक्कर इतनी भीषण थी की स्कोर्पियों खड़ी कंटेनर में जा घुसी और स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय थाना को दिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया।

# पैथोलॉजी के लाइसेंस बनवाने के लिए रिश्वत मांगे निगरानी की हत्थे चढ़े क्लर्क

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, रोहतास व्यूरो रोहतास**

पैथोलॉजी के लाइसेंस बनवाने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मी ने रिश्वत मांगे, जिसकी शिकायत निगरानी विभाग को की गई। जिस पर निगरानी की टीम ने सत्यापन कर मामला को सही पाते हुए बुधवार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करके पटना ले गई। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके निगरानी टीम ने कहा है कि सासाराम सिविल सर्जन कार्यालय में लिपिक संतोष कुमार को 55 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। निगरानी थाना कांड संख्या 31/20 23 को संतोष कुमार लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय सासाराम को 55 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए सासाराम स्थित मां दुर्गा मंदिर के सामने से केसरी ड्रेसेज के पास



आरा- सासाराम मुख्य पथ से रंगे पकड़ कर गिरफ्तार किया गया। परिवादी तुंबा गांव निवासी बबन सिंह ने निगरानी अन्वेषक को 11 जुलाई 23 को शिकायत दर्ज कराई थी, कि सीएस कार्यालय में संतोष कुमार क्लर्क सिविल सर्जन सासाराम द्वारा पैथोलॉजी लाइसेंस बनवाने के लिए रिश्वत की मांग की गई है। जिसका सत्यापन कराया गया। सत्यापन के क्रम में आरोपी को 55 हजार रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। इस मौके पर अनुसंधान कर्ता पवन कुमार, पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक धावा दल का गठन किया गया। जिसके द्वारा कार्रवाई करते हुए अभियुक्त संतोष कुमार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अतीत की वर्जनाओं को तोड़ा है, बल्कि वित्तपोषण में वृद्धि की है, निजी क्षेत्र और उद्योग जगत को प्रोत्साहित किया है": डॉ. जितेंद्र सिंह

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2040 तक बढ़कर 80 बिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान है

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को अतीत की बेड़ियों से 'खोलने' का साहसिक निर्णय लेने के बाद पूरा विश्व आज अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की ऊंची छलांग को स्वीकार कर रहा है।

उन्होंने एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, ह्लप्रधानमंत्री मोदी ने अतीत की वर्जनाओं को तोड़ा है और कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि यह पहले क्यों नहीं हो सकता था। साथ ही, भौतिक स्तर पर भी, इन्होंने वित्तपोषण में वृद्धि की है, निजी क्षेत्र और उद्योग जगत को प्रोत्साहित किया है। केवल 3-4 वर्षों के भीतर हमारे पास 150 से अधिक स्टार्टअप हैं।ह्व

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इसरो ने 380 से अधिक विदेशी उपग्रहों का प्रक्षेपण करके 250 मिलियन यूरो अर्जित किये और अमरीकी उपग्रहों के प्रक्षेपण से 170 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की है।

उन्होंने कहा, ह्लकुल मिलाकर, भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आज लगभग 8 बिलियन डॉलर की है, जो वैश्विक (बाजार हिस्सेदारी) का 2 प्रतिशत है, लेकिन पूरी दुनिया तीव्र गति को स्वीकार कर रही है और यही कारण है 2040 तक 40 अरब




डॉलर होने का अनुमान है। किंतु, लगभग 2-3 दिन पहले, एडीएल (आर्थर डी लिटिल) रिपोर्ट के अनुसार, हमारे पास 2040 तक 100 बिलियन डॉलर की क्षमता हो सकती है। यह एक ऊंची छलांग होने जा रही है। दुनिया अब यही उम्मीद कर रही है, क्योंकि हमने बहुत तेजी से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, हमने अनेक बार प्रक्षेपण किये हैं।ह्व डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि 2 सितम्बर को प्रथम सूर्य मिशन आदित्य-एल-1 के प्रक्षेपण के बाद महत्वाकांक्षी गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे परीक्षण में, संभवतः अगले साल की शुरूआत में, प्रथम मानव मिशन से पहले गगनयान पर "व्योममित्र" नामक एक महिला रोबोट होगी, जिसमें तीन अंतरिक्ष यात्री शामिल हो सकते हैं। इस बात से इंकार करते हुए कि अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत किसी अन्य देश के साथ प्रतिस्पर्धा में है, डॉ. जितेन्द्र सिंह ने दोहराते हुए कहा कि भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान और परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण हैं, जैसा कि संस्थापकों ने परिकल्पित किया है। उन्होंने कहा कि इसरो अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहा है और निजी विदेशी संस्थाओं और शैक्षिक संस्थानों के कई उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर चुका है।

रेलवे, राजमार्ग, कृषि, जल मानचित्रण, स्मार्ट सिटी, टेलीमेडिसिन और रोबोटिक सर्जरी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के बारे में चर्चा करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी भारत के लगभग हर घर तक पहुंची है।

# भारत के अंतरिक्ष मिशन अभियान चंद्रयान तीन में शामिल खुशबू ने भी देश में बढ़ाया दिनारा प्रखंड का मान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत नटवार थाना क्षेत्र के जमोढी. गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय सुर्यलाल की पोती और आकाशवाणी से सेवानिवृत्त आईबीएस अधिकारी अनिल श्रीवास्तव की पुत्री खुशबू श्रीवास्तव की कामयाबी ने देश में दिनारा प्रखंड के साथ-साथ बिहार का भी मान बढ़ाया है।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इसरो के महत्वपूर्ण मिशन चंद्रयान-3 को कामयाब करने और चांद के शिव शक्ति पॉइंट पर प्रथम बाहर आने में जिन महिला वैज्ञानिकों की अहम भागीदारी रही उनमें बिहार के रोहतास जिले की बेटी खुशबू श्रीवास्तव भी शामिल थी। खुशबू इस अभियान में प्रोजेक्ट मैनेजर (प्रोपल्शन मॉड्यूल सॉफ्टवेयर) चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल एवं लैंडर पर कार्य कर रही थी। खुशबू की सफलता पर जिले वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी है। गौरतलब हो कि खुशबू श्रीवास्तव जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत के राजपुर पंचायत क्षेत्र के जमोढी.गांव के सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय सुर्यलाल की पोती और आकाशवाणी से सेवानिवृत्त आईबीएस अधिकारी अनिल श्रीवास्तव की पुत्री है। अभी वर्तमान में खुशबू के पिता रायपुर में श्रीरावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के निदेशक हैं।उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद



फोन पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी फोन कर खुशबू से बात किया और उसे बधाई दिया। बताते चलें की खुशबू की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय रायपुर से हुई थी। वहीं से बीटेक कंप्यूटर साइंस एनआईटी रायपुर और एमटेक सॉफ्टवेयर सिस्टम बीआईटीएस पिलानी से की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद 2006 में इसरो के साइंटिस्ट इंजीनियर की चयन सूची में खुशबू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। ज्ञात हो कि खुशबू के टीम की जिम्मेदारी चंद्रयान-3 को चंद्रमा के कक्षा में स्थापित करना और चंद्रमा के सतह पर सुरक्षित लैंडिंग करने की थी। इससे पहले उन्होंने मार्स ऑर्बिटर मिशन व चंद्रयान दो ऑर्बिटर और लैंडर में भी अहम रोल निभाया था। खुशबू की इस उपलब्धि पर स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल, एमएलसी अशोक कुमार पांडेय,कमला कान्त दूबे, विद्यासागर सिंह, अमित राय, पप्पू राय,विजय क्रांति,दशरथ सिंह,पारितोष कुमार चौबे उर्फ झुन्नूजी सहित अन्य मुख्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

## प्रमुख बातें

चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल व लैंडर पर कार्य कर रही थी खुशबू

मार्स ऑर्बिटर मिशन व चंद्रयान-2 में भी अहम भूमिका निभाई थी

इसरो ने 2006 में चुना था सॉफ्टवेयर एक्सपर्ट के रूप में खुशबू को

2006 में इसरो में साइंटिस्ट के पद पर किया था योगदान

चन्द्रयान-2 आर्बिटर व लैंडर में भी निभाया अहम रोल

# राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स शेखर चौरसिया बिहार राज्य खेल सम्मान से पांचवी बार हुए सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर बिहार राज्य कला संस्कृति एवं युवा विभाग और बिहार राज्य खेल प्रधिकरण द्वारा ज्ञान भवन पटना में आयोजित बिहार राज्य खेल सम्मान समारोह में रोहतास जिला अंतर्गत दिनारा प्रखंड के गुनसेज गाँव के श्री दीनदयाल चौरसिया के बड़े पुत्र व राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स शेखर चौरसिया को महानिदेशक डीजी स्पोर्ट्स बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, श्री रविन्द्र शंकरण,अपर मुख्य सचिव क्ला संस्कृति एवं युवा विभाग,हरजीत कौर, कला संस्कृति एवं युवा विभाग खेल मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय, विशेष सचिव सह निदेशक कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक खिलाड़ियों की उपस्थिति में वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न राज्य में एथलेटिक्स खेल विधा के 800 मीटर दौड़ व 18 वीं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 पटना में 800 मीटर दौड़ मैं स्वर्ण पदक प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य का सम्मान बढाने के उपलक्ष्य में बिहार राज्य खेल सम्मान में राष्ट्रीय श्रेणी राज्य उत्कृष्ट खिलाडी सम्मान से सम्मानित किया गया।बेहद साधारण परिवार से तालुक रखनेवाले शेखर का जीवन पैरा एथलेटिक्स खेल की दुनियां में बेहद संघर्षपूर्ण




रहा है। पर कहते है न लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। यह सिर्फ एक पंक्ति नही बल्कि किसी की जिन्दगी का सार है। जहां इसका आत्मसात कर संघर्षरत जीत हासिल करने वालों में बिहार के राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स शेखर चौरसिया का नाम भी शामिल है। जिन्होंने लाख परेशानियां देखी लेकिन खुद पर यकीन ऐसा था कि आज उन्हें पूरी दुनियां उनके जज्बे को सलाम करती है। बताते चलें कि वर्ष 2010 में एक ट्रक एक्सडेन्ट में अपनी पूरी शारिरिक प्रक्रिया खोने के बाद पाँच सालों तक हॉस्पिटल में रहे उसके बाद भी शेखर ने शारीरिक आर्थिक परिस्थितियों से कभी हार नहीं मानी।अपने बेहद साधारण परिवार से तालुक रखने वाले पिता दीनदयाल चौरसिया व पूरे परिवार के कठिन परिश्रम व सहयोग से जीवन के हर एक कठिन रास्तों से लड़कर शेखर ने अब तक राष्ट्रीय स्तर पर देश के अलग-अलग राज्यों में आयोजित राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 14 स्वर्ण पदक,7 सिल्वर 3 ब्रॉन्ज जीत चुके है।वही वर्ष 2018 ,2019,व 2020-21 में राज्य कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण,उपमुख्यमंत्री व खेल मंत्री द्वारा लगातार 5 पांच बार राष्ट्रीय खेल सम्मान,राष्ट्रीय,उत्कृष्ट खिलाड़ी से अलंकृत हो चुके शेखर को बिहार राज्य खेल सम्मान 2023 से अलंकृत होने पर शेखर के घर व पुरे जिले में खुशी का माहौल है।

# करगहर - फूल्ली पथ का हुआ भूमि पूजन , लोगों में हर्ष का माहौल

## करगहर-फूल्ली पथ कि स्थिति जर्जर, आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की हो गई है मौत

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र के करगहर-फूल्ली पथ पर बुधवार को कुम्हिला पोखरा के समीप पथ को लेकर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन होने से लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया। ललिता देवी कंस्ट्रक्शन सासाराम के सौजन्य से करगहर- फूल्ली पथ का भूमि पूजन किया गया। जिसकी लागत खर्च अनुमानित राशि 6.44 करोड़ लाख बताया गया। संवेदक अनिल कुमार ने बताया कि जल्द-से-जल्द इस पथ में कार्य शुरू कराया जायेगा। इस पथ कि लंबाई 14.4 किलोमीटर व चौड़ाई 21.2 रहेगी। जो करगहर से सहवलिया दैत्रा बाबा स्थान तक कालीकरण कराया जायेगा । पथ के भूमि पूजन के दौरान स्थानीय लोगो में खुशी का माहौल देखा गया। इस पथ कि स्थिति इतनी जर्जर हो चूकी थी कि इस पर पर आने जाने वाले लोग कितने बार दुर्घटना का शिकार हो चूके है। वही पथ जर्जर हो जाने से आधा दर्जन लोगों की मौत हो चूकी है। ऐसे में इस पथ का मरम्मत कार्य शुरू होने की सूचना से लोग बहुत खुश है। वही अररूआ मुखिया राजू सिंह ने बताया कि करगहर - फुल्ली पथ से आमजनो के अलावा छात्र-छात्राओं को इस पथ से आने जाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों मे परीक्षार्थी बहुत बार दुर्घटना के शि-



मरीजों और बुजुर्गों को ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पथ पर मौजूदा हालात में वाहनों का आना- जाना कम होने के वजह से लोगों को काफी दिक्कत होती है। अन्य दो पहिया वाहन कितनी बार दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, जिसमें गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों का आज भी इलाज चल रहा है।

वही कुम्हिला गांव के पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक अयूब अंसारी ने बताया कि इस पथ पर ही रामनगीना सिंह महाविद्यालय अवस्थित है, जिसके सभी ...कार हुये है। ऐसे मे पथ कि पूजन होने से लोगों में आशा की उम्मीद जगी है।

इस पथ के भूमि पूजन के दौरान अररूआ पंचायत के मुखिया राजू सिंह भी मौजूद रहे। मौके पर राकेश बबुआन, मुन्ना सिंह ,अशोक सिंह, सोनू सिंह, डी एन सिंह, संतोष सिंह, विरेन्द्र शर्मा, रामप्रवेश शर्मा , शेरू अंसारी, आजाद अंसारी, दामोदर सेठ, चंदन सिंह, रोहित सिंह, मुन्ना राम, राकेश सिंह, चंदन सिंह, सत्येंद्र सिंह, विवेक सोनी, रवि गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्वावलोकन: वाई 12654 (महेंद्रगिरि) की लांचिंग

माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ 01 सितंबर 23 को मेसर्स मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई में 17ए फ्रिगेट (युद्धपोत) का अंतिम प्रोजेक्ट महेंद्रगिरि लांच करेंगी। महेंद्रगिरि जहाज का नाम उड़ीसा स्थित पूर्वी घाट की एक पर्वत शिखर के नाम पर रखा गया है। यह 17ए फ्रिगेट का सातवां जहाज है। ये युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 क्लास फ्रिगेट्स (शिवालिक क्लास) के बाद के हैं, जिनमें बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर तथा प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। नव नामित महेंद्रगिरि तकनीकी रूप से उन्नत जंगी जहाज है और स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के भविष्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए जो अपनी समृद्ध नौसैनिक विरासत को अपनाने के भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक रूप है।

प्रोजेक्ट 17ए कार्यक्रम के अंतर्गत मेसर्स एमडीएल द्वारा कुल चार जहाज और मेसर्स जीआरएसई द्वारा तीन जहाज निमार्णाधीन हैं। 2019-2023 के बीच अब तक एमडीएल और जीआरएसई द्वारा परियोजना के पहले छह जहाज लॉन्च किए जा चुके हैं। प्रोजेक्ट 17ए जहाजों को युद्धपोत डिजाइन गतिविधियों के लिए अग्रणी संगठन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा इन-हाउस डिजाइन किया गया है। 'आत्मनिर्भरता' के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रोजेक्ट 17ए जहाजों के उपकरणों और प्रणालियों के लिए 75 प्रतिशत ऑर्डर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सहित स्वदेशी प्रतिष्ठानों को दिए गए हैं। महेंद्रगिरि की लांचिंग हमारे राष्ट्र द्वारा आत्मनिर्भर नौसैनिक बल के निर्माण में की गई असाधारण प्रगति का एक उपयुक्त प्रमाण है।

# सरस्वती विद्या मन्दिर तिलौथू में किया गया खेल महोत्सव का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिला स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर तिलौथू के प्रांगण में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन के अवसर पर खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही रक्षा बंधन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति सदस्य महेंद्र ओझा,पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश चौरसिया , वनवासी कल्याण आश्रम के रवि उरांव एवं प्रधानाचार्य धनंजय शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना कर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत वंदना के बाद आगत



अतिथि द्वारा उद्बोधन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के बारे में विचार रखा गया। तत्पश्चात सभी विद्यालय के छात्रों को छात्राओं द्वारा राखी बांधी गई।और दिन भर विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेल के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी परम्परा चलन की जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम में चयनित बच्चों को वंदना सभा में पुरस्कृत किया जायेगा।जिसकी जानकारी प्रधानाचार्य धनंजय ने दिया। बड़े ही उल्लास पूर्ण माहौल में कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

# पुलिस ने छह वारंटियों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत दिनारा थाना के पुलिस ने छह वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार निवासी गर्जन राम तथा उसके पुत्र नीतीश राम व चंदन राम, स्वर्गीय राजेंद्र कहार के पुत्र मुक्तेश्वर कहार, जगनारायण शाह के पुत्र भोला कुमार एवं महावीर सिंह के पुत्र दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर अनुमंडल दंडाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा वारंट निर्गत किया गया था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद उक्त सभी वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पूर्व वार्ड पार्षद के पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच बांटी गई पाठ्य सामग्री

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिला स्थित नगर परिषद बिक्रमगंज के पूर्व वार्ड पार्षद धनगाई निवासी स्व.कमलेश सिंह की पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव धनगाई में मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्व.सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लोगों ने दो मिनट का मौन रख मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की।लोगों ने उन्हें एक समाजसेवी और गरीबों के



संरक्षक बताया। इस मौके पर धनगाई और नगर के आसपास के दर्जनों स्कूली बच्चों को कॉपी, कलम, रेजर, कटर सहित विभिन्न तरह की पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। नगर परिषद कर्मी रंगबहादुर सिंह, माधुरी सिंह, राहुल प्रियदर्शी, निधि सिंह, संतोष कुमार सिंह, उत्कर्ष सिंह, स्वातिका सहित कई लोगों ने स्व. सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।

# रोहितेश्वर मंदिर पर दर्शन के लिए लगी कतार

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास जिला स्थित कैमूर पहाड़ी के रोहितेश्वर मंदिर पर वर्षों से सावन के महीने के अंतिम दिन यानी पूर्णिमा के दिन सैकड़ों की तादाद में लोग मंदिर




दर्शन किया। जहां अपने भाइयों को राखी के पावन त्यौहार पर पूजा कर राखी बांधने का परंपरा वर्षों से चला आ रहा है। लोग अलग-अलग घाटों से पहाड़ी चढ़ कर दर्शन करने को जाते हैं वही पहाड़ी के मेढा घाट पार्क आरसीबी गैस एजेंसी के डीलर परवीन कुमार के द्वारा रोहतास गढ़ किला और मंदिर पर जाने आने वाले यात्रियों के लिए शरबत पानी पार्किंग की व्यवस्था की वहीं सरकार के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मेडिकल कैंप लगाए गए जिसमें बीसीएम आजाद कुमार अपनी टीम लेकर एएनएम एवं डॉक्टरों को दवा लेकर प्राथमिक उपचार के लिए बैठाए गए बताते चलें कि कैमूर पहाड़ी पर जो चोराशन मंदिर है वह एक इतिहास मंदिर है जिस पर चढ़ने के लिए 84 सीढ़ियां चढ़नी होती है इसीलिए इसका नाम चोरासन मंदिर के नाम से जाना जाता है

इस अवसर पर समाजसेवी राजबली सिंह, कमता यादव, उत्तम कुमार, विशाल देव, अजय यादव, रामू प्रसाद, अनिल सिंह, संजय यादव, तथा अस्पताल के संतोष कुमार, सुगंधा कुमारी, आरती सोनी, अमन कुमार, स्वास्थ्य कर्मी दिनभर सेवा करते थे दिखे।

# तीन क्विंटल गेहूं कि चोरी कर चोर हुए फरार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलासपुर गांव में मंगलवार की देर रात एक घर से अज्ञात चोरों ने तीन क्विंटल गेहूं चोरों ने चोरी कर फरार



हो गए। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि थाना अंतर्गत बेलासपुर गांव निवासी मुराली राय के घर रात 11बजे अज्ञात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर चोरी कर रहे थे । घटना की जानकारी तब हुई जब ग्रामीणों ने गेहूं का बोरा ले जाते देख शोर मचाया , तब तक चोर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। परिवार के लोग दो मंजिला मकान पर रहते हैं, घर में रखे तीन क्विंटल गेहूं व अन्य सामग्री लेकर फरार हो गए । घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# एक कुंतल मिश्रित छेने की मिठाई को खाद्य सुरक्षा विभाग ने कराया नष्ट

-तैयारी रक्षाबंधन के शुद्धता की

-खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच टीम को अपने उद्देश्य के क्रम में मिली बड़ी सफलता

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : रक्षाबंधन के त्योहार पर मिलावटखोरी रोकने के लिए निकली खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम को बुधवार को बड़ी सफलता मिली। आग लोगों की बिक्री के लिए रखे गए छेने की मिठाई में मिलावट पाए जाने पर टीम ने एक कुंतल छेने की मिठाई जिसकी कीमत लगभग 16 हजार है को मौके पर ही नष्ट कराया। टीम के इस कार्रवाई से मिष्ठान विक्रेताओं में हड़कम्प मचा रहा। टीम ने बलिया शहर, बांसडीह व बैरिया के बाजारों में संदिग्ध प्रतीत हो रही अलग अलग मिठाइयों के आठ नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजा।

सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन वेद प्रकाश मिश्रा



के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय के नेतृत्व में जांच टीम को शहर के कटहल नाले के पास स्थित एक मिष्ठान की दुकान पर जांच के दौरान लगभग 35 किलो छेने की मिठाई तथा खाकी बाबा के पोखरा के पास बैरिया की एक मिष्ठान की दुकान से लगभग 65 किलो मिश्रित छेने की मिठाई मिली। जिसके बाद टीम सख्त हो गयी। दोनों स्थानों पर मिले मिश्रित एक कुंतल छेने की मिठाई को टीम ने सामने ही तत्काल नष्ट कराया। जांच के दौरान टीम ने बलिया शहर, बांसडीह व बैरिया के बाजारों में संदिग्ध प्रतीत हो रही अलग अलग मिठाइयों के आठ नमूने लिये। सभी नमूनों को जांच के लिए लैब भेज दिया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राय ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, अनिल कुमार यादव व राकेश कुमार यादव रहे।

# निधरिया बाल गृह बालिका निकेतन में रेडक्रास ने मनाया रक्षाबंधन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों ने जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेडक्रास के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी/उपाध्यक्ष रेडक्रास के मार्गदर्शन में चेयरमैन रेडक्रास संजय गुप्ता के नेतृत्व में निधरिया स्थित बाल गृह बालिका निकेतन में बच्चियों के बीच जाकर रक्षाबंधन बनाया।

इस दौरान उपस्थित सभी बच्चियों ने रेडक्रास के सदस्यों को राखी भी बांधी तथा सदस्यों ने उन्हें मिठाई खिलाते हुए उपहार स्वरूप कॉपी व पेन दिया। रेडक्रास बलिया के संरक्षक सदस्य व जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ अभिषेक मिश्रा ने कहा कि रेडक्रास पूरे विश्व में मानव कल्याण व असहाय लोगों की सेवा के लिये जाना जाता है। इसी क्रम रेडक्रास की टीम इन बच्चियों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाकर इनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास कर रही है। चेयरमैन संजय गुप्ता ने कहा कि रेडक्रास की टीम सेवा भाव के अपने स्वभाव के अनुरूप रक्षाबंधन का पावन पर्व इन बच्चियों के बीच मनाने आयी है। आजीवन सदस्य नंदिनी सिंह ने इस दौरान उपस्थित बच्चियों से उनकी समस्याओं के विषय में



निजी रूप से विस्तार पूर्वक चर्चा किया। प्रधानाचार्य मधु सिंह ने रेडक्रास के सदस्यों का इस प्रकार के कार्यक्रम के लिये धन्यवाद व आभार प्रकट किया। मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मधु सिंह, चेयरमैन रेडक्रास संजय गुप्ता, संरक्षक सदस्य डॉ अभिषेक मिश्रा, आजीवन सदस्य नंदिनी सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन आजीवन सदस्य अभिषेक राय ने किया।

# कन्या सुमंगला योजना के संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एनआईसी कक्ष विकास भवन में आयोजित हुआ।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बांसडीह विधायक केतकी सिंह व जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बालिकाओं के साथ संवाद किया। साथ ही पात्र लाभार्थी बच्चों को गिफ्ट भी दिए। उसके बाद बालिकाओं को डमी चेक ,मिष्ठान आदि भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी विनोद सिंह, महिला शक्ति केंद्र की टीम एवं अन्य प्रोबेशन कर्मचारी उपस्थित थे।

# जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की काउन्सिलिंग की जा रही है। एमएससी कृषि हार्टिकल्चर, एग्रोनॉमी, बीएससी कृषि तथा एमकाम में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग एक सितंबर तक होगी। विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रम एमए, एमएसडब्ल्यू., एमएससी गणित एवं फिजिक्स तथा अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रमों




की भी काउंसिलिंग 02 सितंबर तक होगी। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अपना पंजीकरण, प्रवेश आवेदन पत्र, 2 फोटो, सभी शैक्षणिक अभिलेख एवं उसकी छाया प्रतियाँ, आधार कार्ड व उसकी छाया प्रति लेकर विवि के हजारी प्रसाद द्विवेदी अकादमिक भवन में पहुंचकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु विवि परिसर की मेंटरिंग सेल के विद्यार्थी हिमांशु मिश्र, रुद्रप्रताप सिंह, शिवम खरवार, अक्षय लाल, पवन गुप्त आदि नित्य उपस्थित रहते हैं। असुविधा होने की स्थिति में विद्यार्थी इस सेल से संपर्क कर सकते हैं। यह सूचना विवि परिसर की निदेशक, शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने दी है। प्रवेश सेल के प्रभारी डॉ प्रियंका सिंह ने कहा कि छात्र समय से उपस्थित होकर काउंसलिंग करा लें।

# परंपरा अनुसार एकौनी गांव में आयोजित हुई विराट कुश्ती प्रतियोगिता का

-जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अवलेश सिंह ने किया दंगल का उद्घाटन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : विकासखंड गड़वार के ग्राम सभा एकौनी में बुधवार को परंपरा के अनुसार विराट कुश्ती की भव्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। जदयू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अवलेश सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। 30 जोड़ी पहलवानों में दंगल प्रतियोगिता में अपने दांव पेंच का प्रदर्शन किया।

1942 से अनवरत आयोजित होने वाले इस विराट दंगल का उद्घाटन जदयू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवलेश सिंह ने किया। मुख्यअतिथि के रूप मे फीता काट कर तथा पहलवानो का हाथ मिला कर उद्घाटन किया। दूर-दूर से पहलवान आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजीपुर, देवरिया, महाराजगंज, गोरखपुर आदि जगहों से आकर अपना जोड़ा मिलवा कर अनेकों कलाओं का प्रदर्शन दिखाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवलेश सिंह ने कहा कि भारत की शान कही जाने वाली कुश्ती विधा को संरक्षित करने के प्रयास के क्रम में एकौनी गांव का यह प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर पहलवान जगदीश सिंह, वेदप्रकाश सिंह, फौजदार सिंह, विवेकानंद सिंह, राजकमल,



कपिलदेव, सुरेश धुसिया, राजनारायण सिंह, शेषनाथ सिंह, अनिल सिंह , पीडी सिंह, अमरजीत सिंह, दीपक सिंह, सुनील सिंह आदि मौजूद थे। निर्णायक की भूमिका प्रभुनाथ यादव, मोगा पहलवान ने निभाई। आयोजक जिला कुश्ती संघ के सचिव कविलास सिंह ने सबके प्रति आभार जताया।

# विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

-जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय

-पं. दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्रो. गौरहरि बेहरा रहे मुख्य अतिथि

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में "इंटरप्रिटिंग लिटरेरी थियरी : टेकस्ट्स एंड कंटेक्स्ट्स", विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि/ वक्ता प्रो० गौरहरि बेहरा , डीडीयू गोरखपुर तथा विशिष्ट अतिथि, डॉ. राम शर्मा, प्राचार्य, श्री सुदृष्टि बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीगंज, बलिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ० अजय कुमार चौबे ने किया।

मुख्य वक्ता प्रो. बेहरा जी ने अपने वक्तव्य मे लिटरेरी क्रिटिसिजम के अंतर के बारे मे बताया। उन्होंने बताया कि थ्योरी इन्टर्डिसप्लनेरी, कॉमन सेंसिकल, स्पेक्युलेटिव, एनालिटिकल और रेफलिक्सव होती है, जिससे उसे कठिन समझा जाता है। कहा कि साहित्यिक सिद्धांत की कठिनाईयों के बारे में समझने हेतु हमें साहित्यिक रचनाओं को अधिकाधिक पढ़ना चाहिए। डॉ० राम शर्मा ने साहित्यिक सिद्धांतों का सामान्य परिचय दिया। कहा कि साहित्य को समझने के लिए हमें अपनी रूचि विकसित करनी चाहिए। डॉ० अजय चौबे ने कहा कि साहित्य को समझने की तीन विधियाँ हैं- पढ़ना, देखना और सुनना । साहित्यिक सिद्धांत को फिल्मों के माध्यम से भी समझा जा सकता है। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ० दिलीप ने की। कार्यक्रम का संचालन कृति सिंह, स्वागत फैजान रजा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन धर्मेंद्र पाण्डेय ने किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजिका डॉ० सरिता पाण्डेय और सह-संयोजक डॉ० दिलीप कुमार मद्धेशिया और डॉ० नीरज कुमार सिंह रहे। आयोजक सदस्य कृति सिंह, मुस्कान सिंह, नम्रता पटेल, कृष्ण मोहन तिवारी, जितेंद्र पांडे, फैजन राजा, पुलकित श्रीवास्तव और आशीष कुमार तिवारी ने कार्यक्रम




को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर निदेशक, शैक्षणिक डॉ० पुष्पा मिश्रा, डॉ० प्रियंका सिंह, डॉ० आर० पी० सिंह, डॉ० विनीत सिंह, डॉ० रजनी चौबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का दूसरा दिन तकनीकी सत्र 2 से प्रारंभ हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉ० नीरज कुमार सिंह ने की। समापन समारोह के विशेष अतिथि प्रो० राम शर्मा रहे जबकि अध्यक्षता डॉ० सरिता पाण्डेय ने कीक प्रो० राम शर्मा जी ने "जूलियस सीजर में मनोविश्लेषण" पर एक बहुत ही रोचक व्याख्यान दिया। साहित्य को समझने के तरीके बताये। आपने परिसर में रंगमंच, रचनात्मक लेखन एवं पारिस्थितिक आलोचना की दिशा में कार्य करने का सुझाव भी दिया। डॉ० सरिता पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय पहले ही यह पहल कर चुका है। विवि के क्रियाशील रंगमंच प्रकोष्ठ की वे संयोजिका हैं। कहा कि रचनात्मक लेखन और पारिस्थितिक आलोचना पर भी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने छात्रों को इंडियन और वेस्टर्न लिटरेरी थ्योरी के तुलनात्मक अध्ययन का सुझाव दिया। जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया में मंगलवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवप्रवेशित छात्रों का पुराने छात्रों तथा प्राचार्यों से परिचय हुआ तथा उन्हें दिशा-निर्देश भी दिये गए। अंत में कुलपति प्रो० संजीत कुमार गुप्ता जी ने छात्रों को सम्बोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कहा कि विद्यार्थियों को अपने आप को कमतर आंकने की जरूरत नही है। आप लोग अपने परिवार के साथ-साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंक साथ ही एम० ए० (अंग्रेजी) अंतिम वर्ष के छात्रों के विदाई समारोह का भीआयोजन हुआ। जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में डॉ० अजय कुमार चौबे, डॉ० सरिता पाण्डेय, डॉ० नीरज कुमार सिंह, डॉ० दिलीप मद्धेशिया की उपस्थिति रही। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डाक विभाग ने शुरू की दीनदयाल स्पर्श योजना

**संतोष सिंह, समाज जागरण**

बलिया : टिकट संग्रहण की पहुँच बढ़ाने के उदेश्य से किये गये प्रयासों को मजबूत करने के लिए डाक विभाग द्वारा कक्षा 6 से 9 के बच्चों को पुरस्कृत करने हेतु "दीन दयाल स्पर्श योजना" नामक छात्रवृत्ति शुरू की गयी है। उक्त जानकारी डाक अधीक्षक बलिया हेमंत कुमार ने दी। बताया फिलैटली डाक टिकटों का संग्रह और अध्ययन है। इसके अंतर्गत डाक टिकटो के साथ-साथ अन्य फिलैटली उत्पादों का संग्रहण, इनकी खुबियों को समझना तथा इनके संबंध में शोध संबंधी कार्यकलाप करना, डाक टिकटो का खजाना जुटाना और इनको कैटेलॉग कर खूबसूरती से सजाना, प्रदर्शित करना तथा सहेज कर रखना शामिल है। इस योजना के अंतर्गत छात्रवृति की राशि रू0 500/- प्रतिमाह की दर से रू० 6000/- प्रति वर्ष होगी, जो कि तिमाही आधार पर देय होगी। इस छात्रावृति का उद्देश्य कम उम्र के बच्चों के बीच स्थायी तरीके से टिकट संग्रहण का प्रचार करना जिससे शैक्षणिक पाठ्यक्रम को मजबूत और पूर्ण बनाया जा सकता है। साथ ही यदि इसे एक शौक की तरह अपनाया जाय तो यह बच्चो का तनाव कम करने में मद कर सकता है।" इस छात्रवृति योजना में लाभार्थियों के चयन हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन की तिथि 5 सितम्बर 2023 से 5 अक्टूबर 2023 निर्धारित है। इसके अंतर्गत उम्मीदवार भारत में मान्यता प्राप्त विद्यालय का विद्यार्थी होना चाहिए, संबधित विद्यालय का फिलेटली क्लब होना चाहिए और उम्मीदवार क्लब का सदस्य होना चाहिए। यदि विद्यालय में फिलेटली क्लब नही है, तो उस विद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जिनका अपना फिलेटली जमा खाता है, के नाम पर विचार किया जा सकता है। फिलेटली डिपोजिट खाता डाकघर में न्यूनतम रू० 200/- से खोला जा सकता है। उम्मीदवार का शैक्षणिक रिकार्ड अच्छा होना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा विगत अंतिम परीक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक अथवा समकक्ष ग्रेड/ग्रेड प्वाइट प्राप्त किए हो। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारो के लिए 5 प्रतिशत की छूट होगी। छात्रवृति हेतु चयन परिमण्डल द्वारा आयोजित फिलेटली क्विज में प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को पोस्ट ऑफिस अथवा इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में अपने अभिभावको के साथ संयुक्त खाता होना चाहिए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन सेवा सदन स्कूल कथरिया पर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन सेवा सदन स्कूल कथरिया पर नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में माँ सुरसरी सेवा संस्थान,कथरिया बलिया द्वारा किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा सदन स्कूल कथरिया के प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहली बार इस दिवस को वर्ष 2012 में भारत के राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में नामित कर मनाया गया। यह दिवस देश के महान खिलाडियों को सम्मान स्वरुप याद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है,हमारे देश के राष्ट्रपतिआज के दिन इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद पुरस्कार जैसे खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक इंचार्ज राजनारायण सिंह, प्रिंसिपल सुमन सिंह, अंजली कनौजिया, अशोक सिंह, गौरव सिंह, भोला नाथ राजभर, नेहा राजभर, अंशिका सिंह, अंजली पाण्डेय आदि ने अपना योगदान दिया।

# वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों से 1.76 लाख राखी डाक का वितरण

-बरकरार है राखी धागों की अहमियत

-डाक विभाग ने राखी वितरण हेतु किये विशेष प्रबंध, ताकि किसी भाई की कलाई न रहे सूनी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/संतोष सिंह, समाज जागरण**

बलिया : हाईटेक समाज में वर्चुअल होते रिश्तों के बीच राखी के रेशम धागों की अहमियत अभी भी बरकरार है। डाक विभाग ने भी इस त्यौहार को लेकर तमाम तैयारियाँ की। डाक विभाग ने जहाँ राखी भेजने हेतु वाटरप्रूफ डिजायनर लिफाफे की व्यवस्था की, वहीं देर शाम तक डाकिया लोगों की राखी-डाक वितरित करते रहे, ताकि किसी भाई की कलाई सूनी न रह जाये। लोगों ने अपनी खुशी का इजहार डाक विभाग को शुक्रिया कहकर किया। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों से 1.15 लाख से ज्यादा राखियाँ देश-विदेश में भेजी गईं, वहीं देश-विदेश से प्राप्त 1.76 लाख राखी डाक का वितरण यहाँ डाकघरों द्वारा किया गया। रक्षाबंधन के लिए डाक वितरण के विशेष प्रबंध किए गए। अकेले



30 अगस्त को लगभग 23 हजार राखी डाक का वितरण वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों द्वारा लोगों को किया गया। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि रक्षाबंधन की महत्ता सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी खूब देखी गई। संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, सऊदी अरब, फ्रांस, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, ओमान इत्यादि तमाम देशों में 1,125 राखी डाक स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड पत्र द्वारा वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों से भेजी गईं। वहीं विदेशों में रह रही बहनों ने भी अपने भाइयों को डाक विभाग के माध्यम से राखी भेजा, जिन्हें डाकिया के माध्यम से तुरंत वितरित कराया गया। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग ने राखी डाक की बुकिंग के साथ-साथ स्पेशल सॉर्टिंग और इनके त्वरित वितरण हेतु डाकघरों से लेकर रेलवे मेल सर्विस और सॉर्टिंग हब तक में विशेष प्रबंध किये। आज भी डाक अपना संदेश भेजने का सबसे सरल और सुलभ माध्यम है, ऐसे में रक्षाबंधन पर ज्यादातर राखियां डाक से ही भेजी जाती हैं। चिट्ठियों के माध्यम से खुशियां बिखेरते रहने वाले डाक विभाग ने रिश्तों के इस त्यौहार को भी एक नया आयाम दिया है।

# उपजिलाधिकारी ने लेखपाल को किया निलंबित

**समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : उपजिलाधिकारी सिकन्दरपुर रवि कुमार ने तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गांग किशोर सहित पांच ग्राम पंचायतों के लेखपाल रहे विनय यादव को निलम्बित कर दिया है। उपजिलाधिकारी द्वारा जारी निलंबन पत्र में बताया गया है कि लेखपाल पर कस्बा स्थित एक सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराने का आरोप है।

लेखपाल के निलम्बन की कार्रवाई के बाद तहसील में हड़कंप मच गया है। एसडीएम द्वारा निलम्बित लेखपाल को राजस्व निरीक्षक कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। साथ ही मामले की जांच की जिम्मेदारी तहसीलदार सिकन्दरपुर संत कुमार विजय सिंह को सौंपी गई है।

# रक्षाबंधन की पूर्वसंध्या पर 18 वर्षीय युवक की चाकू से गोदकर हत्या

-पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का दौरा, दिया निर्देश

-बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र था मृतक, घटना से हाहाकार

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : खेजूरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव में मंगलवार रात्रि दरवाजे पर सो रहे युवक की अज्ञात बदमाशों ने चाकू से गोंदकर हत्या कर दिया। युवक की आवाज सुनकर परिजन दौड़े तब तक बदमाश भागने में सफल हो गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया तथा युवक को जिला अस्पताल ले जा रहे थे। जिसका रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए बलिया भेज दिया। उधर घटना की सूचना मिलते



ही पुलिस अधीक्षक एस आनंद भी मौके पर पहुंच गए। और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार खेजूरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव निवासी बादल पटेल (18) पुत्र हरेराम पटेल के नए मकान का गृह प्रवेश सोमवार को था। जिसमें सभी रिश्तेदार जुटे हुए थे। जबकि सामान उसके पाटीदार के घर पर रखा गया था। जहाँ मंगलवार की रात्रि बादल पटेल सोया हुआ था। जबकि उसकी मां मौसी और अन्य लोग महज 500 मीटर की दूरी पर सोए हुए थे। इसी बीच देर रात अज्ञात बदमाश पहुंचकर युवक के पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दिए। युवक की चीखने की आवाज सुन परिजन मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक टीडी कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र था। युवक की किससे दुश्मनी थी। इसका कोई सुराग अभी नहीं मिला है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : स्थानीय पुलिस ने एक गांव की लड़की को अपराह्न कर दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायायलय भेज दिया।

थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने वांछित जनों की तलाशी के क्रम में लड़की के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी थाना क्षेत्र के पड़री कोड़रा निवासी शहाबुद्दीन को ताड़ीबड़ागांव के इंग्लिशिया नहर पुलिया के समीप से गिरफ्तार के न्यायालय भेज दिया गया। अभियुक्त के ऊपर 366, 376, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत है।

# पिकप वाहन की बैटरी चोरी

**समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : नगरा गड़वार मार्ग के गोठाई चट्टी पर बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने पिकप की बैटरी की चोरी की।

सन्नी सिंह व ब्रजेश उपाध्याय के पिक अप की बैटरी व टेप रिकार्ड चोर खोल ले गये। पुलिस सीसी टीवी फुटेज से संदिग्धों की जाँच कर रही है। पिड़ित ने नगरा पुलिस को लिखित सूचना दे दी है।

# सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम (एनएसके-एफडीसी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों, हाथ से मैला ढोने वाले ( मैनुअल स्कैवेंजर्स), कचरा बीनने वालों और उनके आश्रितों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को बढ़ावा देना और देश भर में इन समुदायों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना हैं।

समझौता ज्ञापन लक्षित कल्याण कार्यक्रमों के लिए धन के प्रभावी आवंटन और उपयोग के माध्यम से समावेशी विकास में तेजी लाने की प्रतिबद्धता दोहराता है। संयुक्त



प्रयास सुरक्षा, शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता और स्थायी रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने वाली पहल को बढ़ाने का प्रयास करता है, जिससे इन श्रमिकों की समग्र उन्नति में योगदान हो सके। ये समुदाय हमारे परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए खराब मौसम का सामना करते हुए कड़ी मेहनत करते हैं।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम एक प्रमुख समर्पित संगठन है जिसका उद्देश्य आवंटित निधियों के पारदर्शी और प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय के साथ मिलकर सहयोग करना है। यह गठबंधन इन समुदायों को सशक्त बनाने वाले कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विशेषज्ञता और संसाधनों को समन्वित करता है।

इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, समान अवसरों और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साझा दृष्टिकोण का प्रमाण है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम सकारात्मक परिवर्तनों को लागू करने के लिए मिलकर प्रयास करने के उत्सुक हैं, ये एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देते हैं जहां हर व्यक्ति को बढ़ने का अवसर मिले और वह राष्ट्र के विकास में योगदान दे सके ।

# श्रद्धांजलि सभा कर लोकतंत्र सेनानी को नमन

समाज जागरण बलिया.: लोकतंत्र सेनानी एवं जेपी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में शोकसभा हुई। लोकतंत्र सेनानी शुभ्रांशु शेखर पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित शोक में लोकतंत्र सेनानी डा. अरूण कुमार श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण करके गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर द्विजेन्द्र कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में अररिया से रंजीत कुमार यादव हो सकते हैं भाजपा से कैंडिटेट!

**इस बार 150 नए और युवा प्रत्याशी उतारेगी भाजपा,दो से ज्यादा बार जीत चुके सांसद संगठन में भेजे जाएंगे**

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा एक साथ कई फॉमूलों पर काम कर रही है। पार्टी में मौजूदा सांसदों के टिकट काटने से लेकर नए चेहरों को मौका देने तक पर मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आजादी के 100 वें साल तक संसद में युवा प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए काम कर रही है। चुनाव में भाजपा 150 नए प्रत्याशी उतार सकती है। इनमें 41 से 55 साल की उम्र के प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होगी। भाजपा के एक महासचिव ने कहा कि पहली लोकसभा में 26 फीसदी सदस्यों की उम्र 40 से कम थी। बाद में संसद में युवा प्रतिनिधित्व कम होता गया । लोकसभा में तीन से 11 बार तक चुनाव जीतने वाले सांसदों की संख्या बढ़ती गई । इसे देखते हुए पार्टी दो या इससे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीत चुके नेताओं में से ज्यादातर को संगठन की जिम्मेदारी देने जा रही है। इसके अलावा अपवाद को छोड़कर किसी को राज्यसभा दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा। 80 फीसदी ऐसे लोगों को मौका मिलेगा जो कानून, चिकित्सा, विज्ञान, कला, आर्थिक मामले, तकनीक, पर्यावरण और भाषा के जानकार हों। दस सीट पर चुनाव हुए तो 2 ही ऐसे प्रत्याशी होंगे जो जातीय समीकरण या संगठन में योगदान के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे। देश में 65 फीसदी से ज्यादा युवा हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं। अगर एक शख्स को लगातार लोकसभा का टिकट मिलता है तो उसके साथी



कार्यकर्ता चुनावी राजनीति से बाहर हो जाते हैं।

इधर अति विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार अररिया लोकसभा में बीजेपी के प्रत्याशी रंजीत कुमार यादव होंगे पिछले दो दिनों में गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री से उनकी मुलाकात हुई और उन्हें तैयारी करने का दोनों नेताओं ने कहा है। बता दें कि युवा दिलों के धड़कन जोकीहाट से भाजपा के प्रत्याशी रहे भाई रंजीत कुमार यादव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। यादव बिरादरी से आते हैं। मजबूत पकड़ तो है हीं। साम दाम दण्ड भेद की कला में ये निपुण हैं। भाजपा के खांटी नेता हैं। जब से त्रिस्तरीय पंचायती राज कायम हुआ ये पलासी ब्लॉक में अपने परिवार को प्रखंड प्रमुख बनाते आ रहे हैं। भाजपा संगठन में भी ज्यादा समय देते हैं। बहरहाल यदि लोकसभा में युवाओं को तरजीह मिली तो अररिया सीट से रंजीत यादव का प्रत्याशी बनाना तय माना जा रहा है।

# माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 का आवेदन फॉर्म का तिथि बढ़ाने की मांग रामनाथ प्रसाद ने मुख्यमंत्री से की

**फारबिसगंज ।** रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य सह वरीय समाजसेवी रामनाथ प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार,शिक्षा विभाग एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से मांग किया है कि छात्रों का भविष्य को देखते हुए बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 आवेदन फॉर्म का तिथि बढ़ा दें।

इन्होंने कहा कि अधिकतर छात्र बीपीएससी शिक्षक भर्ती का परीक्षा देने में व्यस्तता के कारण और साइट स्लो और परीक्षा शुल्क फंसने और फाइनल सबमिट नहीं होने के कारण बिहार बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी-2023 का फॉर्म नहीं भर सका। गौरतलब हो कि एसटीईटी आवेदन फॉर्म भरने का तिथि 09 अगस्त से 23 अगस्त तक था। जो 23 अगस्त को खत्म हो गया। यानि पूर्व से सूचना दिए बगैर रातो रात फॉर्म का तिथि आया और रातों रात खत्म हो गया।

श्री प्रसाद ने कहा इसके अलावा अपीयरिंग छात्रों को भी बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 में आवेदन का मौका मिलना चाहिए और एसटीईटी में विषय कॉम्बीनेशन की बाध्यता समाप्त कर देना चाहिए। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का एक पत्र वायरल हो रहा है जिसमें लिखा है कि बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 का परीक्षफल प्रकाशन 18 सितंबर 2023 को ही प्रस्तावित है। एक तो 4-5 साल के लंबे इंतजार के बाद वेकेंसी आती है और ऊपर से इतनी हड़बड़ी।

रामनाथ प्रसाद ने कहा बिहार सरकार शिक्षा विभाग और बिहार विद्यालय



परीक्षा समिति अतिशीघ्र छात्रों का हित एवं भविष्य को देखते हुए एसटीईटी आवेदन फॉर्म का तिथि को बढ़ा देना चाहिए जिससे हजारों छात्रों को लाभ होगा और एसटीईटी अभ्यर्थी को परीक्षा की तैयारी के लिए कम से कम 2 महीने का समय दिया जाए एवं सिलेबस को स्पष्ट करके संशोधित किया जाए यथा विषय कॉम्बिनेशन की बाध्यता समाप्त किया जाए तथा अपीयरिंग छात्रों को भी फॉर्म भरने का मौका प्रदान करें। इसके अलावा श्री प्रसाद ने बिहार सरकार से कहा कि जल्द से जल्द नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी घोषित करें ताकि शिक्षक खुशहाल माहौल में बिहार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे।इन्होंने जोर देकर कहा कि नियोजित शिक्षकों को ट्रांसफर वाली सुविधा दें ताकि जो बच्ची मैके में नौकरी कर रही है उसे ससुराल जाने का मौका मिले तथा पुराने पेंशन का भी उन्हें लाभ दें।

# पूर्व प्रमुख सदानंद यादव के घुटने का सफल हुआ सर्जरी

**नई दिल्ली/पलासी।** पलासी ब्लॉक के कद्दावर नेता सह पूर्व प्रमुख निवर्तमान प्रमुख प्रतिनिधि सदानंद यादव के घुटने का सफल सर्जरी हुआ। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली में घुटने के सफल ऑपरेशन के बाद ईश्वर की कृपा से अब वो स्वस्थ हैं । स्वास्थ्य का हाल जानने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा "सैयद शाहनवाज हुसैन जी" इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल आये । इस मौके पर पलासी की वर्तमान प्रखंड प्रमुख श्रीमती चिंता देवी जी, भाजपा के प्रचंड नेता रंजीत यादव वहां मौजूद थे।



# देश की सभी माताओं और बहनों को प्रधानमंत्री मोदी जी का रक्षा बंधन पर बड़ा तोहफा

## बड़ा तोहफा देने के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार: रंजीत यादव

**अररिया।** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में कैबिनेट ने रसोई गैस सिलेंडर 200 रुपए सस्ता किया। उज्वला योजना के माध्यम से जिनको सिलेंडर मिला था, उन्हें 200 रुपये सस्ता सिलेंडर पहले से मिलता था अब उन्हें प्रति सिलेंडर 400 रुपये सस्ता मिलेगा। उक्त बात अपने आवासीय कार्यालय आश्रम चौक अररिया पर भाजपा के युवा नेता रंजीत कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की तरफ से 75 लाख बचे हुए परिवारों को भी उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिए जाएंगे देश की माताओं और बहनों को बड़ा तोहफा देने के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार। श्री यादव ने इसे रक्षाबंधन पर्व पर बहनों की खुशियां बढ़ाने वाला बताते हुए स्वगात किया है। देश की बहनों को बड़ा तोहफा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार प्रेषित करते हुए श्री रंजीत कुमार ने कहा कि यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि पीएम के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार आम जनमानस की आशाओं, आकांक्षाओं व जरूरत के प्रति बेहद संवेदनशील है।

# घमंडिया सरकार द्वारा त्योहारों पर छुट्टियों में कटौती को भाजयुमो ने बताया हिंदू विरोधी फैसला

**किया तुगलकी फरमान शीघ्र वापस लेने की मांग: प्रवीण कुमार**

**फारबिसगंज ।** बिहार की घमंडिया गठबंधन की सरकार लगातार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है चाचा भतीजे की सरकार हिंदुओं की भावनाओं को आहत और खिलवाड़ करने से बाज नही आ रही है, प्रदेश में अब क्या सनातन धर्म मे आस्था रखने वाले धार्मिक त्योहार भी मना नही सकते है? उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, बुलबुल यादव एवं जिला मंत्री करण सिंह संग बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी तुगलकी फरमान में त्योहारों पर छुट्टियों में की गई कटौती पर पत्रकारों के बीच अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी हिंदू विरोधी फैसले पर रोष प्रकट करते हुए इसे घोर दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया। कहा कि कुर्सी कुमार की सरकार ने हिंदुओं के भावना पर कुठाराघात करते हुए रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, हरितालिका तीज, जिउतिया, विश्वकर्मा पूजा,कार्तिक पूर्णिमा गुरुनानक जयंती सहित दीपावली, दुर्गा पूजा के आलावे छठ महापर्व में पहले से जारी 23 छुट्टियों को रद्द कर 11 छुट्टी किया जाना ना सिर्फ बेहद आपत्तिजनक है,बल्कि प्रदेश सरकार का हिन्दू विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने एक समुदाय को खुश करने और वोट बैंक की राजनीति को साधने वाले



इस तालिबानी निर्णय को शीघ्र वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि तुष्टिकरण राजनीति के प्रणेता नीतीश तेजस्वी की सरकार समाज को बांटने की नीति पर कार्य कर रही है जिसे बिहार की जनता 2024 एवं 2025 में करारा जबाब देकर इंसाफ करेगी।

# पनोरमा ग्रुप के स्थापना दिवस पर प्रॉपटी एक्सपो का अयोजन पूर्णियां के होटल पारस में 1 सितंबर को

**इच्छुक जन इस मौके पर अपने-अपने बजट अनुसार किफायती दरों पर जमीन सहित अपना घर-दुकान करवा सकेंगे बुकिंग**

**पूर्णियां।** पैनोरमा ग्रुप के 8 वें स्थापना दिवस के मौके पर सीमांचल इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ( पनोरमा ग्रुप) का एक दिवसीय प्रॉपटी एक्सपो 2023 का आयोजन किया जा रहा है । पूर्णियां के होटल पारस में 1 सितंबर को इस एक दिवसीय एक्सपो का उद्घाटन और कार्यक्रम को लेकर तैयारियां परवान पर है। इधर ई होम्स पैनोरमा, कॉरपोरेट कार्यालय आदि को सजाने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने पनोरमा ग्रुप पिछले 07 वर्षों से पूर्णिया-छातापुर में रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। साथ ही शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी छातापुर में पनोरमा अस्पताल व पनोरमा पब्लिक स्कूल का निर्माण किया है। अयोजित इस एक्सपो में लोग अपने-अपने बजट अनुसार किफायती दरो पर जमीन सहित अपना घर-दुकान बुकिंग करवा सकेंगे। बताते चलें कि इससे पहले पनोरमा ग्रुप पूर्णिया में भी 2016 से लेकर अब तक लगातार एक से बढ़कर एक पूर्णिया शहर के विभिन्न लोकेशन पर अपना प्रोजेक्ट




बनाकर कोशी-सीमांचल के लोगों को उचित मूल्यों में घर-दुकान देते आया हैं ।

पनोरमा ग्रुप 'ने रियल एस्टेट के आलावा शिक्षा - स्वास्थ्य व सामाजिक कार्यों में भी अपना अहम योगदान निभाते आया है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा करोना काल में लगे लॉकडाऊन में भी पनोरमा ग्रुप के टीम द्वारा बिहार से बाहर फंसे हुए लोगो को राशन पानी समेत घर तक पहुंचाने में भी अहम योगदान दिया था। रोजगार मुहैया भी कराया था।

# जेनिथ पब्लिक स्कूल में में खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## *खेल से शरीर और मस्तिष्क दोनो ही मजबूत होते हैं: कविता खान*

मंगलवार को स्थानीय जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर पुष्प माला पहना कर श्रदांजलि अर्पित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल कविता खान ने कहा की आज का दिन हॉकी के महान खिलाड़ी के याद मे राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है, खेल से शरीर और मस्तिष्क दोनो ही मजबूत होते है ।इसके बाद स्कूल के चारो हाऊस के बीच एक शानदार कबड्डी का प्रतियोगिता रखा गया ।प्रतियोगिता को सूचारु रूप करने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से आये स्कूल के ट्रेंड खेल प्रशिक्षक विवेक कुमार की देखरेख मे किया गया। इस अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में आर्यभट हाऊस प्रथम , बुद्धा हाऊस द्तीय और चाणक्य हाऊस तृतीय स्थान प्राप्त किया । आर्यभट्ट हाऊस ने 25 11 से - जीत हासिल की।



खेल प्रशिक्षक विकास कुमार ने बताया की सी बी एस ई के द्वारा आगामी कलस्टर खेल प्रतियोगिता मे इन्ही खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ट खिलाड़ियों को चुना जाएगा।

# शिशु भारती स्कूल की बच्चियों डीएम, एसपी , कारा अधीक्षक आदि को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की

**फारबिसगंज ।** ज़िला पदाधिकारी अररिया इनायत खान, ज़िला पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, अररिया मंडल कारा के अधीक्षक जवाहर लाल प्रभाकर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज खूसरू सिराज ने शैक्षणिक संस्थान शिशु भारती स्कूल की बच्चियों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाया। इस मौके पर बच्चियों ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर ज़िला पदाधिकारी श्रीमती खान ने कहा कि बच्चियों के साथ त्योहार मनाकर जो आनंद की अनुभूति हुई है वह अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि त्योहार के कई मायने होते हैं और उसमें सबसे प्रमुख होता है आपसी सम्बन्ध एवं भाईचारे की मिशाल। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई एवं बहनों के लिए सबसे प्रमुख त्योहार होता है।मौके पर डीएम, एसपी, जेल अधीक्षक, एसडीपीओ फारबिसगंज ने बच्चियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनलोगों ने आज उनके पास पहुँचकर न सिर्फ.रक्षा सूत्र बांधा है वरन उन्हें परिवार के सुख का सुखद एहसास कराया है। उनके इस कार्य से उन्हें एक नई ऊर्जा की प्राप्ति हुई जिससे समस्त ज़िला वासियों की बेहतरी के लिए अपने अपने स्तर पर अच्छे ढंग से अपने कार्यों को सजगतापूर्वक पूरा करने में सफल हो पाएँगे, ऐसा उन्हें विश्वास है। इस अवसर पर एक पहल के संस्थापक ई आयुष अग्रवाल ने कहा कि हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि ज़िला में तमाम पदाधकारियों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाने के मौका मिला। उन्होंने कहा कि अपन परिवार से दूर रहकर हम सभी को ही अपना परिवार मानकर हर दिन अच्छे के लिए कार्य कर रहीं ज़िला पदाधिकारी बधाई की पात्र हैं। एसपी श्री सिंह के लिए विशेष बताते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस कप्तान समाज को



परिवार के तरह चलाने का जो सार्थक पहल कर रहे हैं वह काबिले तारीफ है। शिशु भारती स्कूल के निदेशक कुणाल केडिया, प्राचार्य शशिकांत कुमार, शिक्षिका गीता दास, श्रावणी देव सहित बच्चियों में दर्शिता समदरिया, तनुश्री, अनुष्का गुप्ता, युक्ति बोथरा, सिद्धि बंसल, अनन्या जायसवाल, ऐनि देव, संजिता दास, खुशी डागा, प्रीत पुगलिया उपस्थित थे।

# पटना में दिनदहाड़े हत्या, व्यवसायी पर ताबड़तोड़ बरसाई गोलियां, इलाज के दौरान मौत

पटना. राजधानी पटना में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है. ताजा मामला दानापुर इलाके से जुड़ा है. मनेर में अपराधियों का तांडव देखने को मिला है जहां बुधवार की सुबह-सुबह दवा दुकानदार को गोलियों से भूना डाला. मृतक की इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना बुधवार को पटना के मनेर थाना क्षेत्र इलाके में हुई.

हथियारबंद अज्ञात अपराधियों ने मेडिकल दुकान संचालक को एक के बाद एक तीन गोलियां मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. आनन फानन में परिजनों ने उठाकर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर



दिया. मृतक व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी गोरख कुमार 26 वर्ष के रूप में की गई है.

गोलीबारी की घटना से इलाके में दहशत फैल गई. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाके की नाकेबंदी कर दी है और अपराधियों की गिरफ्तारी करने में जुट गई है. बताया जाता है कि मृतक गोरख कुमार अपनी मेडिकल की दुकान खोलने के जा रहा था, इसी दौरान ये घटना हुई.

हथियारबंद अपराधियों ने मनेर थाना क्षेत्र के हथियाकंद सराय के चौक के पास उसे गोलियों से भूना डाला और घटना को अंजाम देकर आसानी से हथियार लहराते हुए फरार हो गये. फिलहाल मनेर पुलिस इस मामले को लेकर छापेमारी कर रही है.

# 'जैसे बिहार अमेरिका हो गया, एक टढ नहीं पर ढट बना रहे', प्रशांत किशोर का लालू-नीतीश पर तीखा तंज!

मुजफ्फरपुर. जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर उर्फ पीके ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता को लेकर चल रही कवायद पर फिर बड़ा तंज कसा है. इसके साथ ही उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को भी अपने निशाने पर लिया. पीके ने मुजफ्फरपुर में बात करते हुए कहा कि आज बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है लेकिन, नीतीश कुमार का अहंकार सबसे बड़ा है. देश में है बिहार सबसे फिसड्डी और बात ऐसे करते हैं जैसे सबकुछ उन्होंने कर दिया है. आज फखऊका का एक भी लोकसभा सदस्य नहीं है, लेकिन लालू यादव प्रधानमंत्री से नीचे बात ही नहीं करते हैं. आज भारत का प्रधानमंत्री कौन होगा वो ये तय कर रहे हैं.

पीके ने कहा कि देश में बिहार सबसे गरीब और फिसड्डी है और नीतीश कुमार बात ऐसे करेंगे जैसे उन्होंने बिहार को अमेरिका बना दिया है. नीतीश कुमार पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं, मगर आज उनकी हालत अंधों में काना राजा की है. नीतीश कुमार बिहार में एकमात्र पढ़े लिखे व्यक्ति हैं, इस बात का भ्रम उनको हो गया है कि मैं ही सब जानता हूं और मुझे



ही सब मालूम है. नीतीश कुमार आज अपने इर्दगिर्द सब बेवकूफ लोगों को बैठाए हुए हैं.

बता दें कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के विरोध में लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्षी एकता की मुहिम के तहत 31 अगस्त और 1 सितंबर को क्ठउक्रअ अलायंस की बैठक मुंबई में आयोजित हो रही है. इसमें शामिल होने के लिए आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद मंगलवार को ही मुंबई पहुंच गए. इसी क्रम में 31 अगस्त को दोपहर बाद सीएम नीतीश कुमार भी पटना में मुंबई के लिए रवाना होंगे और 31 अगस्त एवं 1 सितंबर की मीटिंग में उपस्थित रहेंगे.

# रक्षाबंधन पर खान सर ने बंधवाई 7000 से ज्यादा राखियां, खुलवाने में लगेंगे पांच लोग

पटना. अपने पढ़ाने के तरीकों को लेकर देश-विदेश में चर्चित खान सर के लिए भी रक्षाबंधन बेहद खास होता है. अपने कोचिंग में पढ़ने वाले सभी लड़कियों को खान सर अपनी बहन मानते हैं. आज रक्षाबंधन के मौके पर खान सर की कोचिंग में विशेष व्यवस्था की गई थी. आलम यह था कि पैर रखने की भी जगह नहीं थी. वर्षों से चलती आ रही परंपरा के अनुसार खान सर कोचिंग में पढ़ने वाली सभी लड़कियों से राखी बंधवाते हैं. इस साल भी ऐसा ही कार्यक्रम रखा गया.

दस हजार से भी ज्यादा लड़कियां इस रक्षाबंधन के कार्यक्रम में जुट गई. खान सर भी सभी के पास घूम-घूम कर राखी बंधवा रहे थे. कार्यक्रम खत्म होते-होते खान सर का हाथ राखियों से भर गया. राखियों की संख्या लगभग 7000 हो गई. इसके बाद खान सर ने कहा कि इतना ज्यादा राखी हो गया कि चार पांच आदमी से खुलवाना पड़ेगा.

7000 से भी ज्यादा राखी बंधवाई खान सर की प्रसिद्धि किसी से छिपी हुई नहीं है. रक्षाबंधन के दिन तो गुरु-शिष्य नहीं, बल्कि भाई-बहन का प्रेम कोचिंग में देखने को मिलता है. भद्रा से पहले राखी बंधवाने के लिए खान सर ने अपने कोचिंग में आज ही रक्षाबंधन का कार्यक्रम रखा. इस कार्यक्रम में अपनी बहनों यानी कि पढ़ने वाली लड़कियों के लिए खाने का भरपूर प्रबंध किया गया था. सभी छात्राएं सुबह से राखी लेकर कोचिंग पहुंचने लगी. जब खान सर राखी बंधवाने के लिए अपनी बहनों के बीच पहुंचे तो राखी बंधवाने का सिलसिला घंटों चला.

उसके बाद खान सर का दाहिना हाथ राखियों से भर गया. खान सर ने बताया कि यह करीब 7000 हजार राखियां मेरे हाथों में है. इसको अभी खोलूंगा और एक-एक राखी गिन कर बताऊंगा.

ढाई घंटे तक चला यह सिलसिला राखी बंधवाने का यह सिलसिला करीब ढाई घंटे तक चलता रहा. खान सर खुद एक-एक छात्रा के पास जाकर राखी बंधवा रहे थे. इसके बावजूद कुछ लड़कियां बच भी गई. इसके बाद खान सर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पूरे विश्व में इकलौता ऐसा इंसान होऊंगा जो सबसे ज्यादा राखी बंधवाता है. हर साल यहां इसी तरह की तस्वीर देखने को मिलती है.

उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए ये सभी लड़कियां सिर्फ छात्राएं नहीं, बल्कि अपनी बहन है. इनके लिए आज गोलगप्पा सहित कई पकवान की भी व्यवस्था की गई है, जो मैं अपने हाथों से परोस कर खिलाऊंगा.

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों ने दिया मतदाता जागरूकता संदेश

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर शहर के स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला एवं पोस्टर के माध्यम से आम नागरिकों को निर्वाचन में निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

जिले में आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में हाई स्कूल मोपका के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मोपका चौक एवं मोहल्ले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया। शासकीय हाई स्कूल लिंगियाडीह के बच्चों ने भी लिंगियाडीह गांव के नुक्कड़ों में जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया। मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र, पीएनएस महाविद्यालय एवं एसबीटी कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बृहस्पति बाजार में मतदाता



जागरूकता हेतु रैली निकाली गई एवं मानव श्रृंखला बनाकर मताधिकार का उपयोग करने का महत्व बताया। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर बनाकर लोगों से मतदान करने की अपील की।

# कानपुर : पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही का नाम डॉ.आरके स्वर्णकार

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के नए पुलिस कमिश्नर डॉ . आर के स्वर्णकार ने अपराधियों के खिलाफ प्रभावी मोर्चा खोलने के साथ ही आगामी सभी त्योहारों को भी शांति और सदभाव के साथ मनाने की जोरदार अपील करते हुए तैयारियों को लेकर आवश्यक आदेश- निर्देश भी दिए हैं। इस बीच उनके लगातार जारी कठोर परिश्रम को हत्या समेत संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे में भी सफलता मिली है ,जिसके क्रम में हर तरह की अपराधियों की गिरफ्तारी का सिलसिला भी लगातार जारी है।

इसी के साथ पुलिस कमिश्नर डा. आर के स्वर्णकार की अगुवाई में जिस तरह की तगड़ी तैयारियां की गई है, उसके फलस्वरूप हिन्दू - मुस्लिमों के आगामी सभी त्योहारों को भी सकुशल और शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न होने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। इसके लिए वह अपने मातहतों को आवश्यक आदेश निर्देश भी लगातार दे रहे हैं।

इस दौरान पुलिस कमिश्नर डा. आर के स्वर्णकार ने पैदल गश्त करके लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना भी जागृत की। जन्माष्टमी समेत आगामी सभी त्योहारों को शांति और सदभाव पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में कठोर परिश्रम के साथ जुटे अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी विचारधारा के अनुरूप अपनी



नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में सैकड़ों सफेद पोश माफिया अपराधियों को भी भरपूर सबक भी सिखा चुके देश प्रदेश के कर्तव्य निष्ठ और बेहद ईमानदार आईपी एस अधिकारियों में से एक भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले मानवीय दृष्टिकोण के भी प्रबल पक्षधर कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर डा. आर के स्वर्णकार शांति और कानून व्यवस्था के खिलाफ हर स्तर की अनुचित सिफारिशों को जूते की नोक पर मारने के लिए भी चर्चित माने जाते हैं। यानी कर्तव्य के प्रति उनकी पूर्ण निष्ठा, उनकी इमानदारी, उनकी निष्पक्षता, उनकी पारदर्शिता, उनकी अभूत पूर्व नेतृत्व क्षमता, उनकी अदम्य साहस वाली कर्मठता, उनकी निडरता और उनकी कठोर परिश्रम शीलता ने अपने कर्तव्य का पालन करने में कभी कोई कसर नहीं रखी।

यही नहीं हिन्दू - मुस्लिमों के आगामी सभी त्योहारों को भी सकुशल और शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के अथक प्रयास में लगातार जुटे कानपुर के नये पुलिस कमिश्नर एडीजी डा. आर के स्वर्णकार के भारतीय पुलिस सेवा में आने के बाद उनके अब तक के जुझारू कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन आई पी एस अधिकारी के रुप में तेज तर्रार ,व्यवहार कुशल सरल और शालीन स्वभाव के एडीजी डा. आर के स्वर्णकार ने अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ समझौता आज तक नहीं किया। फिलहाल लोकहित में अपनी धुन के पक्के नए पुलिस कमिश्नर डा. आर के स्वर्णकार की नियुक्ति के बाद कानपुर के अपराधी माफियाओं और भ्रष्ट पुलिसकर्मी भी भयभीत हैं।

# हाँकी के महान खिलाड़ी व जादूगर पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर "राष्ट्रीय खेल दिवस" का आयोजन, ज़िले के सभी विकासखंडों में हुआ आयोजित

रायसेन। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह भारत सरकार के निदेर्शानुसार दिनांक 21 से 29 अगस्त तक ज़िले के सभी विकासखंडों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर समारोह पूर्वक मनाया गया । जिला मुख्यालय पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल परिसर में किया गया जिसमें जिला प्रशिक्षण केन्द्र विजेता एवं जिला फुटबाल संघ की टीम उपविजेता रही।

साँची विकासखंड में सीएम राइस स्कूल में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वजन वर्ग में 98 खिलाड़ियों ने भाग लिया । विकासखंड गैरतगंज मैं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें ग्रामीण युवा केंद्र विजेता एवं सीनियर क्लब की टीम उपविजेता रही ।

विकासखंड विडंबन मैं बॉक्सिंग



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नवोदित एंव सीनियर खिलाड़ियों ने अपने मुक्कों की बौछार से सभी का दिल जीत लिया ।

विकासखंड साल वाली में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बालक व बालिका दोनों ही वर्गों में ग्रामीण युवा केंद्र की टीम विजेता एवं सीएम राइस स्कूल उपविजेता रहा । देवरी में आयोजित कबड्डी एवं फुटबॉल प्रतियोगिता मैं सीनियर क्लब में जूनियर क्लब को हराकर फाइनल मैच जीता।

बरेली में हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बरेली क्लब ने ग्रामीण युवा केंद्र को पराजित कर फाइनल मैच जीता ।

मंडीदीप में आयोजित 5 ए साइट हॉकी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सुनीता चंद्रा टीम ने मधु यादव टीम को पराजित कर फाइनल मैच जीता एवं बालक वर्ग में ध्यानचंद टीम ने कैप्टन रूप सिंह टीम को पराजित कर फाइनल मैच जीता ।

# जिले की चार सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए पडोसी राज्य के भाजपा नेता टटोल रहें हैं जनता की नब्ज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 31 अगस्त )आगामी चुनाव को भाजपा फूँक फूँक कर कदम बढ़ा रही हैं जो लाँजी विधानसभा में नये चेहरे को उतारकर साबित भी कर दिया हैं कि पार्टी सिर्फ जिताऊ उम्मीदवार कों ही टिकट देगी चाहे कुछ भी हो जाये।इसी उधेड़बुन में पार्टी लगी हुई हैं जिसका हल खोजने व जनता के मूड कों समझने के लिए पडोसी राज्य महाराष्ट्र से भाजपा विधायक लगातार चक्कर लगा रहें हैं। इसी के तहत बालाघाट विधानसभा प्रवास पर आए नागपुर दक्षिण के विधायक मोहन मते ने एक सप्ताह तक विधानसभा क्षेत्र के सभी 4 मंडलो के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से मुलाकात की और विभिन्न सामाजिक संगठनो और आमजनो से सरकार और विधायक को लेकर फीडबैक लिया हैं।

विधानसभा प्रवास कार्यक्रम के बाद प्रवासी विधायक मोहन मते ने 30 अगस्त को प्रेस से चर्चा की। उन्होंने बताया कि बालाघाट में केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा हैं, जिससे आम जनता में सरकार के प्रति कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है। प्रदेश की तरह बालाघाट भी विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा हैं। बालाघाट विधानसभा में तीन ओवरब्रिज,जागपुरघाट में पुल निर्माण,धपेरा-कुम्हारी वैनगंगा नदी पर करोड़ो का पुल,मेडिकल कॉलेज की सौगात सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली,पानी को लेकर जो कार्य किये जा रहे हैं उससे निश्चित ही बालाघाट अन्य विधानसभाओं से




अग्र पंक्ति में खड़ा दिखाई देता हैं।हालांकि पत्रकार वार्ता में नागपुर दक्षिण के विधायक मोहन मते ने जनता के मूड कों लेकर बहुत संतुष्ट नजर आये। अब देखना यह होगा कि बाकी बची चार सीटों पर पार्टी फेरबदल करती हैं या पुराने चेहरों कों मौका देकर किस्मत आजमाती हैं?

उन्होंने कहा कि महिलाओ में लाडली बहना योजना और गरीब परिवारों में पीएम आवास की खुशी उनके चेहरे से बयां होती हैं। इससे जहां महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं,वही गरीबों का पक्की छत का सपना साकार हुआ हैं। केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में की गई कमी का निर्णय देश और प्रदेश की जनता के लिए सुखद हैं। सरकार ने किसानों की उपज का दाम बढ़ाकर खेती को लाभ का धंधा बनाया हैं।

विधायक मते ने कहा कि बालाघाट विधानसभा में कार्यकर्ता आगामी चुनाव को लेकर मतदान केन्द्र तक सक्रिय हैं। पार्टी का कैडर बूथ के अंतिम व्यक्ति तक अपनी पकड़ बनाये हुए हैं,जिसका फायदा आगामी चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार को मिलेगा और बालाघाट विधानसभा में भाजपा को ऐतिहासिक जीत, मंत्री गौरीशंकर बिसेन विकास कार्यों से मिलेगी।

# भद्रा नक्षत्र के चलते दिन भर राखी बांधने का इंतजार करती रही बहने, देर रात 9:00 बजे के बाद से शुरू हुआ राखी बांधने का दौर

## क्षेत्र में क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार, बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र।

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। इस बार भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का महापर्व अति उत्साह के वातावरण में मनाया गया, बुधवार को रक्षाबंधन के सुबह से लेकर शाम तक बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए बेसब्री के साथ इंतजार करते देखी गई। इसका प्रमुख कारण रहा कि कई वर्षों बाद रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर भद्र नक्षत्र की परछाई देखने को मिली भद्रा काल के चलते इस बार दिन में रक्षाबंधन का त्यौहार नहीं मनाया गया क्योंकि सनातन धर्म के वेद परंपरा के अनुसार जब भी भद्रा काल आता है तो इसमें राखी बांधना वर्जित बताया गया है । इसी के चलते पूरे क्षेत्र में भद्रा नक्षत्र की चचाएं होती रही और कई लोग इस भ्रम में पड़े रहे की इस बार भद्रा नक्षत्र में रक्षाबंधन नहीं हो पाया भद्राकाल रात्रि 9:00 बजे तक रहा इसके पश्चात सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा भगवान की पूजा अर्चना करने एवं उन्हें राखी भेंट करने के बाद रक्षा सूत्र बांधने का क्रम शुरू हुआ जो काफी देर रात तक चलता रहा देर रात्रि होने के कारण कई बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर सुबह के समय रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए बहनों में गायब का उत्साह देखने को मिल रहा था क्षेत्र में इस बात की भी चर्चा ज्यादा सुनाई दी कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अपनी लाडली बहनों के लिए उपहार के रूप में एक ड्ढ1000 की राशि दी गई थी इसके बाद ड्ढ250 की राशि और अपनी बहनों के खातों में डलवा दी जिससे रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों का उत्साह देख नहीं बन रहा था। रक्षाबंधन के दिन भी बाजार में सजी दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़भाड़ देखने में आई क्योंकि भद्रा काल के चलते लोगों ने फुर्सत के क्षणों में जरूरी सामग्री की खरीदारी की इसके पश्चात रात 9 बजे के बाद फिर रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया। रक्षाबंधन की खुशी में लोगों ने घर-घर में मीठे पकवान गूजा, पपड़ी का विशेष महत्व रक्षाबंधन पर होता है



घर-घर में उत्साह के साथ बहनों ने अपने भाइयों को जाकर रक्षा सूत्र बांधे, इसके उपलक्ष्य में भाइयों ने उपहार स्वरूप बहनों को राशि भेंट की एवं बहनों को सुरक्षा का वचन दिया गया। वास्तव में रक्षाबंधन का त्यौहार एक ऐसा त्यौहार है जो भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक माना जाता है बहन भले ही कितनी दूर हो परंतु रक्षाबंधन के दिन अपने भाई के घर आती है और रक्षा सूत्र प्रेम पूर्वक बांधती है इस समय खुशी का ठिकाना नहीं रहता पूरा परिवार एक साथ होता है और आपस में प्रेम भावना रखते हुए रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता है। रक्षाबंधन के पर्व पर एक अलग ही खुशी परिवार में दिखाई देती है।

### रक्षाबंधन के साथ गुरुवार को मनाया जाएगा कजलियां पर्व गाए जाएंगे लहंगे गीत,,

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष में दूसरे दिन आज गुरुवार को धूमधाम के साथ शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचलों में भुजरिया पर धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर और गांव में कजलियां की शोभा यात्रा निकाली जाएगी इस मौके पर प्राचीन चली आ रही परंपरा के अनुसार सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा सावन के उपलक्ष में सावन के मनभावन गीत गाकर लहंगी प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे वास्तव में रक्षाबंधन का त्यौहार तभी लगता है जब सावन के मनभावन गीत हो और ढोल नगाड़ों की तर्ज पर लहंगी का आनंद लोग उठाएं वास्तव में हमारे सनातन धर्म के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन की ताजा याद दिलाता है।

### बारिश नहीं होने से लोगों को सावन जैसा नहीं लगा,,

इस बार देखा जाए तो सावन के माह में जिस तरह से तेज बारिश का दौर शुरू होता था वैसा इस वर्ष देखने में नहीं आया हालांकि क्षेत्र में बारिश तो हुई परंतु पूरे सावन में बारिश नहीं होने के कारण पूरा सावन महीना सूखा ही निकल गया और तो और रक्षाबंधन के दिन भी बारिश नहीं हुई और भीषण गर्मी धूप की तपन से लोग परेशान होते दिखाई दिए, ऐसी स्थिति में जगह-जगह लोग चचाएं करते देखे गए की कई वर्ष बाद ऐसी स्थिति देखने में आ रही है कि सावन माह के चलते रक्षाबंधन के दिन बारिश नहीं हुई और सावन ऐसे ही निकल गया हालांकि मौसम विभाग की माने तो रक्षाबंधन पर्व के बाद भुजरिया पर्व के अवसर पर पानी गिरने की संभावना बन रही है, और ऐसा हमारे बुजुर्ग भी बताते हैं कि भले ही रक्षाबंधन के दिन बारिश न हो परंतु भुजरिया पर्व के दिन बारिश जरूर होती है। सावन में बारिश नहीं होने पर लोगों का कहना है कि भले ही सावन में बारिश नहीं हुई हो परंतु भादों के महीने में ही क्षेत्र में अच्छी बारिश हो जाए तो सभी के लिए इससे फायदा होगा।

### जेल विभाग और वृद्ध आश्रम में भी धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबंधन,,

रक्षाबंधन का त्यौहार एक ऐसा त्यौहार है जिस पर हर बहन की इच्छा होती है कि वह अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम का रक्षा सूत्र बांधे और अपने भाई को आशीर्वाद दे परंतु आज के इस आधुनिक दौर में जेल विभाग में विभिन्न मामलों में बंद कैदियों को भी रक्षाबंधन पर अपनी बहनों की याद आती है ऐसे में उनकी बहन है तो वहां नहीं पहुंच पाती परंतु समाज से की बहाने जेल में बंद कैदियों को अपना भाई मानते हुए राखी बांधने के लिए पहुंचती हैं। रायसेन जिले की जेलो में भी रक्षाबंधन के अवसर पर कुछ बहनों ने जेल पहुंचकर जेल में बंद कैदियों को रक्षा सूत्र बांधे जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसी प्रकार से जिला मुख्यालय स्थित वृद्ध आश्रम में भी कई समाज से बहने वहां रह रहे बुजुर्गों को राखी बांधने के लिए पहुंची और मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस प्रकार से रक्षाबंधन का त्योहार पूरे क्षेत्र में धूमधाम के साथ उत्साह के वातावरण में मनाया गया।

# स्नेह व मयार्दाओं की डोर है रक्षा बंधन - ब्र.कु. मंजू दीदी

## ब्रह्माकुमारीज टिकरापारा सेवाकेन्द्र में बंधवा लो भगवान से राखी कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर । यूं तो बंधन किसी को अच्छा नहीं लगता लेकिन रक्षाबंधन के पावन पर्व में सभी रक्षासूत्र के बंधन में बंधना ही चाहते हैं। वास्तव में यह केवल भाई-बहनों के लिए नहीं अपितु संसार की सभी आत्माओं की रक्षा के लिए है। रक्षा सूत्र आत्मिक स्नेह व मयार्दाओं में रहने के संकल्प का ही प्रतीक है। वर्तमान समय की आवश्यकता है रक्षा बंधन। उक्त बातें प्रभु-दर्शन भवन टिकरापारा में रक्षाबंधन के अवसर पर टिकरापरार सेवाकेन्द्र में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्र.कु. मंजू दीदी जी ने कही। उन्होंने बतलाया



कि वर्तमान संगमयुग में स्वयं परमपिता परमात्मा इस धरती पर आकर हमें पवित्रता रूपी राखी पहनाते हैं और इसी पवित्रता के आधार पर भारत में देवी-देवता धर्म के पुनर्स्थापना का दिव्य कर्तव्य करा रहे हैं।

पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालने के पश्चात ब्र.कु. रूपा बहन, ज्ञाना बहन, शशी बहन व समीक्षा बहन ने सभी साधकों को रक्षासूत्र बांधे व मंजू दीदी ने सभी को प्रसाद के साथ वरदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर व आसपास के गांवों से आए हुए साधक उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की टीम 4 सितंबर को आएगी राजधानी भोपाल

**समाज जागरण ब्यूरो**

भोपाल। मध्य प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की तैयारियों को देखने चुनाव आयोग की टीम पांच सितंबर को भोपाल के मिंटों में हॉल में जिलों में कानून व्यवस्था, मतदाता सूची सहित और विषयों को लेकर जिलों के अधिकारियों की बैठक लेगी. यह टीम तीन दिन तक भोपाल में ही रहेगी. इस दौरान भोपाल के मिंटो हॉल में यह टीम प्रदेश के सभी कलेक्टर और एसपी के साथ बैठक करेगी. मध्य प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की तैयारियां राजनीतिक दलों के साथ चुनाव आयोग भी कर रहा है. इसी सिलसिले में चुनाव आयोग की टीम चार सितंबर को तीन दिवसीय दौरे पर भोपाल आ रही है. तीन दिन तक यह टीम चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेगी. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कमार के प्रतिनिधित्व में यह टीम छह सितंबर तक भोपाल में ही रहेगी.चुनाव आयोग की टीम द्वारा पांच सितंबर को भोपाल के मिंटों में हॉल में पहली बैठक की जाएगी. इस दौरान जिलों में चुनाव की तैयारियों, कानून व्यवस्था, मतदाता सूची सहित और विषयों को लेकर सभी कलेक्टरों, भोपाल-इंदौर के पुलिस कमिश्नरों और सभी जिलों के एसपी और आईजी के साथ चर्चा करेगी.दौरे के अगले दिन छह सितंबर को मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, डीजीपी सुधीर कुमार के अलावा अपर मुख्य सचिव गृह राजेश राजौरा और सामान्य प्रशासन के साथ बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार प्लीज जानकारी से अगर स्पष्ट हो गया है कि आगामी अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में विधानसभा चुनाव को लेकर कभी भी आचार संहिता लागू की जा सकती है।

# कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन के निर्देश के बाद जागा परिवहन विभाग, अधिक किराया लेने वाले बसों पर की कार्यवाही

**समाज जागरण /शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 31 अगस्त )विगत दिनों कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने परिवहन विभाग को अधिक किराया लेने वाले बस संचालकों पर कार्यवाही का निर्देश दिए थे जिस पर विभाग कार्यवाही करते हुए लंबी दुरी पर चलने वाली कई बसों के संचालक से जुमार्ना उसूला जो तीन दिनों से लगातार जारी हैं।भोपाल और इंदौर की बस में बस संचालकों की ओर से यात्रा करने वाले यात्रियों से अधिक किराया लेने की मिली शिकायत के बाद यह कार्यवाही की जा रही हैं अब सवाल यह उठता है कि क्या विभाग कों इसकी जानकारी नहीं थी जो अभी तक सोया हुआ था या सबकुछ जानते हुए भी मजबूर बना हुआ था?हालांकि परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने आगे भी ऐसी कार्यवाही करने की बात कहीं हैं जो ध्यान देने योग्य हैं क्यों कि अधिकारियों के कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर होता हैं।






परिवहन विभाग की बसों को चेक करने की कार्यवाही तीसरे दिन 30 अगस्त को भी जारी रही। परिवहन अधिकारी ने सुबह-सुबह की भोपाल और इंदौर की बसों की जांच की। जिसमें पाया गया कि बस संचालकों द्वारा यात्रियों से निर्धारित किराया से ज्यादा किराया वसुला गया है। जिसमें परिवहन विभाग ने बस संचालकों से 21 हजार रुपए का जुमार्ना वसुला। बालाघाट से भोपाल एवं इंदौर के बीच चलने वाली यात्री बसों में त्यौहार के सीजन में यात्रियों से निर्धारित से अधिक किराया वसूले जाने की शिकायत पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 30 अगस्त को जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने अपने अमले के साथ इंदौर एवं भोपाल से बालाघाट आ रही बसों की आकस्मिक जांच की है।

जांच के दौरान यात्रियों से निर्धारित से अधिक किराया वसूले जाने पर बस संचालकों पर 21 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

उन्होंने यात्रियों से भी अपील की है कि लंबी दूरी की बस संचालकों की ओर से अधिक किराया लिए जाने पर जिला परिवहन कार्यालय बालाघाट को शिकायत प्रस्तुत करें। उनकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# दो मकानों में लगी आग से गृहस्थ सामान जलकर हुआ खाक,लाखों का नुकसान

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 31 अगस्त )नगरीय क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 गंगानगर में दो गरीब परिवारों के मकान में आग लगने से गृहस्थ सामान जलकर खाक हो गया जिससे लाखों का नुकसान होने का अनुमान हैं।

घटना 30 अगस्त की सुबह लगभग 11 बजे की है। जब गंगानगर निवासी



कौतिकाबाई घरेलू काम से बाहर गयी हुई थी,तभी इसके घर में से धुंआ उठते लोगो ने देखा जिसकी सुचना मकान मालकिन सहित फायर विग्रेड कों दी गयी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी इस अग्निकांड में कौतिकाबाई के मकान से सटे पुत्र अनिल यादव का भी मकान जल गया जिससे दोनों का लाखों का नुकसान हुआ हैं। आग लगने का स्पष्ट कारण तो पता नहीं चला हैं लेकिन अनुमान लगाया जा रहा हैं कि संभवतः शार्ट सर्किट से आग लगी होगी।आगजनी के वक्त दोनों घरों में कोई व्यक्ति नहीं होने से आग ने विकराल रूप धारण कर दोनों मकानों कों जलाकर राख कर दिया।दोनों घर हालांकि एक ही परिवार के थे जो मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे। इस आगजनी में गृहस्थ का पूरा सामान जल जाने से पीड़ित कों लाखों का नुकसान हुआ हैं जिससे परिवार के सामने रहने व खाने की चिंता होने लगी हैं।

# भद्रा के चलते आज बहनों ने भाइयों के कलाई पर बाँधी प्यार की डोर, दो दिनों तक दिखा बाजारों में रौनक

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 31 अगस्त )प्यार, विश्वास और स्नेह का त्यौहार रक्षाबंधन गुरुवार को मनाया गया इस बार ज्यादातर बहनों ने भद्रा के चलते भाइयों के कलाई पर गुरुवार को रक्षा सूत्र को बांधा जिससे भाइयों के ऊपर कोई आपदा



न आये। शास्त्रों के अनुसार भद्रा में शुभ कार्य करने की मनाही हैं इसी कारण बहनों ने भाइयों की कलाई पर भद्रा के समापन के बाद ही रक्षा सूत्र को बांध कर उनके लिए मंगल कामना किया।वहीं कुछ लोगो ने बुधवार को भी भाई बहन के त्यौहार रक्षाबंधन को मनाया।

### दो दिनों तक दिखी बाजारों में रौनक

साप्ताहिक बाजारों से लेकर नगरो तक राखी एवं मिठाई की दुकाने सजी हुई थी जहाँ खूब खरीदारी हुई। गांवो में लगने वाली साप्ताहिक बाजारों में देर रात तक खरीदारी लोगो ने किया, जिससे व्यापारियों को खूब मुनाफा हुआ।

# रक्षाबंधन के एक दिन पहले बहन से छिना भाई का प्यार,सड़क दुघर्टना में भाई की मौत परिवार में मंचा कोहराम

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। भाई -बहन खूबसबरत रिश्ता रक्षाबंधन है । रक्षाबंधन एक दिन पहले एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गई जब सड़क हादसे के दौरान एक युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । युवक की मौत होने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी सुखवेन्द्र सिंह पुत्र सोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की रात आठ बजे के करीब पीड़ित का भतीजा तमनदीप उम्र 20 वर्ष पुत्र अमरजीत सिंह अपने दोस्त तेजेन्द्र पुत्र सुरेश मेहरा




निवासी कादराबाद के साथ पैदल जूस पीने गांव विजयनगर की ओर जा रहा था। जैस ही भतीजा भूतपूर्व सैनिक इन्टर कॉलेज से आगे पहुँचा तो कादराबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने भतीजे तमनदीप उम्र 20 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें भतीजे की मौके पर दर्दनाक मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के चाचा सुखवेन्द्र सिंह की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया गया। उधर थानाध्यक्ष हम्बीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज किये जाने की पुष्टि करते हुए आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# विद्युत कटौती को लेकर 4 सितम्बर तक महापंचायत करने भाकियू का ऐलान

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ भिक्कावाला विद्युत उपकेंद्र पर पांचवें दिन भी अनिश्चितकाल धरना जारी है।वही धरने पर बैठे किसानो ने एकजुट होकर 4 सितम्बर को महापंचायत करने का ऐलान किया। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने क्षेत्र में हो रही विद्युत कटौती, गलत मीटर रीडिंग, किसानों पर झूठे मुकदमे, अधिक बिल, शहरी बिल को ग्रामीण बिल में तब्दील करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी है। ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा ने बताया की आज पांचवे दिन भी धरने पर बिजली विभाग का कोई उच्च अधिकारी नहीं पहुंचा नहीं किसानों की समस्या का कोई हल हो पा रहा है। जिसके चलते किसानों ने चार सितंबर को महापंचायत का ऐलान किया गया है। उन्होंने बताया



कि बिजली विभाग द्वारा किसानों पर झूठे मुकदमे लगाए गए हैं उनको विद्युत विभाग वापस ले तथा ग्रामीण क्षेत्र होने के चलते यहां पर गुलदार का बड़ी समस्या है जिसके चलते विद्युत विभाग रात्रि में बिजली की कटौती न करें इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी बिजली की तरह बिल देना पड़ रहा है जो कि सरासर गलत है। विद्युत विभाग पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने की आह्वान किया। पांचवें दिन धरनें पर बैठे किसानों ने समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर महापंचायत के ऐलान होने के बाद किसानों ने एकजुट होकर महापंचायत की तैयारियां शुरू कर रणनीति बनाने में जुट जाने का आह्वान किया है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के आलावा,सतीश आर्य, पूर्व प्रधान चिरंजीलाल,मनदीप रौतेला,चौधरी वीरेंद्र सिंह,रामकरण सिंह,परशुराम, अतुल शर्मा, बलराम सिंह,मलखान सिंह, सोमवीर सिंह, मनदीप रौतेला, राणा सिंह सैनी, कैलाश थपलियाल आदि किसान भारी संख्या में मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन से संबंधित पौराणिक कथाएं प्रस्तुत की।।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ में रक्षाबंधन का कार्यक्रम छात्र छात्राओं ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। बुधवार को नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने छात्र-छात्राओं को रक्षा सूत्र के महत्व से अवगत कराया तथा रक्षा सूत्र को भाई-बहन के मध्य अपार प्रेम का बंधन



बताया। साथ ही भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी से संबंधित राखी परंपरा को प्रारंभ करने वाली पौराणिक कथा छात्र-छात्राओं के समक्ष रखी। पावनी,महिमा, शिव चौहान, अफसानूर, इंशा,हिमांशु कुमार, सऊद अब्दुल्ला आदि छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन से संबंधित पौराणिक कथाएं प्रस्तुत की। विद्यालय में उपस्थित सभी सभी बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधे तथा उनका मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी उन्हें उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में राजीव कुमार गुप्ता,ओमकार सिंह, अरुणा देवी,शिखा गुप्ता,कुमारी मोनिका,कुमारी नीलक्षी आदि की सहभागिता रही ।

# जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की डीएम ने की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश।

**समाज जागरण अमेठी**

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्री/उपकरण के क्रय करने, स्टाफ की उपलब्धता, जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु 23 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोटिंग सहित अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने



एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएससी/पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी, शौचालय, पीने हेतु पानी, सफाई, बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, सीएमएस बीपी अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामप्रसाद, डीपीआरओ श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोआर्डिनेशन मेकेनिज्म सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

**समाज जागरण अमेठी**

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोआर्डिनेशन मेकेनिज्म सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग,आबकारी विभाग ड्रग्स विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में ऑनलाइन जुड़े हुये नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी से वार्ता के क्रम में यह स्पष्ट किया गया कि जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाए जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी आरके वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, बीएसए संजय तिवारी, फॉरेस्ट रेंजर, एसपीओ अमेठी, ड्रग इंस्पेक्टर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, लखनऊ के अधिकारी, आबकारी निरीक्षकगण गौरीगंज, मुसाफिरखाना तथा तिलोई उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों के बीच हार जीत मायने नहीं -जी बी यादव

## कनकूपुर गांव मे लंबी कूद प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण अमेठी**

मुसाफिरखाना में खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है खिलाड़ियों के बीच हार जीत मायने नहीं रखता बल्कि खेलों में शामिल होना महत्वपूर्ण है उक्त उद्गार यूथ कांग्रेस नेता जंग बहादुर यादव ने कनकूपुर गांव में आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता के दौरान कही।



आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ यूथ कांग्रेस नेता जंग बहादुर यादव ने फीता काट कर किया इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सबसे ताकतवर ऊर्जा है खेल तन से भी होता है राजनीति से भी एवं खेल रिश्तो से भी होता है बस तय स्वयं को करना होता है कि हमारी दिशा क्या है लंबी कूद प्रतियोगिता में अरबाज प्रथम अनस द्वितीय एवं सुनील यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को साइकिल पंखा घड़ी एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया उक्त मौके पर पूर्व प्रधान डॉ दिनेश यादव दीपक पांडे रोहित यादव सुशील कुमार रामधनी साहब लाल रामसेवक जीशान मुकेश अनीश संजीव मनीष प्रदीप दिलीप सहित अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख रामनाथ यादव के मूर्ति का अनावरण करेंगे राज्यपाल मनोज सिन्हा- सांसद नीरज शेखर

**बिकास राय**
**ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -अमरनाथ पूर्वांचल इण्टर कालेज सहजतपुर बाराचंवर के सभागार में सोमवार के दिन स्व० रामनाथ यादव आम जनता सेवा ट्रस्ट की बैठक पूर्व प्रधानाचार्य स्वामीनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व प्रमुख स्व० रामनाथ यादव के मूर्ति अनावरण से सम्बधित चर्चा हुई। बैठक के बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सासंद नीरज शेखर रहे। उन्होने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के महामहिम राज्यपाल मनोज सिन्हा जी से स्व० रामनाथ यादव जी की मूर्ति अनावरण करने के लिए मेरी बात हो गयी है। उन्होने कहा कि 9 सितंबर को दिन में दस बजे का समय मूर्ति अनावरण के लिए सिन्हा जी दिए है। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति भी बनायी गयी। गौरतलब हो कि स्व० रामनाथ यादव की मूर्ति को जब नीरज शेखर बलिया सासंद थे तभी उन्होने उनकी मूर्ति को बनवया था, तथा वह मूर्ति अमरनाथ पूर्वांचल इण्टर कालेज के प्रांगण मे आकर स्थापित हो गयी।




लेकिन राजनीतिक उथल पुथल के कारण उस मूर्ति का अनावरण नही हो पाया ।बीच में शोर मचा था कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव स्व०रामनाथ यादव के मूर्ति का अनावरण करने के लिए आयेंगे लेकिन वह भी नही आ पाये। वहीं जिले मे आकर पूर्व मंत्री स्व० कैलाश यादव के मूर्ति का अनावरण करके चले गये। एक तरह से देखा जाय तो पूर्व प्रमुख स्व० रामनाथ यादव महामहिम राज्यपाल मनोज सिन्हा जी के प्रबंधन वाले विद्यालय नर्सिंह इण्टर कालेज मोहनपुरा में अग्रेजी विषय के प्रवक्ता के पद पर कार्यरत थे तथा मनोज सिन्हा के शिक्षक गुरू भी रह चुके है। वैसे दोनो लोगो की राजनीतिक विचारधाराए अलग थी वही मनोज सिन्हा जी की विचारधारा भाजपा की है तथा रामनाथ यादव जी की विचारधारा समाजवादी विचारधारा थी। इस दौरान बृजभान सिंह बघेल,सत्यदेव सिंह,अमरनाथ यादव,अंगद यादव,अशोक यादव,राजनेत राजभर,सुवाष यादव,राधेश्याम यादव,रामदरश पाल,रामकृत राजभर,रामनिवास यादव,उमेश सिंह,श्रीप्रकाश राय,राजू सिंह,आदि लोग मौजूद रहे

# राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर ने किया आर्गेनिक फार्म हाउस का निरीक्षण

*राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर ने किया आर्गेनिक फार्म हाउस का निरीक्षण*

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर स्थित प्रगतिशील किसान एवं मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित पंकज राय के आर्गेनिक फार्म हाउस पर पहुंच कर राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर ने निरीक्षण किया। उन्होंने पंकज राय के पाली हाउस में तैयार सब्जी की नर्सरी समेत केला,करैला,भिंडी एवं अन्य सब्जी की खेती को खेत में जाकर के नजदीक से देखा एवं इस्के बारे में विधिवत जानकारी ली। उन्होंने ट्रे में नर्सरी की तैयारी को भी देखा और समझा ।सांसद नीरज शेखर ने पंकज राय के प्रयास की सराहना



की और उनको शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की समय के साथ साथ स्वास्थ्य हित में आर्गेनिक पद्धति की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ।जिन सब्जियों एवं अनाज के उत्पादन में कीटनाशक का प्रयोग हो रहा है वह सभी के लिए बहुत ही नुकसान दायक है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को आर्गेनिक विधि को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर कृष्णा नन्द राय, सम्पूर्णानंद उपाध्याय, बिनोद राय गुड्डू,संजीव राय बब्लू, श्रीप्रकाश राय,राम नरेश तिवारी,राजू सिंह पूर्व प्रधान,लाल जी यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की कलश यात्रा सोमवार 30 अक्टूबर को

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

महर्षि विश्वामित्र की नगरी बक्सर के राजपुर प्रखंड के पिपराढ में आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्री श्री 1008 गंगापुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने बताया की श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा 30 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 8 बजे निर्धारित है ।मण्डप प्रवेश एवं अरणी मंथन 31 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से निर्धारित है ।इस महायज्ञ में देश के कोने कोने से राष्ट्रीय संत पधार रहे हैं। राजस्थान के प्रसिद्ध श्री कंबल वाले बाबा का शिविर दो दिन पूर्व 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक निर्धारित किया गया है।




बुधवार को कर्नाटक से बहुत से लोग किसी युट्यूब पर भ्रामक तिथि की जानकारी पाकर पिपराढ यज्ञ स्थल पर पहुंच गए हैं। गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने बताया की कार्यक्रम के संबंध में सब कुछ निर्धारित किया जा चुका है ।और प्रचार प्रसार के हर माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है ।3 नवंबर को दिन में 12 बजे से अखिल भारतीय धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ।श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पुणार्हुति 4 नवम्बर दिन सोमवार 11 बजे से एवं विशाल भण्डारे का आयोजन ।सभी श्रद्धालुओं के रहने एवं भोजन की व्यवस्था यज्ञ समिति के द्वारा की जाएगी।

# सपा व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष बने मोहम्मद काजिम तो मीडिया प्रभारी बनी पवित्रता शर्मा

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर -समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष राजेश गोयल की संस्तुति पर व्यापार सभा का जिला उपाध्यक्ष काजिम व मीडिया प्रभारी पवित्रता शर्मा को नियुक्त किया गया मोहम्मद काजिम एक व्यापारी के साथ कर्मठ और जुझारू नेता भी हैं पिछले कई वर्षों से समाजवादी पार्टी व्यापार सभा में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं की वर्तमान में व्यापार सभा सचिव के पद पर सेवा दे चुके हैं मोहम्मद काजिम पर विश्वास जताते हुए व्यापार सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है मोहम्मद काजिम ने जिले के पदाधिकारी का धन्यवाद करते हुए



कहा है कि संगठन की नीति और संगठन के विचारधारा को जिले के हर व्यापारी तक पहुंचाएंगे और जिले में किसी भी व्यापारी का शोषण नहीं होने देंगे उन्होंने समाजवादी पार्टी व्यापार सभा को गति देने के लिए संगठन को मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत कर हर व्यापारी को जोड़ने का काम करेंगे समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के मीडिया प्रभारी बनने पर पवित्रता शर्मा ने जिला इकाई का धन्यवाद करते हुए कहा है कि मैं संगठन की विचारधारा का पूरी तरह के साथ अपने पद का सदुपयोग करूंगी और जिले में व्यापार सभा को मजबूती प्रदान करूंगी और संगठन के किसी भी व्यापारी पर अत्याचार नहीं होने दूंगी।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल- रेफर

**समाज जागरण अमेठी**

मुसाफिरखाना में क्षेत्र के पूरे पटई हाईवे निकट बाइक से आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एंबुलेंस से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के सहोदरपुर मजरे पलिया चन्दापुर निवासी सुशील कुमार तिवारी पुत्र गया प्रसाद तिवारी बाइक से मुसाफिरखाना की ओर आ रहे थे कि पूरे पटई गांव हाईवे निकट अज्ञात बहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पुरानी पेंशन बहाली को सांसद घनश्याम सिंह लोधी को सोपा ज्ञापन।

**शावेज अहमद**

रामपुर। अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने सांसद घनश्याम सिंह लोधी को पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में कहा गया हैं कि एक जनवरी 2004 के बाद देश में नियुक्त 75 लाख से अधिक शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था के अन्तर्गत लाया गया हैं जिसमें राष्ट्र एवं कार्मिकों का बिल्कुल भी हित नहीं हैं। पुरानी पेंशन व्यवस्था के अन्तर्गत अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में सेवानिवृत्त कार्मिक को दिया जाता हैं जबकि नई पेंशन व्यवस्था में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के 40 प्रतिशत लाभांश के अनुसार दी जाती हैं। पुरानी पेंशन व्यवस्था के अन्तर्गत साल में दो बार महंगाई भत्ता भी दिया जाता हैं जिससे कार्मिकों की पेंशन बढते क्रम में रहती हैं जो नई पेंशन व्यवस्था में बिल्कुल भी नहीं हैं। हुए प्रधानमंत्री को पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में पत्र लिखने व पार्टी के सभी सांसदों द्वारा सदन के पटल पर पुरानी पेंशन बहाली क



ज्ञापन में देश के 60 लाख से अधिक शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पेरामेट्रिक फोर्स के सैनिकों के भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते मांग को रखने की मांग की गई हैं। इस मौके पर अवनीश कुमार गौतम, ललवीर सिंह, जाकिर हुसैन आदि मौजूद थे।

# महिला थाना द्वारा पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक ।

**समाज जागरण अमेठी**

आज जी0जी0आई0सी0 गौरीगंज जनपद अमेठी में ह्लपुलिस की पाठशालाह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष महिला थाना द्वारा जी0जी0आई0सी0 गौरीगंज के छात्र-छात्राओं को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्रीहेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड लाइन एवं पुलिस कार्य प्रणाली जैसे आपदा प्रबन्धन, यातायात प्रबन्धन एवं यातायात नियमों आदि के बारे में जानकारी दी गयी । प्रत्येक थानों पर महिला शिकायतकर्ता के लिए स्थापित



ह्लमहिला हेल्प डेस्कह्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी,जहाँ पर कोई भी महिला/बालिका अपनी शिकायत गोपनीय तरीके से दर्ज करा सकती है । साथ साथ वर्तमान समय में चल रहें साइबर अपराध जैसे फोन काल, मैसेज, सोशल साइट्स या किसी अन्य माध्यम ओटीपी, एमपिन माँगने, फोन ईमेल, एसएमएस के माध्यम से, नौकरी, लॉटरी, बोनस आदि का लालच देने संबंधी अपराधों के बारे में व उनसे बचाव के लिये विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# तेंदुए की दहशत से लोग घरों में हुए कैद, वन विभाग कर रहा निगरानी, बढ़ाई गई सुरक्षा

बागपतः जनपद के पिलाना ब्लॉक के गांव सैदपुर खुर्द और ओंगटी में तेंदुआ आने की वजह से लोग दहशत में जी रहे हैं. गांव की सड़कों पर सन्नाटा छाया है. वहीं गांव के लोग घरों में रहने को मजबूर हैं. गांव के लोग इकट्ठें होकर एक टोली में शामिल होकर जंगल में अपने खेतों में काम करने जाते हैं. अकेले कोई भी व्यक्ति खेत में जाने को तैयार नहीं है. ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से करते हुए गांव में टीम भेजने की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि सैदपुर खुर्द, खट्टा प्रहलादपुर, हिसावदा और अन्य गांव में फिलहाल तेंदुए की दहशत से लोग परेशान हैं.कई लोगों का दावा है कि जंगल में तेंदुआ देखा गया है, जिसके बाद ग्रामीण डर के साए में जी रहे हैं. गांव में अनाउंसमेंट भी कराई जा रही है कि सभी लोग अकेले घर से ना निकले और ग्रुप में ही जंगल में काम करने पहुंचे. वहीं गांव में तेंदुए की दहशत को देखते हुए सैदपुर खुर्द ओंगटी में मौजूद प्राइमरी स्कूल को बंद कर दिया गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई को तो नुकसान हो ही रहा है और लोग भी काफी परेशान हैं.

# हंटरगंज में देवरी डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज को लेकर विरोध प्रदर्शन।

**आक्रोश रैली में जान देंगे पर जमीन नही देंगे के नारों से गुंजामय होता रहा।**

**राज्य एवं केन्द्र सरकार जल्द प्रस्ताव वापस ले अन्यथा होगा उग्र आंदोलन ।जन प्रतिनिधिगण**

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 30 अगस्त 2023:- जिले के हंटरगंज में देवरी डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज विरोध संघर्ष समिति के बैनर तले मंगलवार को एक बड़े जन आक्रोश रैली सह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आक्रोश रैली प्रतापपुर मोड़ से प्रारंभ होकर हंटरगंज बाजार होते हुए लगभाग दो किलो मीटर की यात्रा तय कर नवाडीह मोड़ होते हुए ब्लॉक मैदान में एक जन सभा में तब्दील हो गई। प्रखण्ड के दस प्रभावित पंचायतों के 107 गांव के हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर यह संदेश देने का प्रयास किया की किसी भी कीमत पर सरकार की देवरी डुमरी फिल्ड फायरिंग रेंज के मंसूबा को सफल नही होने देने का संकल्प दोहराया गया। जन प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि दलगत की भौनाओ से उपर उठ कर लोग आज इस एतिहासिक भीड़ में अपना योगदान देकर यह साबित कर दिए हैं कि अपनी जमीन बचाने के लिए आज जैसे एकीकृत हुए हैं ।वैसे ही इस आंदोलन को अमली जामा पहनाने के लिए किसी भी हद तक जाया जा सकता है ।विस्थापन की नीति भी हम ब्रादस्त नही कर सकते। प्रतिनिधियों ने हुंकार भरते हुए कहा कि यह क्षेत्र सद्भावना और अमन शांति के लिए जाना जाता है ।इसे हर हाल में बचाने का प्रयास किया जायेगा ।महिला जन प्रतिनिधियों ने कहा कि इतिहास गवाह है कि देश की स्वतंत्रता आंदोलन में जिस तरह से महिलाओं ने महती भूमिका निभाई थी आज हम सब फिर उसी मोड़ पर खड़े हैं ।महिलाओं ने कहा कि यह जान सभा साक्षी है कि ग्रामीण और गृहणी महिलाएं चूल्हा चौकी छोड़ कर अपनी जमीन बचाने के लिए आंदोलन में कुद पड़ी है ।इस लिए यह आंदोलन और भी धारदार होगा ।सरकार को हर हाल में प्रस्ताव वापस लेना होगा नही तो जमीन बचाने को लेकर कोई भी कीमत अदा करने को तैयार हैं ।फायरिंग रेंज वापस लो के नारे भी गूंजता रहा। इस मौके पर पंचायत उरैली के मुखिया संजय सिंह,तिलहेत के सोनी देवी,केदली कलां के अशोक कुमार यादव कोबना के बबलू कुमार तरवागड़ा के चमेली देवी, कटैया के नरेश यादव, पैनी कलां के बाबूनंद पासवान,सलैय्या के मनोज पासवान,दंतार के पोषण भारती,जोरी के मो शमशाद के अतिरिक्त मुखियाओ के द्वारा सीओ के माध्यम से सरकार को ज्ञापन दिया गया की इस क्षेत्र में गरीब किसान और मजदूर लोग बड़ी मुश्किल से जीवन यापन करते हैं ।साथ ही ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया है कि जमीन को जोत कोड कर लोग किसी तरह जीवन व्यतित कर रहे हैं। इस लिए इस क्षेत्र से फिल्ड फायरिंग रेंज को कहीं दुसरी जगह प्रवर्तित किया जाए ।इस आक्रोश रैली का नेतृत्व स्थानीय युवा नेता श्रीनिवास सिंह,जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी,जिप सदस्य शांति देवी,जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान, प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी,उप प्रमुख राहुल गुप्ता,अध्यक्ष मुखिया संघ अशोक यादव बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान कर रहे थे।



आक्रोश रैली और जन सभा के माध्यम से सरकार को चेताया गया की अतिशीघ्र फिल्ड फायरिंग रेंज वापस लिया जाए ।ग्रामीण जान देंगे पर जमीन नही देंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार और प्रशासन होस में आओ जिस तरह से सरकार के विज्ञापन के आलोक में जिला प्रशासन ने चिट्ठी निकाली है उसी तरह से चिट्ठी के माध्यम से निरस्त करने का सूचना निकाला जाए अन्यथा आंदोलन धार दार किया जायेगा ।सरकार की गोलियां कम पड़ जाएंगी लेकिन हम पीछे हटने वालों में से नही हैं ।स्थानीय सांसद और मंत्री को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा गया की नेता याद रखें जो हमारे दुख सुख के साथी नही हम सब उनके साथ नही हैं ।अब ग्राम की नारियां जाग चुकी हैं। अपने सुहाग,संतान और जमीन को बचाने के लिए सभी तरह की कुर्बानियां देने को तैयार हैं।

# बम-बम भोले के गगनचुंबी नारों के साथ निकली भव्य कांवड़ यात्रा।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा( झारखंड )30अगस्त2023:- जिले के कान्हाचट्टी से सावन पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वनखंडी मंदिर प्रांगण राजपुर से भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई ।कावड़ यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा शामिल हुए। ढोल-ढमाका और डीजे की धुन पर शिव भक्त झूमते दिखाई दिए। सभी शिवभक्तों ने टटरा स्थित नदी से जल लेकर सभी शिव भक्त वनखंडी मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया ।गौरतलब है कि प्रतिवर्ष यह यात्रा ग्रामीणों द्वारा आयोजित की जाती है। उसी कड़ी में इस वर्ष भी यह कावड़ यात्रा आयोजित की गई। इस बार बड़ी संख्या में शिव भक्त यात्रा में शामिल हुए हैं। यात्रा विगत 10 वर्षों से सतत निकली जा रही है। वही श्री तिवारी ने शिवभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सावन में भगवान शिव की पूजा करने से जीवन सफल हो जाता है और भक्तों को समस्त कष्टों से छुटकारा मिल जाता है. सावन में शिव की आराधना से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती। वही प्रखण्ड प्रमुख इंदू देवी ने कहा कि क्षेत्र की सुख समृद्धि, खुशहाली और सुख शांति के लिए यात्रा आयोजित की गई है। मौके पर राजपुर पंचायत के मुखिया विकास सिंह,विनय सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, इंद्रदेव दांगी,विकास कुमार दांगी,घनु दांगी,प्रकाश राम, नवल सिन्हा,संतोष दांगी,जीवलाल दांगी, मुखारविंद दांगी समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं शिवभक्त उपस्थित थे।



# स्कूली बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 30 अगस्त 2023:- जिले के प्रतापपुर प्रखंड के डुमरवार पंचायत अंतर्गत एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल रहरिया में रक्षाबंधन का पर्व उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं ने अपने हाथों से सुंदर राखियां बना कर अपने सहपाठी भाइयों के कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधी। स्कूल के डॉयरेक्टर मोजम्मिल हुसैन तथा प्रधानाचार्य कुदरत अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रंगारंग प्रस्तुति देकर बच्चों ने राखी के गीत भी गाए। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुदरत अली ने बच्चों को रक्षाबंधन के पर्व का महत्व बताया। इस मौके पर बहनों ने अपने हाथों से राखी बनाकर भाइयो की कलाइयों पर बांधकर मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए तथा उनकी रक्षा का संकल्प लिया ।विद्यालय के प्रबंधकों ने भी बच्चों को मिठाईयां खिलाई ।इस रक्षा बंधन कार्यक्रम में अरमान खान, फिरदौश खान, साहिल आलम, सैकलैन मुस्ताक , संजय कुमार, अल्ताफ हुसैन, आकाश कुमार आदि सैकड़ों बच्चे शामिल थे।



# पति के द्वारा प्रताड़ित होने पर पत्नी ने कराई पति की हत्या

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 30 अगस्त 2023 :- बिष्णुगढ़ के नवादा स्थित चरणखिया गांव में कुएं से मिली मोहम्मद आजाद अंसारी का शव बरामद किया गया , मृतक राजधनवार के लाल बाजार का रहने वाला है । मामला हत्या से जुड़ा बताया जाता है , पुलिस ने हत्या के आरोप में नवादा के शब्बीर अंसारी , पुत्र तनवीर अंसारी , बेटी शहजादा व भतिजा खादिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है । आरोपितों की गिरफ्तारी विष्णुगढ़ थाना पुलिस के सहयोग से राजधनवार व बगोदर पुलिस की संयुक्त छापेमारी में हुई , इस संबंध में धनवार थाने में मामला दर्ज किया गया था , बताया जाता है कि आरोपित शब्बीर की बेटी शहजादा का ससुराल आजाद अंसारी के गांव राजधनवार के लाल बाजार में हुई थी , आजाद पर आरोपित की पुत्री को प्रताड़ित करने का आरोप था , रोकने के बाद भी आजाद विवाहिता को तंग किया करता था इससे परेशान विवाहिता ने नवादा स्थित मायके के परिजन के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची , इसके तहत विवाहिता ने 24 अगस्त को मोहम्मद आजाद को नवादा आने को कहा । वह बुलेट से नवादा पहुंचा उसी दिन विवाहित भी बस से मायके पहुंच गई थी , विवाहिता के परिजन ने आजाद को अपनी गिरफ्त में लेकर उसी रात हत्या कर दी शव को पत्थर में बांधकर कुएं में डाल दिया । उसकी बाइक को हेसला में ले जाकर छोड़ दिया ,आजाद के घर नहीं पहुंचने पर उसके परिजन ने उस मोबाइल पर संपर्क किया तो दूसरी तरफ जवाब मिला कि वह धनबाद जा रहा है ।उसके बाद से उसका मोबाइल बंद आने लगा इसकी शिकायत करने पर राजधनवार पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी बाइक को हेसला से बरामद किया गया , वहीं नवादा जाकर पुलिस के दबीस देने पर हत्थे में आई विवाहिता । मायके वालों की निशानदेही पर शव को कुएं से बरामद किया गया। और आगे जांच किया जा रहा है।



# जयंत गांगुली का स्मृति दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया भाकपा-माले

**दैनिक समाज जागरण ,घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 30 अगस्त 2023 ;-भाकपा माले की हजारीबाग व रामगढ़ जिला कमेटी की संयुक्त बैठक हेंसालोंग पार्टी कार्यालय में की गई । जिसकी अध्यक्षता प्रदेश सचिव कामरेड मनोज भक्ति ने किया । बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा लोकल व शाखा कमेटी का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया , जन संघर्षों का निमित्त संचालन और जन आंदोलन व सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई , बैठक में 25 सितंबर को हेंसालोंग में जयंत गांगुली का स्मृति दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया । इसे सफल बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की जवाब देही दी गई , इसे लेकर एक से लेकर 15 सितंबर तक हजारीबाग में रामगढ़ जिला में अभियान चलाया जाएगा अखिल भारतीय किसान महासभा की केंद्रीय बैठक 19 सितंबर को कोडरमा में आयोजित की गई है । जिसमें रैली भी आयोजित है इस बैठक में हजारीबाग व रामगढ़ जिले से एक हजार लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की करने को कहा गया। बैठक में दिल्ली में आयोजित एपवा की राष्ट्रीय सम्मेलन को भी सफल बनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला प्रभारी जनार्दन प्रसाद , रामगढ़ जिला प्रभारी शुभेंदु सेन , देवकीनंदन बेदिया , हीरा गोप , हजारीबाग जिला सचिव पच्चु राणा , सविता सिंह ,रामगढ़ जिला सचिव भुवनेश्वर बेड़िया , सोहराय मांझी , बैजनाथ मिस्त्री , जगन्नाथ उरांव ,घनश्याम पाठक , शेर मोहम्मद , विजेंद्र प्रसाद ,महादेव मांझी , देवानंद गोप ,अशोक चौधरी ,अशोक गुप्ता ,गोविंद राम , नरेश बडाईक , लाली बेदिया , भोला सिंह , अशोक चौधरी ,जय नंदन गोप, कर्मा मांझी ,सरजू मुंडा , नीता बेदिया , सरजू बेदिया ,अमल घोष समेत सभी जिला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।



# झामुमों जिलाध्यक्ष को मिली बेल : हुए रिहा

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा( झारखंड )30 अगस्त 2023:-जिले मे झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज कुमार प्रजापति को बेल मिल गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह की अदालत से जिला अध्यक्ष को बेल मिलने के बाद मंडल कारा से उन्हें रिहा कर दिया गया। जिलाध्यक्ष को बेल मिलने के बाद झामुमों कार्यकर्ता और परिजन उन्हें लेने मंडल कारा गेट पहुंचे। जहां माला पहनाकर जिला अध्यक्ष का स्वागत कार्यकताओं ने किया। गौरतलब है कि अनाज कालाबाजारी के दर्ज पुराने मामले में जिलाध्यक्ष ने पांच दिन पूर्व न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। जिला अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध मिश्रा ने न्यायालय में पक्ष रखा था। केस से जुड़े तमाम बिंदुओं पर सुनवाई करने के बाद पीडीजे ने पंकज प्रजापति को बेल दे दिया। इस दौरान झामुमों नेता राहुल यादव व चंदन प्रजापति समेत दर्जनों कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष को लेने जेल गेट पहुंचे थे।



# राखी प्रतियोगिता में अब्बल छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

**दैनिक समाज जागरण ,साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड ) जैना मोड़े जीवन ज्योति मंदिर के सभागार में छात्र-छात्राओं के बीच राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । यह आयोजित प्रतियोगिता में जैना मोड़ के अभिभावकों ने काफी सराहना की । विधालय के प्राचार्य नकुल महतो ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया ।श्री प्राचार्य ने कहा कि आगामी वर्ष राखी प्रतियोगिता के बाद अच्छा प्रर्दशन करने वाले छात्र-छात्राओं के द्वारा निर्मित किया गया राखी का स्टाल लगाकर भाइयों के कलाई पर बंधबाने का प्रयास किया जायेगा । जिसके अंतर्गत रीचा कुमारी ,स्वेता कुमारी ,गायित्री कुमारी को मुख्य रूप से पुरस्कृत किया गया । वहीं अच्छा राखी निर्माण के लिए चुनमून कुमारी ,मनू कुमारी ,राखी कुमारी ,मुन-मुन कुमारी ,दिव्यता कुमारी ,अभिशेक कुमार ,राशी कुमारी , प्रियंका कुमारी ,आनंद कुमार ,पीयूष कुमार ,करण कुमार ,भवानी कुमारी ,मनू कुमारी , आयुष कुमार को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विधालय सचिव सह प्रबंधक सदस्य सुचांद प्रजापति , नेपाल महतो (मास्टर साहब) , सीमा सिंह , शोभा कुमारी ,सोनी कुमारी ,उमा पद रजवार , नीलम कुमारी ,वीणा कुमारी ,दीपिका कुमारी , सुजीत कुमार , सदानंद महतो आदि ने बच्चों को सम्मानित किया गया ।



# बिरसा विकास औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड )बिरसा विकास औधोगिक प्रषिक्षण केंद्र बाई पास रोड चास बोकारो में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बोकारो के विधायक बिरंची नारायण के द्वारा अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा जुलाई 2023 में 90% प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों एवं उनके अभिभावको को सम्मानित किया गया। कुछ प्रशिक्षणार्थियो ने ब्ठज मे 100% प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान एवं राज्य का नाम रोशन किया। इस वर्ष 57 प्रशिक्षणार्थियो ने 90% से उपर अंक प्राप्त किए। विधायक ने छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी षिक्षा के क्षेत्र मेंबिरसा विकास आई टी आई बहुत ही बेहतर तरीके से प्रषिक्षण देकर छात्रो को सहीमार्ग दर्षन करा रही है जिससे यहा के छात्रों को जॉब, मिलने में कठिनायॉ नही होतीहै यह संस्थान प्रषिक्षण के क्षेत्र में जिला ही नही राज्य में अव्वल स्थान है।

इस प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से छात्रो में पढाई की तरफ मनोबल बढे और उत्साह बना रहे इसकी कोषिष की जा रही है। संस्थान के संचालक शेलेश कुमार ने बताया कि हमारे संस्थान के अनुदेषक के अथक प्रयास का नतीजा है कि यहाँ पढने वाले ज्यादा से ज्यादा छात्र अच्छे अंक प्राप्त करते हैं तथा जिले ही नही राज्य का भी नाम रोशन करते हैं। यहॉ के छात्र भी काफी मेहनत करते हैं। यहॉ के छात्र को बेहतर माहोल मे प्रशिक्षण देने के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाता है। जिससे कि बहुत सारी कम्पनियॉ कैंपस के लिए आती है तथा हमारे यहॉ पढने वाले अधिकतर छात्र रोजगार प्राप्त कर लेते हैं। इसलिए यहॉ नामांकन के लिए छात्रो की भीड लगी रहती है। ब्ठज मे 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करना संस्थान ही नही अपितु राज्य के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य शीला कुमारी अनुदेषक श्रवण कुमार, गोपीचन्द सिंह, के एन प्रसाद, सुनिल साहु, मिराज, प्रमोद गोप, जितेन्द्र कुमार, भुशण, सुरूचा कुमारी, इप्सी, रेखा सिंह इत्यादि उपस्थित थे। इस सम्मान समारोह में लगभग 57 छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# पुलिस की दबीस से पांच ट्रक एवं पांच पिकप बैन में 120 गोवंश लदे बाहन को किया जप्त

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड )30 अगस्त 2023:- गिरिडीह के सरिया थाना पुलिस में सोमवार की देर रात छापामारी के दौरान सरिया थाना के समीप पांच ट्रक और 5 पिकअप बैन को जप्त किया है , जिसमें 120 गोवंश लगे हुए थे इस संबंध में सरिया थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी की सरिया बगोदर रोड होते हुए बंगाल की ओर पशु लदी गाड़ियां जा रही है सूचना मिलते ही सरिया पुलिस हरकत में आ गई और पेट्रोलिंग चालू कर दिया ।इस दौरान रात्रि के लगभग 1:00 बजे सभी गाड़ियों जो बिहार से चलकर राजधनवार होते हुए बगोदर की ओर जा रही थी सबको सरिया थाना के समीप रोका गया इस बीच ट्रक चालक भी सरिया पुलिस के गिरफ्त में आ गए , इधर जांच करने पर सभी पांच ट्रकों में 90 भैंस और भैंसा लदे हुए थे , जब कि पांच पिकअप वैन में कुछ दुधारू गाय और बैल जिनकी संख्या 30 बताई जाती है ।सभी भैंस और भैंसा को गिरिडीह स्थित पचंबा गौशाला में भेज दिया गया जबकि गोवंश को सरिया थाना में ही रखा गया है ।गोवंश ले जा रहे चालक और उनके मालिकों से पूछताछ की जा रही है।



# क्षेत्र के जनता को झारखंड मुक्ति मोर्चा का सहारा: टाइगर के बाद बेबी देवी हीं विकल्प

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड ) झारखंड सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो की धर्मपत्नी बेबी देवी डुमरी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी है। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में उनकी धर्मपत्नी को समर्थक जिताने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। ऐसे सभी प्रत्याशी जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। झारखंड विधानसभा उपचुनाव आगामी 5 सितंबर 2023 को मतदान किया जाना है। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा 30 अगस्त 2023 को एक बाइक रैली निकाली। बाइक रैली के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी देवी देवी के समर्थन मे वोट मांगे। सुरही मोड, बखरी टोला, आहरडीह तेतरियाटोला, मोटरसाइकल रैली सभी गावों का भ्रमण कर जगह जगह नुक्कड़ सभा कर इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी को क्रमांक संख्या 01 तीर धनुष छाप पर बटन दबा कर भारी मतों से विजई बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं जमीन के जिला अध्यक्ष ने कई दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरही प्रखंड उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी, पंचायत अध्यक्ष अकबर अंसारी, मारूफ हुसैन, युवा नेता शम्सजहां, इदरीश अंसारी, ऐनुल अंसारी, नियामुदीन अंसारी, सेराज अंसारी, आसिम अंसारी, ईसाक काजी, कासिम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, अयूब अंसारी, इरफान अंसारी, सगीर अंसारी, प्रवेज अंसारी, खुर्शीद अंसारी, सलीम अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, इकबाल अंसारी, सजाद अंसारी, इत्यादि उपस्थित थे। सुरही के नियुक्त प्रभारी सह जेएमएम के जिला संगठन मंत्री फैयाज आलम डुमरी विधानसभा में अपनी पूरी ताकत झोंक ते हुए दिख रहे हैं। संगठन मंत्री फैयाज आलम का कहना है कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जीत रही है लेकिन हमें अधिक से अधिक वोट इन के पक्ष में कराना है।



# रंग बदलने वाले से सावधान होकर करें तीसरे का चुनाव - असदुद्दीन ओवैसी

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 30 अगस्त 2023:- डुमरी उपचुनाव को लेकर एम आई एम आई एम के प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने डुमरी में पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद अब्दुल मोबिन रिजवी के समर्थन में केवी हाई स्कूल मैदान में लोगों से जनसंपर्क कर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार और भाजपा को चोट देना आवश्यक है । रंग बदलने वाले से सावधान रहें और तीसरे को अपना विकल्प बनाएं उन्होंने कहा कि पिछले 19 सालों से यहां के वोटर एक ही उम्मीदवार पर भरोसा जताते आए हैं उसने और राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने इस इलाके में एक कारखाना तक नहीं लगा सका नतीजा यह है कि यहां के नौजवान रोजगार के लिए पलायन को बेवश हैं हेमंत सरकार में भी मोब लिंचिंग की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार एक भी मुस्लिम के लिंचिंग का शिकार नहीं होने पर झूठ बोलती रही है। इस सरकार में एक मुस्लिम मंत्री होने के बावजूद शमशाद अंसारी और फलक खान का हत्या हो गई ओवैसी ने कहा कि अगले 5 सितंबर को जब यहां के वोटर वोट देने जाएंगे तो अपने और अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य की खातिर मोहम्मद रिजवी को विजई बनाएंगे , मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद साकिर साहब और अन्य लोग भी उपस्थित थे , ओवैसी के मुताबिक हेमंत सोरेन सरकार मुसलमानों की रक्षा उनके विकास के मामले में ईमानदार नहीं है वह केवल उनके वोट लेना चाहती है। अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए झारखंड को 155 करोड रुपए केंद्र से मिले इस पैसे से स्कूल कॉलेज अस्पताल बनाए जाते पर ऐसा हो नहीं सका , महज 5 करोड रुपए ही खर्च किए गए झामुमो विधायक सुदीप कुमार सोनू चेहरे पर दाढ़ी और सर पर टोपी रखने वाले को भेड़िया कहते हैं , उन्होंने अपनी जुबान पर जहर होने का सबूत खुद से देते हैं ।अब मतदान के समय वोटर बताएंगे कि भेड़िया शिकार कैसे करता है ।सरकार के एक मंत्री 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस के नाम पर मिठाइयां बटवाते हैं आखिर इस सरकार में क्या यही सेकुलरिज्म है उन्होंने आगे कहा की डुमरी में भय और डर की सत्ता के खिलाफ वोट की चोट करने का भी अपील की झारखंड में भी सरकार में मुस्लिम मंत्री विधायकों के होने के बावजूद अल्पसंख्यकों की अगुवाई नहीं है उन्होंने केंद्र के भाजपा सरकार को भी निशाने पर लेटे हुए लोगों से खूब खरी खोटी कहकर मोदी के खिलाफ बात रखी । और अपने पार्टी के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की।



# डुमरी विधानसभा उपचुनाव:पहचान पत्र प्रस्तुत कर मतदाता करेंगे मतदान

**दैनिक समाज जागरण ,साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड ) डुमरी विधानसभा उप निर्वाचन को लेकर मतदान होना है। आगामी 05 सितंबर 2023 को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक)प्रस्तुत करना है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## 12 अन्य दस्तावेज मान्य

मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के



उपक्रमों पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) है।

मतदाता वोटर आइडी कार्ड के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों को प्रस्तुत कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची चुनाव आयोग ने जारी कर दी है।

# आनन्दमार्गीयों ने हर्षोल्लास से मनाया प्रथम दीक्षा दिवस अनुष्ठान

## मनुष्य का जीवन,मुक्ति की आकांक्षा एवं सदगुरु का सानिध्य ये तीन चीजें दुर्लभ है।

आनन्द मार्ग स्कूल कांड्रा में श्रावणी पूर्णिमा के दिन आनन्द मार्ग द्वारा प्रथम दीक्षा दिवस मनाया गया इस मौके पर आनन्द मार्ग प्रचारक संघ सराईकेला खरसवाँ के भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन ने कहा कि मनुष्य का जीवन,मुक्ति की आकांक्षा एवं सदगुरु का सानिध्य ये तीन चीजें दुर्लभ है। मनुष्य जीवन को सार्थक बनाने के लिए साधना, सेवा,सत्संग और त्याग के राह पर गम्भीरतापूर्वक चलना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि पूर्णिमा का यह त्यौहार आनन्द मार्ग के साधकों एवं साधिकाओं के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है।आज से 83वर्ष पूर्व 1939 में आनन्द मार्ग के प्रवर्तक श्री श्री आनन्दमूर्ति जी ने श्रावणी पूर्णिमा के रात्रि में भागीरथी नदी के काशीमित्र घाट पर दुर्दांत डाकू कालीचरण बंधोपाध्याय को तंत्र दीक्षा देकर उनको देवत्व में प्रतिष्ठित किया था।

वे ही बाद में कालिकानन्द अवधूत के नाम से मशहूर हुए।



इसी श्रावणी पूर्णिमा के दिन मार्ग गुरुदेव ने नूतन आनन्द मार्गीय सभ्यता का सूत्रपात किया जो विश्व को नई रोशनी प्रदान कर रहा है।इस अवसर पर अनेक साधक साधिका अपने संकल्प को पुनःदोहराते हुए अपने जीवन रथ कोआलोकमय करने में पूरी शक्ति केसाथ लग जाते हैं

यह कार्यक्रम पूरी दुनियाभर के आनन्द मार्ग यूनिट में मनाया गया

# कुचाई के जोवाजंजीर में तीन दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का हुआ शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर कुचाई प्रखंड क्षेत्र के जोवाजंजीर फुटबॉल मैदान पर नव युवक संघ के द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का बुधवार को सोयला एफसी रामायसाल एवं रीडिंग एफसी बिरगामडीह के बीच शुभारंभ हुआ जिसकी विधिवत उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा पूर्व प्रमुख सह रूगुडीह मुखिया करम सिंह मुंडा तिलोपदा मुखिया राम सोय एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुंडा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी मनुष्य का एक विशेष अंग है। खेल एक चीज है।जो खेल के माध्यम से अपना कैरियर के साथ शरीर को स्वस्थ भी रख सकते हैं।




इस दौरान मुख्य रूप से कुचाई थाना प्रभारी चंदन कुमार विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा पूर्व प्रमुख सह रूगुडीह मुखिया करम सिंह मुंडा तिलोपदा मुखिया राम सोय झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धमेन्द्र कुमार मुंडा लखीराम मुंडा घनश्याम सोय राहुल सोय कानु सोय आदि उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर फदलोगोड़ा पूजा समिति ने की बैठक

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिलःफदलोगोड़ा दुर्गा पूजा समिति के बैठक मे हर साल की भाति इस साल भी धूमधाम एवं भव्य रूप से मां दुर्गा की पूजा करने का निर्णय लिया गया। फदलोगोड़ा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर महतो ने कहा कि हर साल फदलोगोड़ा दुर्गा पूजा जिस भव्य रूप से पूजा का आयोजन करते हुए आ रहे है उसी परंपरा को



बरकरार रखते हुए मां दुर्गा की कृपा से इस साल भी भव्य एवं धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जायेगा।इस साल पंडाल ढोल के थीम पर आधारित रहेगी जिसकी ऊंचाई लगभग 35 फीट के आसपास एवं चौड़ाई लगभग 50 फीट होगी। जिसके लिए बंगाल के कारीगर से बात हो गई है पूरे पंडाल ढोल के थीम पर आधारित होगी।इस बार मां दुर्गा की प्रतिमा पुराने जमाने के गांव के पुराने पुआल के घर से निकलकर महिषासुर के विनाश करती हुई दिखाई देंगी।जिसके लिए बंगाल से मूर्तिकार से बात हो चुकी है। साथ ही महा षष्ठी से लेकर दशमी तक सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

**दैनिक समाज जागरण (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम चाँद कुमार लायेक 30 8 2023**

समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी- सह - उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित हुई । वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम श्री पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री दीपू कुमार, एसडीएम घाटशिला श्री सत्यवीर रजक समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे । इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव तथा अन्य खनिजों के अवैध खनन के रोकथाम पर चर्चा की। पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी से कार्रवाई की जानकारी ली। उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया, साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी को बिना नंबर व ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने को निदेशित किया गया ।




### प्रदूषण सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर जोर

जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त ने क्रशरों से होने वाले प्रदूषण पर रोकथाम के भी निर्देश दिये । कहा कि वैसे क्रशर और खादान जो प्रदूषण सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, जांच करते हुए कार्रवाई करें। साथ ही संयुक्त रूप से टीम बनाकर अवैध रूप से बालू व स्टोन का उत्खनन करने वालों के खिलाफ कदम उठायें । जिला खनन पदाधिकारी से अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी में कार्रवाई में प्रगति की जानकारी ली गई । अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी व वन विभागीय पदाधिकारी को सूचनातंत्र मजबूत करने तथा आपसी समन्वय से खनन माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने का निदेश दिया गया । अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई में पकड़े जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही गई तथा नियमित जांच अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया । बैठक में जिला खनन पदाधिकारी श्री संजय शर्मा, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री धनंजय, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# गम्हरिया से पटना के लिये निकला ट्रैलर अज्ञात चोरों ने चांडिल पेट्रोल पंप से किया गायब, खरसावां में मिला ट्रेलर

-- ड्राइवर ने अज्ञात के खिलाफ सरिया चोरी करने का मामला दर्ज कराया

-- ट्रेलर में 33 टन लौहे का सरिया लोड़ था,जांच में जुटी खरसावां पुलिस

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां 28 अगस्त की रात गम्हरिया से पटना के लिये निकला एक ट्रेलर (एनएल01जी-7119) संदेहास्पद स्थिति में खरसावां में मिला। ट्रेलन में करीब 33.78 टन लौहे का टीएमटी सरिया लदे हुए थे। इस मामले में ट्रेलर के चालक शेखर झा ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराने हेतु आवेदन किया है। इधर खरसावां पुलिस इस मामले में जांच में जुट गयी है। टेल्को (जमशेदपुर) के रहने वाले ट्रेलर चालक शेखर झा ने खरसावां थाना को दिये आवेदन में कहा है कि वह जमशेदपुर के यूटीलीटी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के ट्रेलर में चालक पद पर कार्यरत है। आवेदन में कहा गया है कि 28 अगस्त की रात वह टाटा स्टील के बीके स्टील गम्हारिया से दस एमएम के दस बंडल टीएमटी सरिया ट्रेलर में लोड कर गम्हरिया से पटना के लिये निकला था। इस दौरान 28 अगस्त की रात चांडिल पहुंचने पर गाड़ी के ब्रेक डायफ्राम से हवा लिक होने का अहसास वह चांडिल स्थित एक पेट्रोल पंप में ट्रेलर को छोड़ कर अपने घर जमशेदपुर चला गया। दूसरे दिन 29 अगस्त की सुबह जब रोजाना की तरह ट्रेलर में लगे जीपीएस को चेक किया गया तो ट्रेलर का लोकेशन खरसावां बताया। इसके बाद ट्रेलर चालक जीपीएस लोकेशन के आधार पर खरसावां पहुंच कर देखा कि एक स्कूल कीनारे 15-16 की संख्या में कुछ लोग ट्रेलर से सरिया उतार रहे है। इसके पश्चात उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही ट्रेलर से सरिया उतार रहे लोग वहां से भाग गये। चालक शेखर



झा ने खरसावां थाना में आवेदन कर पूरे मामले का भांडाफोड़ कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरी ओर थाना प्रभारी पिंटू कुमार महथा के नेतृत्व में खरसावां पुलिस की टीम लौहे के टीएमटी सरिया व ट्रेलर को जब्त कर ली है। थाना प्रभारी पिंटू कुमार महथा ने बताया कि ट्रेलर चालक शेखर झा के आवेदन पर मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे मामले का उदभेदन कर दिया जायेगा।

# फतेहपुर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी, खुला डिग्री कॉलेज का पोर्टल

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता**
**विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर जामताड़ा (झारखंड)**

फतेहपुर नाला विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के सदप्रयास के कारण अब फतेहपुर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्यत्र भटकना नहीं पड़ेगा। बजाप्ते इसके लिए अब फतेहपुर स्थित डिग्री कॉलेज का एडमिशन पोर्टल भी खुल चुका है। जहां से मैथ, फिजिक्स ,केमिस्ट्री, हिंदी, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, कॉमर्स विषय में बीए, बीएससी, बीकॉम ऑनर्स के साथ बच्चे एडमिशन ले पायेंगे और उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। वहीं 6 सितंबर को डिग्री कॉलेज का भव्य उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष के हाथों किया जाएगा।

# रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय माराफारी में उत्सव के साथ मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण ,साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड ) उत्क्रमित मध्य विद्यालय माराफारी, बांसगोड़ा में दिनांक 30 अगस्त 2023 दिन बुधवार को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। समाजसेवी कुमार अमरदीप ने कहा कि रक्षाबंधन भाई -बहन के स्नेह एवं भारतीय संस्कृति का प्रतीक है । बहनें, भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। वह भाई की आरती उतारती है। ईश्वर से उसके सुख-शांति व वैभव की कामना करती है। भाई ,बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। साथ ही बहन को उपहार देता है । उन्होंने कहा कि पार्थ सारथी एवं थिलकम ने सरकारी विद्यालय में अध्यनरत बच्चियों के लिए 200 राखी की व्यवस्था की। प्रभारी प्राचार्य विपिन बिहारी प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी। छात्रों ने छात्राओं को उपहार प्रदान किया । मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# यूथ डेवलपमेंट एंड वेलफेयर फाउंडेशन ने पटनिया धर्मशाला यादोरायडीह में किया कांवरियों का सेवा

**समाज जागरण अरविन्द यादव**

देवीपुर /देवघर (झारखंड)यूथ डेवलपमेंट एंड वेलफेयर फाउंडेशन सुल्तानगंज से देवघर की ओर जाने वाले कांवरियों का पटनिया धर्मशाला यादोरायडीह में किया सेवा जहां पर डाक कांवरियों के लिए डाक बम तथा बोल बम के लिए नींबू पानी ठंडा पानी गर्म पानी नींबू चाय दर्द निवारक गोली फल इत्यादि देकर सेवा किया संस्था के सचिव दिवाकर कुमार ने बताया की संस्था क्वालिटी एजुकेशन स्किल डेवलपमेंट वुमन एंपावरमेंट एंप्लॉयमेंट जेनरेशन आर्ट एंड कल्चर , खेलकूद इत्यादि क्षेत्र में कार्य कर रही है उनका कहना है की आधुनिक और तकनीकी दौर में लोग अपने आप में इतना व्यस्त हैं कि लोगों में प्रेम भाव खत्म होता जा रहा है जिसके लिए युवाओं में सेवा भाव और प्रेम भाव जागृत करने के लिए हर साल यह सेवा शिविर लगाया जाता है आज के सेवा में उपस्थित दिवाकर कुमार , गुलाबी यादव विद्या वाहिनी पब्लिक स्कूल का प्रधानाचार्य ज्योति कुमारी,सनी कुमार झा रानी झा ज्ञानी कुमारी शिक्षक,भीष्म कुमार, अरविंद कुमार रामप्रसाद कुमार पिंटू कुमार अरविंद कुमार मनोहर कुमार मुकेश कुमार एवं विद्या वाहिनी



पब्लिक स्कूल के सभी विद्यार्थी गण उपस्थित थे जहां सब ने मिलकर कांवरियों का खूब सेवा किया और इस सेवा के दौरान आनंद का अनुभव किया।

# वोट सही और योग्य को देकर प्रतिनिध का चयन करें

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी**

बुधवार को फतेहपुर प्रखंड के साल बागान मे ऐतिहासिक जन शैलाव की जमावड़ा रहा । झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति के आयोजन फतेहपुर प्रखण्ड ईकाई के बदलाव संकल्प महासभा ने किया । इसमे मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो ने कहा कि बहुत सी बलिदान के बाद झारखण्ड राज्य 2000 को अलग राज्य का दर्जा मिला ।पहला राज्यपाल प्रभात कुमार ने कहा था झारखण्ड 20 वर्ष मे देश के प्रथम विकसित राज्य बनेगा ।मगर 23 वर्ष होने के बाद भी विकासशील मे 20वे 25वे स्थान पर है । क्या यही विकास है।यहा भी काजू की खेती होता है।उसका भी व्यवस्था करना चाहिए स्थानीय विधायक को। हमे मा और माटी का चयन करने को बोले तो हम माटी को चयन करेंगे, क्योंकि मा को एक दिन जाना है हमको भी जाना भी है मगर माटी तो सदासर्वदा रहेगी।धनबाद एक दिन हरा-भरा था आज क्या हो गया ।यहा भी जमीन के नीचे बहुत कुछ है सिर्फ



जानकारी की अभाव है ।साइबर क्राइम के नाम से जामताड़ा विख्यात है हम पुरजोर साइबर का बिरोधी हैं।लेकिन माइंड का दात देते है अगर यहा के बच्चे को इंजीनियरिंग सेक्टर्स मे लगाया जाय तो जामताड़ा विकसित जिला मे तब्दील हो जायेगा ।हम वोट करते है विधायक जताते है हमारा बेटा बेटी बहन पढ़ लिख कर नोकरी करेंगे ।लेकिन जामताड़ा मे एक भी बीएड कालेज नही है ।विधान सभा से लेकर लोक सभा तक अपना हक अधिकार क-।आवाज उठाने के लिए शिक्षित का चयन करना है। यहा के विधायक स्पीकर को 60 :40 को 80:20 ही नजर आता है ।मौके पर आयोजक कमेटी के अध्यक्ष रघुबीर यादव, कार्यक्रम प्रभारी रामचंद्र महतो, उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी चक्रधारी चौधरी, समाजसेवी उत्तम कुमार शिलाजीत , मोहम्मद अजहर, शांतिमय रूज,गिरिधारी यादव, अनुकूल यादव , सरोज कुमार, राजकिशोर यादव, बबलू महतो, मंतोष महतो,माथुर महतो, शांति लोहार, सचिव शान्ति गोपाल महतो सोरेन , आलोक कुमार, राजीव यादव हारून अंसारी आदि जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य मौजूद रहे।

# मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने स्व. प्रभु महतो की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजली

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता ,**

धनबाद झ्र मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने आज पुटकी चौक पर स्व प्रभु महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी ' इस अवसर पर मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी एवं मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे ' मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने



कहा कि स्वर्गीय प्रभु महतो झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे ' जिन्होंने झारखंड अलग राज्य की मांग को लेकर पुटकी क्षेत्र में काफी सक्रिय भूमिका निभाई ' मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि स्वर्गीय प्रभु महतो कोलियरी क्षेत्र में फैले माफिया तत्वों के खिलाफ जोरदार आंदोलन एवं संघर्ष किया ' क्षेत्र के मजदूर - किसानों की शोषण - दोहन करने वाले ताकतों के खिलाफ हमेशा अपने आवाजों को बुलंद किया ' उनके संघर्षों का मिसाल आज भी पुटकी बलियारी क्षेत्र के आम नागरिकों के जेहन में है ' माल्यार्पण कार्यक्रम में मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, सुखलाल महतो, राजेश रवानी, संतोष महतो, किशोर महतो आदि शामिल थे '

# कोलकाता मेट्रो रेलवे, लंदन, मॉस्को, बर्लिन, म्यूनिख और इस्तांबुल मेट्रो के अत्याधुनिक विशिष्ट क्लब में शामिल होने को तैयार

### भारतीय रेलवे की कोलकाता मेट्रो स्टील थर्ड रेल को कम्पोजिट एल्यूमीनियम थर्ड रेल में परिवर्तित करने की योजना

### कुल 35 किमी मेनलाइन स्टील थर्ड रेल को विभिन्न चरणों में स्थापित किया जाएगा

इससे ऊर्जा लागत में कमी आएगी, 35 किमी मेट्रो कॉरिडोर के लिए 210 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश की सीधी बचत होगी

24 अक्टूबर 1984 को भारतीय रेलवे द्वारा निर्मित भारत की पहली मेट्रो- कोलकाता मेट्रो रेलवे लगभग 40 वर्षों से कोलकाता की जीवन रेखा के रूप में कार्य कर रही है।

कोलकाता मेट्रो रेलवे में, मेट्रो रेक को बिजली की आपूर्ति स्टील थर्ड रेल के माध्यम से 750वी डीसी पर रोलिंग स्टॉक को की जाती है। मेट्रो रेक पर लगा स्टील से बना थर्ड रेल करंट कलेक्टर (टीआरसीसी) थर्ड रेल से विद्युत प्रवाह एकत्रित करता है। कोलकाता मेट्रो रेलवे पिछले 40 वर्षों से स्टील थर्ड रेल का उपयोग कर रहा है। कोलकाता मेट्रो रेलवे ने अब स्टील थर्ड रेल के साथ मौजूदा कॉरिडोर में रेट्रो फिटमेंट के साथ-साथ निर्माण के लिए किए जा रहे सभी आगामी गलियारों में कम्पोजिट एल्यूमीनियम थर्ड रेल का उपयोग करने का निर्णय लिया है। इस अत्याधुनिक बदलाव के साथ कोलकाता मेट्रो रेलवे अब लंदन, मॉस्को, बर्लिन, म्यूनिख और इस्तांबुल मेट्रो के समान आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो जाएगा और इन्हीं के क्लब के सदस्य के रूप में शामिल हो जाएगा। इन स्थानों में भी स्टील थर्ड रेल से एल्यूमीनियम थर्ड रेल में मेट्रो परिवर्तित हुई है।

इस संबंध में, मेट्रो रेलवे कोलकाता ने दमदम से श्यामबाजार के बीच के खंड को कवर करने के लिए पहले



चरण में मौजूदा थर्ड रेल के प्रतिस्थापन के लिए एक निविदा जारी की है। दूसरे चरण में श्यामबाजार से सेंट्रल और जेडी पार्क से टॉलीगंज तक काम शुरू किया जाएगा। तीसरे चरण में महानायक उत्तम कुमार (टॉलीगंज) से कवि सुभाष (न्यू गरिया) के बीच के खंड पर काम शुरू किया जाएगा।

# मुखिया सादमुनी देवी की निधन पर दुख प्रकट करने पहुंचे सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो

**दैनिक समाज जागरण**

बालियापुर : मासस पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो मुखिया सादमुनी देवी के निधन की सूचना पाकर दुख प्रकट करने उनके गांव पहुंचे। आनंद बाबू दुख प्रकट करते हुए कहा सादमुनी मुखिया के साथ साथ एक समाज सेविका भी थी । इनका निधन से पंचायत वासियों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ जिसका भरपाई होना असंभव है। सादमुनी जी हमेशा सामाजिक काम में आगे रहती थी । एक महिला होकर भी पंचायत का खूब खयाल रखती थी।

मुखिया जी के निधन पर शोक प्रकट किये मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी , प्रमुख



प्रतिनिधि विजय रजक , मुखिया प्रतिनिधि सुनील महतो उत्तराखंड कार्यकारी अध्यक्ष देवाशीष पांडे मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो चंदन भूमिहार दिनेश महतो शीतल दत्ता आदि सभी ने दुख प्रकट करते उनके आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किए ।

# धनबाद के उपायुक्त ने राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता, धनबाद झारखंड**

धनबाद झराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उपयुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंट को देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



उपायुक्त ने बॉडी बिल्डिंग (इंटरनेशनल) के लिए माधवी बिलोचन, थांग ता के लिए एसएसएलएनटी विद्यालय टेलीफोन एक्सचेंज रोड की समृद्धि कुमारी व डॉक्टर जेके सिन्हा मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग की पूनम कुमारी, डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआइ की खुशी कुमारी तथा दोबारी कोलियरी बस्ती के गुड्डू भुइया की पुत्री सिमरन कुमारी को आर्चरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया।

इससे पूर्व उपायुक्त ने जिनका नाम मतदान सूची में नहीं है वैसे लोगों को मतदान सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए बीएलओ से संपर्क कर या वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा देश के लोकतंत्र को मजबूत करने की शपथ दिलाई।

मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती पूर्णिमा कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी श्री दिलीप कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

# यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी एक्शन प्लेटफॉर्म

रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी के अंतर्गत नए अमेरिका-भारत रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एक्शन प्लेटफॉर्म (आरईटीएपी) को लॉन्च करने के लिए 29 अगस्त, 2023 को अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) और भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के बीच एक बैठक हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति महामहिम जोसेफ आर बाइडेन और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बीच वाशिंगटन डीसी में 22 जून, 2023 की बैठक में आरईटीएपी की घोषणा की गई थी, जब दोनों नेताओं ने स्वच्छ ऊर्जा में तेजी लाने के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों पर सहयोग के विस्तार की घोषणा की थी। यह लॉन्च दोनों नेताओं के विजन को वास्तविकता में बदलने के लिए था। डीओई के उप सचिव श्री डेविड टर्क और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव श्री भूपिंदर सिंह भल्ला के नेतृत्व में आरईटीएपी की स्थापना परिणाम-आधारित, समयबद्ध प्रौद्योगिकी पर ध्यान देने के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए की गई थी। इसका उद्देश्य नई और उभरती नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तैनाती और प्रचार को आगे बढ़ाना है। आरईटीएपी का प्रारंभिक फोकस हरित/स्वच्छ हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा, लंबी अवधि के ऊर्जा भंडारण पर होना है और भविष्य में पारस्परिक रूप से निर्धारित भू-तापीय ऊर्जा, महासागर/ज्वारीय ऊर्जा और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों का पता लगाना है।